आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 164 | उज्जैन, सोमवार 29 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 15 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### वेनेजुएला में फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया

**वेनेजुएला।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में रविवार को फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। यूरो-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक भूकंप का केंद्र अरागुआ तट के पास समुद्र में 30 किलोमीटर की गहराई में था। यह भूकंप 24 जून को आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद शनिवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया था। वेनेजुएला में अब तक 1430 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 3300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के 72 घंटे बाद करीब 68,900 लोग अब भी लापता हैं और मलबे में फंसे लोगों की तलाश की जा रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भूकंप के बाद शुरू के 48 से 72 घंटे ही सबसे जरूरी होते है। इस समय लोगों को बचाने की उम्मीद ज्यादा रहती है। कई इलाकों में राहत टीमों की कमी के कारण लोग परिजन को ढूंढने के लिए खुद मलबा हटा रहे हैं।

### ब्रिटेन में तेलंगाना के युवा की संदिग्ध मौत, पार्टी में गया था

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के 25 साल के श्रीनाथ रेड्डी की ब्रिटेन में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह करीब 14 महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई के लिए लंदन गए थे और लीसेस्टर की डी मॉन्टफोर्ट यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे थे। परिवार के मुताबिक, 22 जून की रात श्रीनाथ ने घर पर बात की थी और सब कुछ सामान्य था। इसके बाद वह एक बर्थडे पार्टी में गए थे। अगले दिन 23 जून की सुबह उनके रूममेट ने उन्हें मृत पाया। रूममेट ने दोस्तों को बताया कि श्रीनाथ ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। हालांकि, मौत की वजह को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। श्रीनाथ के पिता मधुसूदन रेड्डी ने केंद्र और तेलंगाना सरकार से बेटे का शव जल्द भारत लाने में मदद की अपील की है। वहीं, ब्रिटेन की ओर से अब तक मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

### थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे शरवरी और वेदांग



**मुंबई।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' सिनेमाघरों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म के मुख्य कलाकार शरवरी और वेदांग रैना दर्शकों के साथ एक स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होने थिएटर पहुंचे। फिल्म को मिल रहे अच्छे रिस्पॉन्स को देखकर शरवरी ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट शेयर कर फैंस का शुक्रिया अदा किया है। यह फिल्म भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौर के बैकग्राउन्ड पर आधारित एक इमोशनल ड्रामा है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदारों में हैं। थिएटर विजिट की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए शरवरी ने दर्शकों का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि कुछ कहानियां क्रेडिट रोल होने के बाद खत्म नहीं होतीं। वे हर इमोशन, हर बातचीत और सोशल मीडिया रील्स में जिंदा रहती हैं। शरवरी ने आगे लिखा कि दर्शकों ने जिया और कीनू (फिल्म के किरदार) को अपने दिल में जगह दी और इस फिल्म को पूरी तरह अपना बना लिया। उन्होंने प्रशंसकों के एक सोशल मीडिया ट्रेंड को रीक्रिएट करके उन्हें थैंक्यू कहा। इससे पहले 'मैं वापस आऊंगा' को पाकिस्तान से भी तारीफ मिल चुकी है।

### पाकिस्तान के कराची में पैरामिलिट्री हेडक्वार्टर पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में शनिवार रात आतंकियों ने सिंध रेंजर्स के पैरामिलिट्री हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। हमला रात करीब 8.30 बजे गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में हुआ। इसमें चार रेंजर्स की मौत हो गई। जवाबी कार्रवाई में छह आतंकी मारे गए, जबकि एक आतंकी को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकी गाड़ी से मैन गेट तोड़ते हुए परिसर में घुसे। इसके बाद उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे कई धमाके हुए। करीब 90 मिनट तक चली मुठभेड़ के बाद स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट, एंटी टेररिस्ट फोर्स और रेंजर्स ने सभी हमलावरों को काबू कर लिया। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, हमलावर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के धड़े जमात-उल-अहरार से जुड़े थे।

### ट्रम्प बोले- ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर उन्होंने कहा लगता है ईरान कभी नहीं सुधरेगा, लेकिन हम और संयम नहीं बरत पाएंगे। एक समय ऐसा भी आ सकता है जब हमें उस सैन्य अभियान को पूरा करना पड़ेगा, जिसकी शुरूआत हमने बहुत सफल तरीके से की थी। अगर ऐसा हुआ तो ईरान का अस्तित्व ही नहीं बचेगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक नौसेना ने ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। ये हमले होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी ठिकानों पर किए गए। यह कार्रवाई एम/टी किकु नाम के तेल टैंकर पर हुए ईरानी ड्रोन हमले के जवाब में की गई है। दूसरी ओर, ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने कुवैत के अली अल सलेम एयर बेस और बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट बेस पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया।

### सिया-चेतन के सामने केतन मर्डर का सीन रीक्रिएट किया गया

**पुणे।** पुणे मर्डर केस में पुलिस ने रविवार को केतन को लोहगढ़ किले से गिराने का सीन रीक्रिएट किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए पुलिस सुबह 6.30 बजे दोनों आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को लोहगढ़ किले लेकर पहुंची। टीम करीब 2.30 घंटे किले पर रही। डीएसपी गजानन टोंपे ने कहा आज सुबह हम सिया गोयल को घटनास्थल पर लेकर आए। उसके बताए अनुसार पूरे घटनाक्रम का सीन रीक्रिएशन किया। इसके लिए केतन के समान वजन का एक डमी तैयार किया गया, ताकि घटना को उसी तरह दोहराकर जांच की जा सके। इस बीच केस में पुलिस ने नया खुलासा किया कि सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने गूगल पर लोहगढ़ किले के डेथ पॉइंट सर्च किए थे। वहां तक पहुंचने का रास्ता और खाइयों की भी जानकारी जुटाई थी।

मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान, संसद को संबोधित किया, बोले-

# सेशेल्स से हमारा 256 साल पुराना रिश्ता, 5 भारतीयों से हुई इसकी शुरूआत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'गार्जियन ऑफ ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोदी को अब तक 34 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिल चुका है। सम्मान मिलने पर पीएम मोदी ने सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी का आभार जताया।

पीएम मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि सेशेल्स से भारत का रिश्ता सिर्फ 50 साल पुराना नहीं है, बल्कि इसकी शुरूआत अगस्त 1770 में हुई थी। जब 'थेलेमाक' जहाज से यहां 5 भारतीय पहुंचे थे।

**पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को अब तक 3 बड़े सम्मान, इससे पहले मई 2026 में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी खाद्य एवं कृषि संगठन ने उन्हें एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया था**



मोदी ने कहा कि जब लोग दुनिया का नक्शा देखते हैं, तो उन्हें सेशेल्स हिंद महासागर में बसे कुछ छोटे-छोटे द्वीपों का एक समूह दिखाई देता है। लेकिन हमारे लिए सेशेल्स सिर्फ द्वीपों का समूह नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने और लंबे समय तक पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में किए गए काम के लिए मिला है। पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को अब तक 3 बड़े अवार्ड मिल चुके हैं। इससे पहले मई 2026 में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी खाद्य एवं कृषि संगठन ने उन्हें एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया था। संयुक्त राष्ट्र ने साल 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड' प्रदान किया था।

### मोदी ने कोको डी मेर पौधा लगाया

कोको डी मेर का पौधा और इसका फल सिर्फ सेशल्स पर ही प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इसके फल के अंदर मिलने वाला बीज दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे भारी बीज माना जाता है। एक अकेले बीज का वजन 15 से 30 किलोग्राम तक हो सकता है। कोको डी मेर के नर और मादा पेड़ अलग-अलग होते हैं। मादा फल महिला के कूल्हे जैसा दिखाई देता है। इसे 'डबल कोकोनट' भी कहा जाता है। वहीं, नर फूल पुरुष के जननांग जैसा दिखता है। इस अनूठी बनावट के कारण सदियों से इस पौधे को लेकर कई तरह की लोककथाएं और पौराणिक कहानियां प्रचलित हैं। इस पेड़ को वयस्क होने और फल देने में 20 से 40 साल का समय लगता है। एक फल को पूरी तरह पककर तैयार होने में 6 से 7 साल लग जाते हैं। यह पेड़ बेहद लंबी उम्र जीता है; माना जाता है कि ये 200 से 350 साल तक जीवित रह सकते हैं। प्राचीन काल में, जब यह फल समुद्र में तैरता हुआ मालदीव या भारत के तटों पर पहुंच जाता था, तो लोग सोचते थे कि यह समुद्र के तल में उगने वाले किसी जादुई पेड़ का फल है।

# मानसून 22 राज्यों में पहुंचा, एमपी में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत

## आज यूपी में एंट्री संभव, राजस्थान में पारा 43 डिग्री के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, सात राज्यों में तेज गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में पारा 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया।

मध्य प्रदेश में आंधी और बारिश के बीच शनिवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग झुलस गए। शिवपुरी में तेज हवा से कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। एक ढाबा और मकान ढह गया। कार, बाइक और पेट्रोल पंप को नुकसान पहुंचा।

रतलाम में बारिश से सड़कों और अंडरब्रिज में पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में भी बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। राजस्थान के 16 जिलों में बारिश हुई। बिहार के बेगूसराय, बांका समेत 6 जिलों में तेज बारिश हो रही है। मुजफ्फरपुर में 1 घंटे की बारिश से कई जगह पानी जमा हो गया है। मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। यूपी में मानसून 9 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है, लेकिन इस बार 16 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका हुआ है।



### 7 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40 डिग्री पार

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और गुजरात के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा राजस्थान के फलोदी में 43.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं यूपी के आगरा और प्रयागराज में 43.2 डिग्री, हरियाणा के भिवानी में 43 डिग्री, एमपी के उमरिया में 42 डिग्री, दिल्ली में 41.9 डिग्री और गुजरात के राजकोट में 40.9 डिग्री रहा। यूपी के अलीगढ़ में गर्मी की वजह से 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी-8 आरोपियों के घर पुलिस की छापेमारी



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ, एक ही वक्त पर आरोपियों के घर पर दबिश दी। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पड़ोसियों से सवाल-जवाब किए। छापेमारी के दौरान चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। कुछ देर बाद टिन्नू की मां मौके पर पहुंचीं और ताला खोला। पुलिस ने अंदर जांच पड़ताल की।

एमपी में 65 डीएसपी के तबादले

### हॉक फोर्स में 18 अफसर पदस्थ, ग्वालियर, उज्जैन के सीएसपी बदले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश में गृह विभाग ने शनिवार रात 65 पुलिस अफसर के तबादले किए हैं। राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के तबादले में ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, पीथमपुर के नगर पुलिस अधीक्षकों के साथ ही भोपाल और इंदौर में इसी कैडर के अफसरों की शहरी क्षेत्र में पदस्थापना की गई है।

आदेश में बालाघाट में हॉक फोर्स में भी डीएसपी स्तर के 18 अफसरों को सहायक सेनानी पदस्थ किया है। इसके अलावा बालाघाट जिले में ही एसडीओपी के पद पर भी 4 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी पदस्थ किए हैं।

जिन अधिकारियों को बालाघाट जिले में हाफ फोर्स में पद्धति किया है उसमें उदित मिश्रा, अभिलाष कुमार भलावी, आकाश अमलकर, रवि सोनेर, उमेश प्रजापति, रितेश कुमार शिव, रविंद्र सिंह राठी, आयुष कुमार अलावा, सचिन पटेल, कुंदन मंडलोई, राहुल कुमार सय्याम, अक्षय चौधरी, अतुल कुमार सोनी अमन मिश्रा रोहित राठौर राकेश आर्य शामिल हैं। वहीं, बालाघाट में दीपक तोमर एसडीओपी लांजी बालाघाट, चंद्रशेखर पांडे एसडीओपी बैहर बालाघाट, अभिषेक गौतम एसडीओपी परसवाड़ा, बालाघाट पदस्थ किए गए हैं।

### सऊदी अरब में हेलिकॉप्टर क्रैश, 14 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब के रास तनुरा में रविवार को दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोग सऊदी अरब के ही नागरिक थे। हालांकि, क्रैश की वजह की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सऊदी अरामको दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। यह सऊदी अरब सरकार के स्वामित्व में है। इसकी स्थापना 1933 में अमेरिकी कंपनियों के साथ समझौते के तहत हुई थी। 1980 में यह पूरी तरह सऊदी सरकार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी का मुख्यालय धहरान में स्थित है। अरामको के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है और यह प्रतिदिन लाखों बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है, जिससे यह वैश्विक ऊर्जा बाजार की प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गई है।

### सबरीमाला के सोना विवाद पर घिरी केरल सरकार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के देवस्वोम एवं स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा कि जो लोग सबरीमाला मंदिर से कथित रूप से सोना गायब होने के मामले में आलोचना कर रहे हैं, उन्हें अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित फंड हेराफेरी के मामले पर भी सवाल उठाने चाहिए। पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन करने के बाद मंत्री ने किसी राजनीतिक दल या संगठन का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग हर दिन केवल सबरीमाला मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधते हैं।

15 विदेशी यूनिवर्सिटी को भारत में कैंपस खोलने की मंजूरी

# पढ़ाई का खर्च 30-40% तक कम होगा, अगस्त में होगा शुरु

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अब विदेशी यूनिवर्सिटी की डिग्री लेने के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं होगी। केंद्र सरकार अब तक 15 विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी कर चुकी है। इनमें ज्यादातर कैंपस अगस्त से पहला बैच शुरू करेंगे।

शुरूआती चरण में हर कैंपस में 200 से 250 छात्रों को दाखिला दिया जाएगा। अगले पांच सालों में इसे बढ़ाकर हर कैंपस में सालाना 1,000 से 1,200 छात्रों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन, ब्रिस्टल, यॉर्क, इलिनोइस टेक, लिवरपूल और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान अपने कैंपस खोल रहे हैं। मौजूदा सत्र के लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं।विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय कैंपस में पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री पूरी तरह उनके होम कैंपस के वैश्विक मानकों के मुताबिक होगी।



### भारत में किन विदेशी यूनिवर्सिटी के कैंपस खुलेंगे?

यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन (मुंबई), ब्रिस्टल (मुंबई), लिवरपूल (बेंगलुरु), यॉर्क (मुंबई), इलिनोइस टेक (मुंबई) और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी (दिल्ली) कैंपस खोल रही हैं। मौजूदा सत्र के लिए 10 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। 12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत और ग्रेजुएशन में 55 प्रतिशत से 70 प्रतिशत अंक जरूरी होंगे। बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी में 70 प्रतिशत से 85 प्रतिशत अंक होने पर क्ष्छळर देने की जरूरत नहीं होगी। पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री पूरी तरह होम कैंपस के मानकों के मुताबिक होगी। पहले चरण में अक् कंप्यूटर साइंस और रळएट विषयों पर फोकस रहेगा। एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 1 से 2 सेमेस्टर विदेश में पढ़ सकेंगे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पौधारोपण

पर्यावरण संरक्षण को लेकर शहर की संस्था ही नहीं इससे संबंधित विभाग एवं प्रशासनिक स्तर पर इस मानसून के दौरान पौधारोपण को लेकर कागजों में बडी तैयारी बताई जा रही थी। कुछ दिनों पहले तक इस तैयारी पर बडे दावे किए जा रहे थे और महाआयोजन में इसके लाभ की बात कही जा रही थी। मानसून के आगमन के साथ ही इस पर अमल होना चाहिए था और युद्ध स्तर पर ही इसे अंजाम दिया जाना चाहिए था। मानसून के आगमन को करीब 5 दिन व्यतीत हो चुके हैं। इसके बाद भी वृह्द स्तर पर अब तक इस पूरे मिशन को अंजाम देने जैसी स्थिति कहीं भी देखने सूनने में नहीं आ रही है। कुछ विभाग एवं नगर की संस्था तो पौधों को लगाने के लिए अधिक स्थान का चयन करने में भी उलझी हुई थी । उनकी और से पौधारोपण का आंकडा तो बहुत बडा जारी किया गया था लेकिन उसे लगाएंगे कहां उस पर भी शेष योजना अब तक साझा नहीं हो सकी है । प्रारंभिक स्थिति ही सामने आ सकी थी। लाखों पौधों के रोपण का दावा तो फिर भी कायम ही रहा है तो इन पौधा रोपण के स्थानों का भी जिक्र होना ही चाहिए। महाआयोजन के क्षेत्र में भी अभी सडकों का विकास होना है। सिवरेज लाईन और पानी की लाईन डलने के लिए हाल ही में निविदा जारी हुई है। ऐसे में सडकों के विकास के साथ अभी सिवरेज एवं पाईप लाईन डलने के बाद ही सडकों के किनारे पौधारोपण हो सकेगा। इससे साफ हो रहा है कि इस वर्ष तो यह काम प्रस्तावित सडकों के किनारे तो संभव नहीं है। कुछ अन्य क्षेत्रों में ही संभव रहेगा। घाटों का निर्माण वर्तमान में प्रचलित है ऐसे में वहां भी पौधों का रोपण ऐसे क्षेत्रों में ही हो सकता है जहां सुरक्षित स्थिति हो और वह अभी संभव नहीं दिख रही है। ऐसे में यहां भी जो संख्या मानी गई थी उसके अनुसार पौधारोपण संभव नहीं माना जा सकता है। खुसूर-फुसूर है कि नदी किनारे 29 किलोमीटर घाट क्षेत्र में तो अभी पौधारोपण किया जाना यानिकी उससे कुछ हासिल नहीं होना है। महाआयोजन क्षेत्र में प्रस्तावित सडकों के किनारे भी यही हाल होना है। अब शेष हिस्से में ही पौधारोपण होना है जो कि महाआयोजन में भूमि पूत्रों के हिस्से का ही अधिकांश है।

## न्यूज कॉलम

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की मालवा प्रांत की बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली की मालवा प्रांत की बैठक 26 जून को माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन में प्रांत अध्यक्ष एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु डॉ अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक ।के मालवा प्रांत के 13 से जिलो के 17 महिला सहित कुल 68 कार्यकताओं की उपस्थित रही। बैठक में राष्ट्रीय और क्षेत्रिय स्तर के प्रांत में निवासरत राजीव पण्ड्या, सुनीता जोशी, गीता नायक, राम सागर मिश्रा, ओम शर्मा का मार्गदर्शन मिला, बैठक में सुनील पंड्या, डॉ. हरीश व्यास, डॉ. नीरज सरवन, यशवंत गोयल पूरी बैठक का संचालन नवीन टीम के द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय शिक्षा दिवस प्रांत में 124 स्थानों पर 150 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। सभी विषयों के संयोजकों ने अपनी टोली और उसकी बैठकों का अंतराल तय किया। विषय अनुसार कार्यक्रम और गतिविधियों का वृत्त भी रखा गया। बड़वानी और झाबुआ में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए समविचारी संगठनों को साथ ले कर कार्य प्रारंभ किया गया, उसकी प्रस्तुति हुई।

### योग शिविर में सत्संग और ध्यान से कराया आत्मबोध

**उज्जैन।** जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली की विभिन्न योजनाओं के तहत चलाए गए साप्ताहिक विधिक जागरूकता और साक्षरता अभियान का समापन शनिवार को किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से जुड़ा यह अभियान 21 से 27 जून तक प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक किया आयोजित गया। समापन पर गुरुदेव अतीत ने उपस्थित साधकों को सत्संग और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध और आत्मचिंतन का संदेश दिया। विशेष न्यायाधीश एपीएस चौहान ने गुरुदेव का सम्मान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार भाटी ने भी गुरुदेव का आभार व्यक्त किया।

देवास के खिवनी अभ्यारण्य के जंगलराज में बदली सत्ता

# अब पर्यटकों को नहीं दिखेगा युवराज, भोपाल भेजा गया

## वर्चस्व की जंग में हारा युवराज, खिवनी पर नए टाईगर का राज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



संभाग के देवास जिला अंतर्गत खिवनी वन्य जीव अभ्यारण्य में जंगलराज की सत्ता का परिवर्तन हो गया है। कल तक वहां बाद्य युवराज का राज चलता था अब उसी सत्ता पर नया बाद्य काबिज हो चुका है। दोनों के बीच जंग में 11 वर्षीय युवराज हार गया और उसे घायल अवस्था में वन विभाग ने रेस्क्यू कर भोपाल के वन विहार में छोडा है। युवराज एवं मीरा की जोडी खिवनी में आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण बन गई थी।

खिवनी वन्य जीव अभ्यारण्य में पर्यटकों की पहली पसंद बन चुके और पर्यटकों को देखकर सामने आने वाले बाद्य युवराज को अब यहां से प्रबंधन ने हटा दिया है। बाद्य युवराज को अभ्यारण्य प्रबंधन ने शुक्रवार को घायल अवस्था में लंगडाते हुए देखा था। इसके बाद उसे शनिवार को वन विहार भोपाल एवं देवास के दल ने कडी मशक्त के बाद रेस्क्यू आपरेशन किया गया। घायल बाद्य युवराज को बेहोश किया गया और उसे भोपाल शिफ्ट कर दिया। खिवनी अभ्यारण्य अधीक्षक विकास माहौर के अनुसार संभवतः नए बाद्य से वर्चस्व की लडाई के दौरान युवराज घायल हुआ है। उसकी उम्र करीब 10-11 वर्ष थी। वैसे विभाग में बाद्यों के नाम टी-1 या इस तरह से रहते हैं। हमारे यहां नाम बहुत कम ही रखे जाते हैं। ये भी संभव है कि मेटिंग के सीजन में नई मादा बाद्य के साथ आए नए बाद्य और इसके बीच वर्चस्व की जंग हुई हो। भोपाल कालियासोत से लेकर,सिहोर से बाद्यों का मुवमेंट खिवनी में होता है। खिवनी पिछले 8-10 सालों में बाद्यों के लिए प्राकृतिक प्रजनन केंद्र के रूप में विकसित हुआ है।

### अगले पैर घायल मिले

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने जंगल गश्त के दौरान युवराज को लहूलुहान और लंगडाते हुए देखा था।उसके अगले पैरों पर नाखूनों के ताजा जख्म थे। वन्यजीव व्यवहार के अनुसार, वर्चस्व की लड़ाई में बाघ हमेशा एक-दूसरे के पंजों को निशाना बनाते हैं। इससे प्रतिद्वंदी शिकार नहीं कर पाता। उम्रदराज होने के कारण युवराज नए युवा बाघ की फुर्ती का मुकाबला नहीं कर सका। उसके नाखून टूट गए। उसके पैर डैमेज हो गए। वह शिकार करने और चलने में अक्षम हो गया। अब उसकी सल्तनत पर नए बाघ का आधिपत्य हो गया है।

### रेस्क्यू के दौरान नया बाद्य ने दी दस्तक

वन विभाग का दल जब शनिवार को युवराज को रेस्क्यू आपरेशन चला रहा था उस दौरान भी नये बाद्य ने नजदीक में ही दस्तक दी थी। तत्काल ही दल ने उसे वहां से भगा दिया था। अधीक्षक श्री माहौर इस बात की पुष्टि करते हैं। इधर इस मामले में वन्यजीव विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों से चर्चा किए जाने पर उनका कहना था कि वर्तमान समय इनके मैटिंग का रहता है। ऐसे में खिवनी की बाद्यिन मीरा के दो छोटे बच्चे हैं और नई बाद्यिन के क्षेत्र में आने पर 10-11 साल के युवराज की नए बाद्य से वर्चस्व की जंग में हार हुई। इसी में युवराज की सत्ता खिवनी के जंगल राज से सिमट गई।

**15 सालों में बदला खिवनी-** मध्यप्रदेश के पहले वन्यजीव अभ्यारण्य के तौर पर खिवनी को 1983 में पंजीयन किया गया था। सिहोर एवं देवास जिले के क्षेत्र के इस अभ्यारण्य में वन्य जीवों एवं मानव संघर्ष की स्थिति नहीं के बराबर है। पिछले 15 वर्षों में यहां बाद्यों की सीधी आवाजाही बढी है। वर्ष 2018 से अभ्यारण्य को बाद्यों के अनुकुल स्थितियां मिलने पर धीरे-धीरे यहां संख्या बढती गई। जंगल में उनके लिए पर्याप्त पानी एवं अन्य संसाधन मुहैया कराने पर स्थितियां पक्षधर बनती चली गई। 2022 तक वन्य जीवों एवं खासकर बाद्यों के लिए काम किए जाने पर स्थिति इतनी अनुकुल हो गई कि अभ्यारण्य को बाद्यों ने प्राकृतिक प्रजनन केंद्र के रूप में ग्रहण कर लिया।

# विष्णु वाटिका उजड़ी, झूले गायब... फिसल पट्टियां भी टूटी

## देखरेख के अभाव में खत्म हो रहा वाटिका का आकर्षण, बच्चों की सुरक्षा पर भी मंडरा रहा खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राम जनार्दन मंदिर के पास स्थित विष्णु वाटिका इन दिनों बदहाली का शिकार होती नजर आ रही है। यहां बच्चों के खेलकूद के लिए लगाए गए अधिकांश संसाधन या तो टूट चुके हैं या पूरी तरह गायब हो गए हैं। नियमित देखरेख के अभाव में वाटिका का आकर्षण लगातार कम होता जा रहा है।

**बगीचे की हरियाली भी हो रही खत्म-** केवल खेलकूद के संसाधन ही नहीं, बल्कि वाटिका का बगीचा भी उजड़ता जा रहा है। पूरे परिसर की सुंदरता प्रभावित हुई है और पहले जैसी रौनक अब दिखाई नहीं देती। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि विष्णु वाटिका में टूटे और गायब हो चुके खेल उपकरणों को शीघ्र बदलकर नए संसाधन लगाए जाएं। साथ ही नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और वाटिका का आकर्षण बरकरार रहे।





### झूले गायब, फिसल पट्टियां हुई क्षतिग्रस्त

वाटिका में बच्चों के लिए लगाए गए झूले गायब हो चुके हैं, जबकि फिसल पट्टियां कई जगह से टूट गई हैं। इनमें बड़े-बड़े छेद हो गए हैं, जिससे बच्चों के घायल होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा अन्य खेल उपकरण भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं।

### हर दिन पहुंचते हैं बड़ी संख्या में लोग

राम जनार्दन मंदिर के पास स्थित विष्णु वाटिका में प्रतिदिन सुबह और शाम बड़ी संख्या में लोग सैर करने और बच्चों के साथ समय बिताने पहुंचते हैं। लेकिन खेल उपकरणों की खराब स्थिति के कारण बच्चों को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे लोगों का रुझान भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

## राम मंदिर खजाने की लूट के दोषियों पर दर्ज हो एफआईआर

**उज्जैन।** अयोध्या के राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े दोषियों को यदि सरकार क्लीन चिट देती है, तो यह करोड़ों हिंदुओं की धर्म भावना और आस्था की हत्या के समान होगा। अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म रक्षा मोर्चा ने राम मंदिर के खजाने में कथित लूट को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। संगठन ने मांग की है कि दोषियों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

मोर्चा के संगठन मंत्री किशन पांडे ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में सवाल उठाया है कि चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव जैसे वर्तमान ट्रस्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, राम जन्मभूमि मुक्ति मोर्चा या भारतीय जनता पार्टी में से किस संस्था से जुड़े हैं, यह केंद्र सरकार स्पष्ट करे। देश-विदेश के हिंदुओं को यह जानने का अधिकार है।

## हनुमान वाटिका आश्रम में आयोजित समारोह में शहर के प्रमुख वैष्णव संत हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के अध्यक्ष और बाबा श्री मणिराम दास छावनी के पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित वैष्णव कुल भूषण संत शिरोमणि स्वामी श्री महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज का जन्मोत्सव शहर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन हनुमान वाटिका आश्रम में हुआ, जहां उज्जैन के सभी प्रमुख वैष्णव संत और महात्मा एकत्रित हुए।

चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर की गई भगवान की आरती

समारोह के दौरान संतों ने भगवान की विशेष आरती की और महंत श्री नृत्य गोपाल दास जी महाराज के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर उनके दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम के आयोजक हनुमान वाटिका आश्रम के महंत श्री राघवेंद्र दास जी ने समारोह में पधारे सभी संतों का स्वागत और सत्कार किया। जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर सभी संतों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में रामानंदीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास, महंतभगवान दास, महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंह दास, महंतदिग्विजय दास, महंतरामचंद्र दास, महंतअनुपम राम रामस्नेही, महंतकाशी दास महंत हनुमान दास, महंतहरिहर दास, महंतपरमेश्वर दास, महंत आनंद दास, महंत तुलसी दास आदि उपस्थित हुए।



**उज्जैन। होमगार्ड डीजी प्रज्ञा रिचा ने वृद्धा महाकाल में पूजन अर्चन किया। पूजन पंडित आकाश रावल ने संपन्न कराया।**

## उज्जैन में शिप्रा नदी का जल स्तर बढ़ा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन, इंदौर, देवास और आसपास के क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही मध्यम से तेज बारिश ने स्थानीय नदियों और नालों का जल स्तर बढ़ा दिया है। विशेष रूप से शिप्रा नदी, जो इन क्षेत्रों में आस्था का मुख्य केंद्र है, उसका जल स्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। इससे शिप्रा तट पर स्थित घाटों और मंदिरों तक जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई है। लोग सावधानी बरतते हुए स्नान, पूजा और दान-पुण्य कर रहे हैं, जबकि प्रशासन ने भी सतर्कता बरतने और संभवतः राहत उपायों को लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे प्रभावित इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

इस बीच, मां शिप्रा तैराक दल घाटों पर अपनी निशुल्क सेवाएं दे रहा है और यात्रियों की मदद कर रहा है। लोग सावधानी बरतते हुए स्नान, पूजा और दान-पुण्य कर रहे हैं, जबकि प्रशासन ने भी सतर्कता बरतने और राहत उपायों को लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे प्रभावित इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

दिग्विजय सिंह ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले किए

# मोरवाल हमेशा से ही जनता की सेवा करते आए हैं और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में साथ रहते है : दिग्विजयसिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बड़नगर आगमन पर भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। ऊँकार-लीला पैलेस, बड़नगर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने गगनभेदी नारों और गाजे-बाजे के साथ अगवानी की व पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत सुत की माला पहनाकर व पगड़ी पहनाकर किया। इसके साथ ही ग्राम इंगोरिया, बलेडी, दंगवाड़ा, नरसिंगा, दौलतपुर, पीरझालार और बिरगोदा रणधीर, भैसला कलां, में भी पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ दिग्विजय सिंह का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने स्वर्गीय राधेश्याम मुंडेल के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके चित्र माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

### संबोधन में बरसे दिग्विजय सिंह, भाजपा की नीतियों पर उठाए गंभीर सवाल

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले किए। संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने देश और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए कहा की आज पूरे देश की आस्था के केंद्र अयोध्या के राम मंदिर में जिस तरह की अव्यवस्था और चोरी की खबरें आ रही हैं, वह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की पीठ थपथपाते हुए कहा कि मोरवाल हमेशा से ही जमीन पर रहकर जनता की सच्ची सेवा करते आए हैं और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में 24 घंटे खड़े रहते हैं।

कार्यक्रम के आयोजक और पूर्व विधायक मुरली मोरवाल जी ने अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा दिग्विजय सिंह हमारे मार्गदर्शक हैं। हमने बड़नगर के कार्यकर्ताओं की भावना को ध्यान में रखकर जब भी उन्हें आमंत्रित किया, उन्होंने हमेशा अपने व्यस्त समय में से वक्त निकालकर हमारे मान-सम्मान को बढ़ाया है। वे कार्यकर्ताओं के सच्चे हितैषी हैं।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, विधायक दिनेश जैन बोस, शहर कांग्रेस उज्जैन अध्यक्ष मुकेश भाटी, माया राजेश त्रिवेदी, हेमन्तसिंह चैहान, हेमन्त उपाध्याय, ठाकुर महेन्द्रसिंह राणावत, ठाकुर भानुप्रतापसिह राठोर, नारायणसिंह राठोर, जनपद सदस्य नरेन्द्रसिंह राठोर, राधेश्याम परमार, अशोक जादव, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करण मोरवाल, बार एशोशिएसन अध्यक्ष करण राठोर, पप्पु पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, रामलाल माली, पार्षदपति अमित जाट मांगूसिंह राठौर (अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक बड़नगर), दिनेश पटेल (अध्यक्ष किसान कांग्रेस शहर बड़नगर), भानुप्रतापसिंह राठौर (अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक इंगोरिया), निलेश शर्मा (अध्यक्ष सेवादल ब्लॉक बड़नगर), वनिशराज कटारिया (अध्यक्ष सेवादल शहर बड़नगर), मुस्ताक खान (अध्यक्ष सेवादल इंगोरिया ब्लॉक), भारत चैधरी (अध्यक्ष सेवादल खरसोदकलां ब्लॉक), संदीप बैरागी (उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा बड़नगर), प्रवीण वडछा , राहुल सोलंकी , अखलाख शेख , इकबाल पटेल (अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस इंगोरिया ब्लॉक), शरीफ शाह (अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आदि उपस्थित हुए संचालन पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने किया उक्त जानकारी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला ने दी।

अट्ठाईसवीं बरसी



महरुम मोहम्मद हुसैन सा.
इंतकाल
29 जून 1998

28 वीं बरसी पर अकीकत पेश करते हैं
बहुत जल्दी की जाने की यही गम है।
चले गए आप आज भी आंखें नम हैं।

अकीकत के फूलों के साथ
शकील बस सर्विस परिवार सदस्य मित्रगण

पुत्र- महरूम शकील एहमद पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद बड़नगर जाकीर हुसैन शाकिर हुसैन हाजी शाहिद एहमद पौत्र सद्दाम हुसैन शाहरुख एहमद मुशरान एहमद मोहम्मद फरदीन मोहम्मद जिशान जुनेद दानिश मोहम्मद आयान

फर्म - शकील बस सर्विस बड़नगर जिला उज्जैन मध्य प्रदेश
मो. नं. 94254 94961, 94240 16299, 94240 15861

CMYK

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 29 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### नदियाँ जीवनदायिनी है उसे प्रदूषण से बचाएं : मंत्री प्रह्लाद पटेल

**इंदौर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। यहाँ करीब 700 नदियों का उद्गम है। नदियाँ जीवनदायिनी है, वे हमें जल के साथ जीवन भी देती है। अतः नदियों का संरक्षण जरूरी है। सभी नदियों में वर्षभर शुद्ध जल प्रवाहित होता रहे, इस पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। नदियों को प्रदूषण से बचाएं। बड़ी संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण को बेहतर बनाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुएं, बावड़ियों की विशेष साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही तालाबों और कुँओं का गहरीकरण भी किया जा रहा है। मंत्री श्री पटेल शनिवार को एक निजी होटल में एक टीवी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपना संबोधन दे रहे थे।


### क्षेत्रों में लगातार हो रहे है प्रगति और विकास के कार्य -डॉ.खाड़े

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश विकास और प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर है। प्रदेश वन, खनिज सम्पदा में समृद्ध है। सिंचित कृषि क्षेत्र का रकबा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश को लगातार सात बार कृषि कर्मण अवार्ड मिल चुके है। प्रदेश के आम, केला, ईमली, चावल, मालवी आलू सहित अन्य कृषि उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग की उपलब्धि मिली है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े आज एक निजी होटल में रिपब्लिक भारत टीवी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपना संबोधन दे रहे थे। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आगे है। धार जिले के बदनावर में निमार्णाधीन पीएम टेक्सटाइल पार्क के बन जाने के बाद प्रदेश के विकास को नये पंख लगेंगे।

### 300 वर्ष पुरानी बावड़ी में जल अर्पित कर जल संरक्षण का दिया संदेश

**इंदौर।** जनपद पंचायत सांवेर की ग्राम पंचायत कदवाली बुजुर्ग में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का शुभारंभ ग्रामीण महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा गांव की लगभग 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी तक पहुंची, जहां महिलाओं ने विधि-विधान से जल अर्पित कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया।

### इंदौर बनेगा देश का नया टेक्सटाइल एवं गारमेंट हब



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का महत्वाकांक्षी पीएम मित्रा पार्क धार का तेजी से विकसित हो रहा है। लगभग 2,156 एकड़ में विकसित किए जा रहे देश के सबसे बड़े पीएम मित्रा पार्क में उद्योग स्थापना हेतु आवश्यक अधोसंरचना निर्धारित समय-सीमा के अनुसार तैयार की जा रही है। लगभग 2,063 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए अब तक 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनसे 46,000 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। प्रथम एवं द्वितीय चरण में 1,100 एकड़ से अधिक भूमि उद्योगों को आवंटित की जा चुकी है तथा तीसरे चरण के भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। परियोजना के विकास कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पार्क के लिए विद्युत वितरण लाइसेंस प्राप्त हो चुका है, जिससे उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। इसके साथ ही बाह्य विद्युत अधोसंरचना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा पार्क में आंतरिक सड़कों, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं अन्य सिविल अधोसंरचना के निर्माण कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुंच रहे हैं। उद्योगों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है, ताकि निवेशक शीघ्र उत्पादन प्रारंभ कर सकें।

### इंदौर में तीन दिवसीय नि:शुल्क रिहायशी शिविर का आयोजन

**इंदौर।** मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित बच्चों एवं युवाओं के समग्र स्वास्थ्य, पुनर्वास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से सोसाइटी फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, इंदौर द्वारा इंडियन एसोसिएशन फॉर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, सोलन के सहयोग से एम.डी. वॉरियर्स तीन दिवसीय निःशुल्क रिहायशी शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 3 से 5 जुलाई 2026 तक महेश्वरम, रिंग रोड, रेडिसन ब्लू के पीछे, इंदौर में आयोजित होगा। मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एक गंभीर एवं प्रगतिशील आनुवंशिक बीमारी है, जिसमें शरीर की मांसपेशियां धीरे-धीरे कमजोर होती जाती हैं। समय के साथ प्रभावित व्यक्ति दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर हो सकता है।

### आईआईटी इंदौर कौशल विकास को देंगे नई दिशा

**इंदौर।** शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर की प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी एवं ट्रेनिंग, प्लेसमेंट एवं अपरेंटिसशिप एडवाइजर विपिन पुरोहित ने 27 जून 2026 को आईआईटी इंदौर के 14वें दीक्षांत समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने आईआईटी इंदौर की विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा दोनों संस्थानों के मध्य कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, नवाचार एवं विद्यार्थियों के क्षमता संवर्धन हेतु एमओयू की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि आईटीआई इंदौर एवं आईआईटी इंदौर के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण, नवाचार एवं अनुसंधान-आधारित अधिगम के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

---

हम्माल संघ ने दी विरोध की चेतावनी तो बेलगाम हुआ मंडी प्रशासन

## अनोखा वाकया : छावनी अनाज मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद

### हम्माल-तुलावटी संघ मंडी में दो घंटे विरोध प्रदर्शन करना चाहते थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हम्माल-तुलावटी संघ मंडी में दो घंटे विरोध प्रदर्शन करना चाहते थे। इसके जवाब में मंडी प्रशासन खुद बंद और हड़ताल पर उतर आया। यह अनोखा वाकया इंदौर की संयोगितागंज (छावनी) अनाज मंडी में हुआ।

मंडी के अधिकारियों ने अनिश्चितकाल के लिए छावनी मंडी को बंद करने का लिखित आदेश जारी कर दिया। शनिवार दिनभर मंडी में कारोबार नहीं हुआ, किसान और व्यापारी परेशान होते रहे। मंडी के भीतर पड़े एक खाली प्लाट को लेकर हम्माल नेताओं ने मंडी प्रशासन से सवाल पूछा था। इसके बाद मंडी प्रशासन की त्योरियां चढ़ गई और प्रशासन ने ही मंडी बंद करवा दी। शनिवार को जब माल लेकर किसान और नीलामी में भाग लेने व्यापारी पहुंचे तो उन्हें मंडी बंद देखकर हैरानी हुई। अधिकारियों ने बताया कि मंडी में आगामी आदेश तक व्यापार नहीं होगा। इसके बाद व्यापारी व किसानों ने जानकारी निकाली तो पता चला कि इंदौर हम्माल फेडेरेशन ने 27 जून को दो घंटे मंडी में कामकाज बंद रख विरोध प्रदर्शन की सूचना जारी की थी।

इस सूचना पत्र से भड़के मंडी प्रशासन ने आदेश निकाल दिया कि मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद की जाती है। इसके बाद मंडी में हम्मालों का विरोध प्रदर्शन तो नहीं हुआ लेकिन मंडी प्रशासन के बंद के आदेश से किसान-व्यापारी परेशान होते रहे।

#### इसलिए भड़का प्रशासन

दो दिन पहले मजदूर संघे और हम्माल फेडरेशन के पदाधिकारी राजू प्रजापति ने मंडी प्रशासन को शिकायत की थी कि मंडी में गोडाउन नंबर 50 के पास खाली पड़े करीब 2000 वर्गफुट के प्लाट पर किसी ने जाली लगाकर कब्जा किया है और व्यापारी उसका उपयोग कर रहा है। प्रजापत शिकायत लेकर मंडी के उपसचिव दिलीप रायकवार के पास पहुंचे। इस पर रायकवार ने हम्माल संघ के पदाधिकारी से कहा कि मंडी समिति की अनुमति से काम हो रहा है साथ ही सवाल पूछने पर प्रजापति को झिड़क दिया। इस पर नाराज हम्मालों ने मंडी सचिव को पत्र सौंपा कि वे शनिवार को दो घंटे काम नहीं करेंगे। बदतमीजी करने और सवाल पूछने से रोकने वाले उपसचिव से माफी मंगवाई जाए। हम्मालों ने सूचना पत्र मंडी सचिव ओम खेड़े को सौंपा दो खेड़े ने पत्र जारी कर दिया कि नए तुलावटी हम्मालों की नियुक्ति होगी और मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद की जाती है। इस आदेश पर अब बखेड़ा खड़ा हुआ तो मंडी सचिव इसे किसान हित में लिया निर्णय करार दे रहे हैं। जबकि किसान संघ भी मंडी सचिव के आदेश के विरोध में है।



#### किसान हित में निकाला आदेश

इंदौर मंडी में जब जो चाहे विरोध प्रदर्शन कर देते हैं। हम किसानों के हित से कोई समझौता नहीं करना चाहते। हम्मालों ने धमकी दी थी तो हमने निर्णय लिया। हालांकि अब कोई विषय नहीं है। सभी पक्षों से बैठकर बात करेंगे।

-ओम खेड़े, इंदौर मंडी सचिव

**उपसचिव ने बदतमीजी की और अपमान किया-** मंडी की जमीन पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण की शिकायत करने पर उपसचिव ने बदतमीजी की और अपमान किया। उस पर हम सिर्फ दो घंटे काम बंद रख रहे थे तो सचिव ने सभी हम्मालों को हटाने के साथ मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद करवा दी।

**-राजू प्रजापत, हम्माल नेता**

---

6 यात्री लहूलुहान, पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

## ब्रेक फेल होने से डंपर में पीछे से जा भिड़ी बस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के नावदा पंथ क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। इंदौर से उज्जैन जा रही एक यात्री बस गधा टेकरी के पास पीछे से डंपर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार छह यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि हादसा गधा टेकरी के पास हुआ। इंदौर से उज्जैन जा रही बस सड़क पर चल रहे डंपर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी



तेज थी कि बस में बैठे कई यात्रियों को चोटें आईं।

हादसे में प्रकाश (पुत्र मांगीलाल), शोभा, भूपेंद्र (पुत्र मोतीलाल), रितू, दिलीप (पुत्र बंशीलाल), घनश्याम नाथ और दिनेश घायल हुए हैं। सभी इंदौर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एमवाय अस्पताल भेजा गया। बस ड्राइवर का कहना है कि बस के ब्रेक नहीं लगने के कारण वह डंपर से टकरा गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस के तकनीकी परीक्षण सहित हादसे के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि बस के ब्रेक वास्तव में फेल हुए थे या दुर्घटना के पीछे कोई अन्य वजह थी। टीआई के मुताबिक ट्रक में मिट्टी भरी हुई थी।

---

3 महीने में उखड़ी सड़क, हो गए गड्ढे

## 120 करोड़ का आरओबी पहली बारिश ही नहीं झेल पाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुनारखेड़ी फाटे के पास 120 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की गुणवत्ता पर पहली ही बारिश ने सवाल खड़े कर दिए हैं। मार्च में जिस लेन को बड़े दावों के साथ यातायात के लिए खोला गया था, उसकी सड़क तीन महीने के भीतर ही उखड़ गई।

करीब 175 मीटर हिस्से में डामर उखड़ने से गड्ढे बन गए हैं, जिससे हाईवे पर गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। मामले के सामने आते ही निर्माण एजेंसी ने आनन-फानन में पेचवर्क शुरू करा दिया। नेशनल हाईवे पर रेल क्रॉसिंग को देखते हुए डेढ़ किमी लंबे आरओबी का निर्माण 2024 में शुरू किया था। निर्माण के दौरान इसे डेढ़ साल में पूरा करने का दावा किया था। लेकिन समय पर यह काम पूरा नहीं हो सका।

23 मार्च को यहां पीथमपुर से धार तक टॉवर वैगन इंजन से टेस्टिंग होना तय हुआ था। टेस्टिंग को देखते हुए ताबड़तोड़ काम किया और एक लेन पूरी कर यहां यातायात शुरू कर दिया। आरओबी पर काम कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि इस आरओबी की डिजाइन सिंगल लेन की है। इसमें रेलवे द्वारा सिंगल लेन पर ही वाहनों का आना-जाना कराया। इसमें दबाव बढ़ने के कारण जल्दी डामर उखड़ गया, जिसका पेचवर्क शुरू हो गया है।

---

## बिना अनुमति चल रही थी पार्टी, 6 लोगों पर दर्ज की एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर के लसूड़िया थाना पुलिस ने बिना प्रशासनिक अनुमति आयोजित की जा रही एक पार्टी पर कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को किराए के मकान में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पार्टी करते मिले।



एसीपी पराग सैनी के मुताबिक, 27 जून की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि भवन स्कूल के पास तुलसी नगर स्थित एक मकान में बिना अनुमति इवेंट आयोजित किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां करीब 25 से 30 युवक-युवतियां पार्टी में शामिल मिले।

पूछताछ में आयोजकों की पहचान दुर्गेश राघव, प्रिंस प्रजापति, हर्षित राजानी, नीतू कुशवाह और आकांक्षा मरापे के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि आयोजन के लिए किसी भी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी।

जांच में यह भी सामने आया कि पार्टी के लिए मकान Airbnb के माध्यम से किराए पर लिया गया था। मकान उपलब्ध कराने वाले नमन पांडे से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने किरायेदारों की जानकारी संबंधित थाना पुलिस को नहीं दी थी। इसके बाद पुलिस सभी संबंधित लोगों को थाने ले गई और बिना अनुमति इवेंट आयोजित करने तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## इंदौर में बढ़ रहे दूषित खानपान परौसने के मामले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में दूषित और मिलावटी खानपान का मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पिछले एक माह में दूषित भोजन को लेकर शिकायतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पहले प्रतिदिन चार शिकायतें मिलती थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर करीब 10 तक पहुंच गई है।

यानी पहले पूरे माह में 120 शिकायते होती थी, लेकिन अब यह आकड़ा बढकर 300 पहुंच गया है। सबसे ज्यादा शिकायतें होस्टलों, कालेजों की मेस और रेस्टोरेंट से जुड़े खाने की सामने आ रही हैं। इन शिकायतों में खराब सब्जियां परोसना, भोजन में कीड़े निकलना और खाना खाने के बाद लोगों के बीमार होने जैसी गंभीर बातें शामिल हैं। यह शिकायतें सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न माध्यमों से खाद्य विभाग तक पहुंच रही हैं। इन शिकायतों पर खाद्य विभाग की टीम निरीक्षण कर जांच कर रही है। हाल ही में इंदौर के प्रतिष्ठित शिशुकुंज स्कूल में 150 से अधिक बच्चों के बीमार होने की शिकायतें मिली।

### इंदौर का एमवाय अस्पताल बनेगा डिजिटल हेल्थ मॉडल

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के नए मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस ने शनिवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी और आईपीडी में मरीजों की संख्या, विभिन्न वार्डों की व्यवस्था और भर्ती मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही यह भी जाना कि अस्पताल में किस बीमारी के कितने मरीज उपचाररत हैं। स्वास्थ्य आयुक्त के दौरे का उध्देश्य आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एमवाय अस्पताल को डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली के लिए तैयार करना है।

## नदी के किनारों और केचमेंट एरिया की पहाड़ियों पर लगेंगे लाखों पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गंभीर नदी सहित जानापावा क्षेत्र से निकलने वाली अन्य नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए वृहद स्तर पर पौधा रोपण की योजना जिला प्रशासन ने तैयार की है। गंभीर नदी के दोनों किनारों और कैचमेंट एरिया में आने वाली पहाड़ियों पर लाखों पौधे लगाए जाएंगे। इसमें भमती और कोरभान पहाड़ियों पर सर्वाधिक फोकस है, क्योंकि यह नदी के मुख्य जल स्त्रोत वाली मानी जाती है। यहां सतत कंटूर ट्रेंच (सीसीटी) बनाकर साठ हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। यह कार्य एनजीओ के माध्यम से होगा। जिला प्रशासन ने इस वषार्काल में बढ़े स्तर पर पौधा रोपण की योजना तैयार की है। इसके लिए अगल-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सर्वाधिक फोकस गंभीर नदी और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों पर है। जल संकट और प्रवाह की मार झेल रही गंभीर नदी को नया

## इंदौर में 5 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

### अभियान की शुरुआत, कलेक्टर ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। शासकीय पॉलीक्लिनिक हुकुमचंद में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी यह दशार्ती है कि इंदौर अपने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को लेकर पूरी तरह जागरूक है।

अभियान के तहत जिले में शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के पांच लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन विभिन्न बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस कार्य के लिए 3,600 से अधिक बूथ एवं मोबाइल टीमें और 8 हजार से ज्यादा कर्मचारी और स्वास्थ्यकर्मी तैनात किए गए हैं। विशेष ध्यान प्रवासी परिवारों, मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों और घुमंतु समुदायों के बच्चों पर रहेगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य ट्रांजिट स्थलों पर भी विशेष बूथ स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया। उन्होंने रैबीज टीकाकरण केंद्र, नियमित टीकाकरण केंद्र और डायलिसिस यूनिट का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और भविष्य की योजनाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## अतिक्रमण और पार्किंग के शिकार 60 फीट रोड के फुटपाथ

### एक भी ऐसा स्थान नहीं है, जहां फुटपाथ कब्जे से मुक्त नजर आते हों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वीआईपी से एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाले 60 फीट रोड फुटपाथों की स्थिति दयनीय है। जगह-जगह अतिक्रमण और पार्किंग के कारण पूरी रोड़ पर फुटपाथ के ठिकाने नहीं है। ऐसे में पैदल यात्रियों को वाहनों की आवाजाही के बीच से सफर तय करना पड़ता है। एक भी ऐसा स्थान नहीं है, जहां फुटपाथ कब्जे से मुक्त नजर हो। कहीं दुकानों का सामान बाहर पड़ा है, तो कहीं फुटपाथ को पार्किंग बना दिया गया है।

60 फीट रोड पर दो प्रकार की स्थिति देखने को मिलती है। एयरपोर्ट रोड़ से लेकर पेट्रोल पंप तक फुटपाथ पर दुकानदारों के कब्जे हैं। दुकानदारों ने अपने अनुसार निर्माण कर फुटपाथ को दुकान का सामान रखने लायक बना लिया है। खाने-पीने की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर या तो स्टाल नजर आते हैं या टेबल कुर्सी रखी गई है। दूसरी ओर पेट्रोल पंप से लेकर वीआईपी रोड़ पर सड़क और दुकान न दुकानों के बीच कई स्थानों पर काफी कम जगह बचती है। ऐसे में यहां फुटपाथ का नामो निशान नहीं है। कुछ स्थानों पर मकान और दुकान सीधे सड़क से लगे हुए हैं, ऐसे में यहां फुटपाथ बनाने का कोई स्थान नहीं है।

#### अब तक नहीं हुआ सुधार कार्य

पिछले वर्ष नगर निगम द्वारा दुकानों के सामने ड्रेनेज लाइन डालने के लिए खोदाई की गई थी, कुछ स्थानों पर सुधार हो चुका है, जबकि कई स्थान ऐसे भी है, जहां कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है। विगत वर्ष से ही क्षेत्र खुदा पड़ा होने से यहां भी फुटपाथ के लिए जगह नहीं बचती है और यह स्थान अब पार्किंग के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़की चौड़ाई भी काफी कम हो चुकी है।

**काम नहीं आई कार्रवाई-** फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यहां नगर निगम द्वारा कुछ माह पूर्व कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते दुकानों के बाहर बने ओटले तोड़े गए। इसके बाद जिम्मेदारों को यहां फुटपाथ का निर्माण कार्य करवाना था, लेकिन कार्रवाई के बाद क्षेत्र की कोई सुध नहीं ली, नतीजतन दुकानदारों ने अपनी मर्जी के अनुसार निर्माण कार्य कर लिया और इसका दुकान का सामन रखने के लिए उपयोग करने लगे। कुल मिलाकर जिम्मदारों की लापरवाही और दुकानदारों के अतिक्रमण का परिणाम जनता भुगत रही है और क्षेत्र में फुटपाथ के स्थान पर कब्जे नजर आते हैं।

## पांच बार बदला गया इंदौर मेट्रोपॉलिटन सिटी का प्रस्ताव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया के प्रस्ताव में पांच बार बदलाव किया गया और हर बार इसका दायरा बढ़ाया गया। पहले इसका दायरा साढ़े छह हजार वर्ग किलोमीटर था। अंतिम प्रस्ताव 16 हजार वर्ग किलोमीटर का था, जिसे मंजूरी दे दी गई। एक साथ छह जिलों को जोड़े जाने को भी मास्टर प्लान से जुड़े विशेषज्ञ उचित नहीं मान रहे हैं। इंदौर से रतलाम की दूरी 140 किलोमीटर है, फिर भी उसे उज्जैन-इंदौर महानगर क्षेत्र में शामिल किया गया है। यदि महानगर प्राधिकरण के कार्यालय में रतलाम के लोगों को आना होगा, तो उन्हें लगभग दो घंटे का सफर तय करना पड़ेगा। इंदौर को महानगर बनाने की कवायद हो रही है, लंबे समय से इसकी दरकार भी थी। लेकिन अब यह प्रक्रिया सवालों के घेरे में है, क्योंकि इंदौर के अलावा पांच अन्य जिलों को महानगर में जोड़ दिया गया है।

CMYK

**न्यूज कालम**



## मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा रविवार, 28 जून को अस्पताल परिसर में मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।शिविर में अस्पताल के मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण बोर्डे ने मरीजों को इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में परामर्शो दिया। उन्होंने सभी को मौसमी विकारों से बचाव एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। इस दौरान सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर एवं की जांच की गई। अस्पताल के संचालक श्री कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन हुआ।

## नेपानगर में 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**नेपानगर, बुरहानपुर।** नेपानगर पुलिस ने रविवार को चुना भट्टा गजानंद मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से शराब बेच रहा था। सहायक उपनिरीक्षक सुनील दुबे और आरक्षक लालसिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक पर बोरी में शराब लेकर बेचने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र पिता केसरिया गोरे (32), निवासी ग्राम डवाली को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी की बाइक की टंकी पर रखी बोरी से 120 पन्नियों में आधा-आधा लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। कुल 60 लीटर शराब जब्त की गई। आरोपी के पास शराब बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से शराब के स्त्रोत को लेकर पूछताछ कर रही है। टीआई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नेपानगर थाने की गुंडा लिस्ट में भी शामिल है।

**लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत की शपथ विधि सम्पन्न**

## कुलभूषण मित्तल,गवर्नर जेपी त्रिपाठी, रीजन संजना खत्री का किया सम्मान



**सनावद।** लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत का संस्थापन समारोह रीजन मीट "नूतन" खंडवा में सम्पन्न हुआ।। संस्थापन अधिकारी एवं इंटरनेशनल डायरेक्टर डॉ कुलभूषण मित्तल ने अध्यक्ष मुश्ताक मलिक सहित समस्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।। मेजबान क्लब ओजस एवं मूंदी क्लब ,लियो सहित 6 क्लबों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ।। जोन एडवाइजरी मीटिंग जोन प्रशांत जायसवाल ने संचालित की। क्लब संस्थापक,कोषाध्यक्ष जाकिर अमी,सचिव हरीश पुरोहित, अल फिजा मलिक,पूर्णिमा पुरोहित आदि उपस्थित थे। समारोह में शपथ पश्चात ओंकारेश्वर क्लब द्वारा इंटरनेशनल डायरेक्टर घोषित होने के पश्चात प्रथम बार पधारे डॉ कुलभूषण मित्तल का सम्मान किया गया,साथ ही डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जे पी त्रिपाठी को भी सम्मानित किया।।रीजन चेयरपर्सन संजना खत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रदर्शित किया गया।

## पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत विधायक ने पिलाई बच्चों को दवा



**बेड़िया।** शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचाने के लिए पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत विधायक सचिन बिरला ने की।विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाकर पल्स पोलियो राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है। लेकिन समय पर पल्स पोलियो की दवा पिलाकर बच्चों को पोलियो के खतरे से बचाया जा सकता है।हमारी सतर्कता और जागरूकता बच्चों को स्वस्थ एवं सुरक्षित रख सकती है। विधायक ने शून्य से 5 वर्ष आयु तक क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को पोलिया की दवा पिलाने का आव्हान किया। विधायक एवं अतिथियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया।इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## ट्रेक्टर स्कूटी टक्कर में एक व्यक्ति की मौत ओवरटेक करते समय हुई टक्कर

**सुवासरा।** सुवासरा गोरधनपुरा रोड पर देवरिया गोरधनपुरा के बीच ट्रैक्टर से स्कूटी चालक ओवरटेक करते समय स्कूटी के पीछे बता व्यक्ति ट्रैक्टर से टकरा गया और घायल अवस्था में उसे सुवासरा हॉस्पिटल में लाया गया जहा डोक्टारो ने उसे मृत घोषित कर दिया गया है मृतक का नाम लाल सिंह पिता कालू सिंह उम्र 40 साल जो गोवर्धनपुरा का निवासी हे पुलिस ने ट्रेक्टर को बारामत कर और चालक की तलाश कर रही है।

# बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

### मां नर्मदा के दुग्धाभिषेक, पूजन-अर्चन व आरती के साथ 45 श्रद्धालुओं ने किया यात्रा का शुभारंभ



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच रविवार को मंडलेश्वर से बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। नगर के पावन नर्मदा तट स्थित श्रीराम घाट पर मां नर्मदा का विधि-विधान से दुग्धाभिषेक, पूजन, अर्चन एवं महाआरती संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था "नर्मदे हर", "भोलेनाथ की जय", "बाबा बर्फानी की जय" के गगनभेदी जयघोष के साथ अमरनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। अमरनाथ यात्रा संयोजक समाज सेवी मनोज शर्मा एवं नितिन पाटीदार ने बताया कि यह अमरनाथ यात्रा का लगातार चौथा वर्ष है। इस वर्ष करीब 45 श्रद्धालु 15 दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। यात्रा के पूर्व सभी यात्रियों का अनिवार्य मेडिकल चेकअप कराया गया, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित एवं स्वस्थ तरीके से पवित्र यात्रा पूर्ण कर सके।उन्होंने बताया कि यह यात्रा रॉयल स्टार सिद्धी विनायक ट्रेवल्स, मंडलेश्वर द्वारा आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, परिवहन एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**अनेक प्रमुख तीर्थो के होंगे दर्शन**

यात्रा के दौरान श्रद्धालु केवल बाबा बर्फानी अमरनाथ धाम के ही नहीं, बल्कि देश के अनेक प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन भी करेंगे। इसमें मथुरा-वृंदावन, मां वैष्णो देवी धाम, मेहंदीपुर बालाजी, श्री खाटू श्याम जी, श्री सांवरिया सेठ, श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग (उज्जैन) तथा श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन शामिल हैं। श्रद्धालु इन सभी पवित्र स्थलों पर पूजा-अर्चना कर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

**यात्रा व्यवस्था की दी जानकारी**

यात्रा व्यवस्था प्रभारी ललित पाटीदार ने रवाना होने से पूर्व सभी यात्रियों को यात्रा के दौरान पालन किए जाने वाले आवश्यक नियमों, सुरक्षा उपायों एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखते हुए एक-दूसरे का सहयोग करने का आग्रह भी किया।

**श्रद्धा और उत्साह का बना माहौल**

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर श्रीराम घाट पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमीजन, परिजन एवं नगरवासी श्रद्धालुओं को विदाई देने पहुंचे। मां नर्मदा की आरती के बाद पूरे घाट पर "हर-हर महादेव", "नर्मदे हर" और "बाबा बर्फानी की जय" के जयघोष गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर देश एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की। करीब 15 दिनों की इस पवित्र यात्रा के पश्चात श्रद्धालुओं का जत्था विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करते हुए पुनः मंडलेश्वर लौटेगा।यात्रा में प्रमुख रूप से दीपक तोमर, विक्की पाटीदार ,जीतू केवट, दिलीप तंवर, बबलू वर्मा ,निलेश वर्मा,जितेंद्र पाटीदार, राकेश पाटीदार, विनोद केवट,संतोष तंवर, विनोद केवट, राहुल कुशवाह, देवेन्द्र पाटीदार, कमलेश प्रजापत, राकेश प्रजापत, राधेश्याम सिसोदिया ,दीपक वर्मा सहित 45श्रद्धालु शामिल हुए।

# प्रथम काव्य संग्रह 'नवोदिता ' का लोकार्पण हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



मुख्य अतिथि व्यासपीठ आचार्य पंडित पंकज मेहता ने प्रार्थना चतुर्वेदी के प्रथम काव्य संग्रह नवोदिता का लोकार्पण अवसर कहा कि कविता का जन्म वेदना संवेदना से होता हैं। महाकवि वाल्मीकि जी के हृदय में प्रस्फुटित प्रथम काव्य पंक्ति का उल्लेख किया। विशेष अतिथि अनिलोप अध्यक्ष हरीश दुबे ने कहा - "वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान,निकल कर आँखों से चुपचाप, बही होगी कविता अनजान!" पंत जी की इन पंक्तियों को आधार बनाकर काव्य कृति सृजन को श्रेष्ठ बताया।

साहित्य अतिथि लघुकथाकार विजय जोशी शीतांशु काव्य सृजन को ईश्वर की अनमोल सौगात बताया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन किया ।चोली रोड स्थित निजी होटल में सम्पन्न हुआ।तत्पश्चात श्रीमती ज्योति व्यास ने अपने स्वागत भाषण में उनकी साहित्यिक यात्रा और उनकी पुत्री की लेखनी पर प्रकाश डाला।संगीत समीक्षक श्री मनोहर मंजुल ने लोकार्पण अवसर पर सतत सृजन के कवियत्री प्रार्थना को प्रेरित किया। विनोद सोंतले ने संबोधित किया।

निमाड़ी लोक गीत गायिका श्रीमती मनीषा शास्त्री धन्य धन्य म्हारो निमाड़ छे का गायन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में मंडलेश्वर नगर के गणमान्य सदस्य, और विभिन्न विधाओं में दक्ष जन उपस्थित थे।इसके अतिरिक्त श्रीमती संध्या शर्मा, सहेली ग्रुप की संस्थापिका श्रीमती रीता जोशी उभरती हुई कवयित्री कु ईशा सोनवे भी उपस्थित थीं।श्रीमती प्रार्थना चतुर्वेदी ने अपने इस काव्य संग्रह में वर्ण पिरामिड, जापानी विधा हाइकु साथ ही प्रकृति, पर्व और कत्रिम बुद्धिमत्ता आदि पर कविताओं की रचना की है।इस अवसर पर सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने प्रार्थना के काव्य संग्रह पर प्रकाश डाला और आगे की साहित्यिक यात्रा हेतु आशीर्वाद व शुभकामनाएँ प्रदान कीं।कार्यक्रम का संचालन कु आकांक्षा चौहान और श्रीमती अर्चना भटोरे ने किया।श्री अमरीश चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों का उनकी सादर उपस्थिति हेतु आभार प्रदर्शन किया।



## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**सनावद।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को सिविल हॉस्पिटल में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु शिविर लगाया गया। विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। अस्पताल प्रभारी डॉ.एएस चौहान ने बताया कि बच्चों को पोलियो से मुक्त रखने के लिए शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाना जरूरी है। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस बच्चों को शहर के निर्धारित सार्वजनिक स्थानों पर बूथों के माध्यम से पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी एवं दूसरे तथा तीसरे दिन स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की दवाई 5 साल तक के बच्चों को पिलाई पिलाई जाएगी। इस दौरान डॉ.अभिषेक मुकाती,पर्यवेक्षक जितेंद्र पटेल, दुर्गेश करोड़ा दिनेश पुनासिया आदि उपस्थित थे।इसी प्रकार पल्स पोलियो अभियान के तहत वार्ड नंबर-12 में पार्षद ममता सुदीश वर्मा द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरूआत की।



## विधायक ने आंधी से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर नुकसान का लिया जायजा

**खंडवा।** पिछले दिनों प्री-मानसून के दौरान आई तेज आंधी और ७० से ८० किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं से रामनगर क्षेत्र में कई मकानों को नुकसान पहुंचा। प्रभावित परिवारों का हाल जानने शनिवार को खंडवा विधायक कंचन तनवे रामनगर पहुंचीं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक ने प्रभावित मकानों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का शीघ्र सर्वे कर वास्तविक आकलन किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान विधायक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसी भी परिवार को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और प्रशासन हरसंभव मदद सुनिश्चित करेगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव, मोहन गंगराड़े, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत चौरसिया सहित क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# राठौर समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

### प्रतिभा सम्मान, परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



जिला मीडिया प्रभारी जगदीश राठौड़ ने बताया विगत 17 जून को सनावद में क्षत्रिय राठौर समाज जिला खरगोन की जिला कार्यकारिणी की साधारण सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। बैठक में जिले की विभिन्न तहसीलों एवं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजजन उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के गौरव एवं आदर्श राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में मंचासिन अखिल भारतीय तेली महसभा के प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण राठौड़, सनावद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद समाजसेवी मानसिंह राठौर (बंटी), विश्व हिंदू परिषद के जितेंद्र राठौर, जिला योजना सलाहकार समिति सदस्य ओमप्रकाश राठौर ( पूर्व सरपंच बेड़ियां), रामलाल राठौर, देवराम राठौर तथा पूर्व पार्षद मोहन राठौर (खरगोन) , जिला सचिव श्रीराम राठौर ( रेंजर), सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र (राजू ) राठौड़,वरिष्ठ समाजसेवी सेवक राम राठौड़, हुकुमचंद राठौड़, राजेश राठौड़ (बड़वाह)विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला निरीक्षक विजय राठौर के मार्गदर्शन में समाज द्वारा विगत माह संचालित सेवा एवं जनहित कारी गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसमें हर घर सकोरा अभियान, माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान, माँ अन्नपूर्णा रोगी सेवा अभियान, विश्व पर्यावरण दिवस पर सामूहिक स्वच्छता अभियान तथा सामाजिक आर्थिक जनगणना अभियान के द्वितीय चरण की कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा विस्तार से समझाई गई।

जिला महामंत्री रविन्द्र राठौर ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर उपस्थित समाजजनों को अपने विचार रखने एवं सुझाव देने का अवसर प्रदान किया। सामूहिक चर्चा के उपरांत जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल राठौर ने सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों की घोषणा की।

# राज्यपाल ने झिरन्या स्वास्थ्य शिविर में 200 यूनिट ब्लड बैंक व एबुलेंस का किया शुभारंभ

## आदिवासी परिवार के पीएम आवास में खाना खाया




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल रविवार को जिले के आदिवासी अंचल झिरन्या पहुंचे। राज्यपाल ने यहां आयोजित रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर में 200 यूनिट क्षमता की ब्लड बैंक स्टोरेज यूनिट का लोकार्पण किया। यह यूनिट सिकल सेल, एनीमिया और गर्भवती महिलाओं के इलाज में सहायक होगी। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के लिए दो एंबुलेंस और एक शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। समारोह में विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मिय स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कालू पिता रतन के घर पहुंचकर भोजन किया।

राज्यपाल ने जनजाति समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकलसेल बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए मरीजों के उपचार के साथ-साथ जन जागरूकता भी आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल ने रंजना एवं संजना को सिकलसेल प्रमाण पत्र प्रदान किये। वहीं क्षय रोगी थावली बाई व बिल्लोर को फूड बास्केट भेंट की।

कार्यक्रम में खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, पंधाना की विधायक श्रीमती छाया मोरे, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, कलेक्टर भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

# सुवासरा में चोरों का 'तांडव', एक ही रात में 10 जगहों पर चोरी की वारदात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सुवासरा

विधायक के गृह नगर सुवासरा में कानून व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ चुकी है। बीती रात अज्ञात चोरों ने नगर को बंधक बनाते हुए एक-दो नहीं, बल्कि करीब 10 अलग-अलग स्थानों पर ताबड़तोड़ चोरियों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी।

इस महा-सेंधमारी ने सुवासरा की जनता के मन में गहरे खौफ का माहौल पैदा कर दिया है, वहीं पुलिसिया गश्त के दावों की सरेआम धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। वही सुवासरा नगर में एक वर्ष में लाखो की चोरी की कई वारदात हो चुकी हे चाहे वो २ लाख का बेग लुट कांड हो या सराफे की दुकान से सोने चांदी की दिन दहाड़े चोरी होना हो जेसी वारदातों का पुलिस अभी तक पाता लगा नहीं पी हे और जब भी चोरी होती हे पुलिस कहती हे की बस सी सी टी वी कैमरे की मांग करेंगे और जांच में जुड़ जाती हे

कहां-कहां और कैसे फूटा चोरों का आतंक चोरों ने इस बार बेहद शातिराना अंदाज में योजनाबद्ध तरीके से पूरे नगर को निशाना बनाया। पढ़िए सिलसिलेवार ब्यौराः

व्यापारी के वाहन पर हाथ साफः बस स्टैंड क्षेत्र में प्रसिद्ध अनाज व्यापारी जुगल वेद के घर के बाहर खड़े 709 लोडिंग वाहन को चोरों ने निशाना बनाया। वाहन से बैटरी और डीजल उड़ाकर करीब 18 हजार रुपये का चूना लगा दिया। आस्था पर प्रहार (शनि मंदिर): रुनीजा मार्ग पर स्थित शनि मंदिर का मुख्य द्वार और दानपात्र तोड़कर चोर करीब 12 हजार रुपये की नकदी समेट ले गए। पेट्रोल पंपों पर कतार से चोरियांः रुनीजा रोड और शामगढ़ रोड स्थित 'नायरा पेट्रोल पंप' पर खड़े 5 अलग-अलग ट्रैक्टरों से बैटरियां पार कर दी गईं।

राम मंदिर में असफल प्रयासः पावर हाउस के सामने स्थित राम मंदिर का भी ताला तोड़ा गया और दानपात्र चुराने का प्रयास किया गया, जो असफल रहा। चोरो ने यह लगभग 20 मिनट तक 2 मंदिरों पर तलाशी ली किन्तु हाथ कुछ नहीं आया सी सी टी वी कैमरे में ३ व्यक्ति मंदिर क पीछे वाले गेट से मंदिर में प्रवेश करते नजर आये

पुलिसकर्मी के घर के बाहर भी दुस्साहस (ष्टष्टञ्जङ्क में कैद): चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने रुनीजा रोड निवासी और मंदसौर नारकोटिक्स विभाग में पदस्थ आरक्षक पिरूलाल सोनी के घर के बाहर खड़ी कार को भी नहीं बख्शा। चोर कार के व्हील कैप चुराते हुए ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में कैद हो गए हैं। इसके अलावा भी कई वाहनों से बैटरियां और अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है।

# ग्राम बलखड़ में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बलखड़ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा श्री पीयूष भावे ने उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से अनेक जानलेवा बीमारियां, मानसिक तनाव तथा सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री भावे ने बताया कि जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा श्री भावे ने उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से किसी भी विधिक समस्या की स्थिति में प्राधिकरण की सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पैरा लीगल वालंटियर श्री सत्य प्रकाश मिश्रा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण

**बेड़िया।** ग्राम पंचायत भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का 135 वां एपिसोड प्रसारण जनप्रतिनिधियों द्वारा सुना गया। प्रारंभ में विधायक सचिन बिरला ने डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार हमें समाज और देश की सेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। जनप्रतिनिधियों,बूथ अध्यक्षों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संकल्पों को धरातल पर उतारने और अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा नेता मांगीलाल गाडगे,दिलीप पटेल,ओमप्रकाश राठौर,चंद्रपाल सिंह सोहनेर आदि उपस्थित थे।

## नवीन शिखर पर 29 को होगी कलश स्थापना

**उज्जैन।** शहर के पान्दरीबा चौराहा स्थित नव नारायणों में प्रथम श्री बद्री नारायण मंदिर के शिखर का नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो गया है। इस उपलक्ष्य में 29 जून को नवीन शिखर पर विधि-विधान से कलश स्थापना और ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट का आयोजन होगा।

## न्यूज -कॉलम

### धारदार हथियार से बुजुर्ग का काटा कान

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बडागांव में मेहरबान पिता किशनसिंह डोडिया 62 साल का खेत है। वह पुत्र भंवरसिंह और परिवार के साथ बोवनी की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान पिपलोदा बागला का रहने वाला बलबहादूर सिंह उर्फ छोटू अपने पुत्रों के साथ पहुंचा और खेत को लीज पर मांगते हुए बोवनी की बात कहने लगा। मेहरबानसिंह ने अपना खेत लीज पर देने से मना किया तो बलबहादूर ने अपने पुत्रों के साथ धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में मेहरबान का कान कट गया। बीच-बचाव में पत्नी और पुत्र आये तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल मेहरबान और भंवरसिंह को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की जानकारी मिलने पर खाचरौद पुलिस ने भंवरसिंह की शिकायत पर बलबहादूर और उसके पुत्रों के खिलाफ हथियारों से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया है। मानसून का आगाज होने के बाद किसानों से खेतों का रूख कर लिया है। इसके साथ ही खेत की जमीन को लेकर विवाद भी शुरू हो गये है। कई गांवों में जमीन को लेकर मामले न्यायालय में विचाराधीन है, बावजूद खेती करने को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है।

### मदरसा किला मीटिंग में घुसपैठिया बोलने पर विवाद

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के मदरसा किला में रविवार को मोहर्रम पर्व के बाद मीटिंग रखी गई थी। जिसमें समाज के कई लोग शामिल हुये थे। इसी बीच मीटिंग में शामिल अशरफ पिता शाहिद गौरी 32 साल बीच में से उठकर जाने लगा, उसी समय वहां मौजूद सामी ने बोल दिया कि घुसपैठिये कहां जा रहा है। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। सामी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर अशरफ के साथ पाइप और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। सामज के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत किया। अशरफ ने मामले की शिकायत महिदपुर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद मामले में पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। घायल का कहना था कि वह मिटिंग के बीच प्यास लगने पर पानी पीने जा रहा था। मिटिंग में मोर्हरम पर्व के दौरान रही व्यवस्थाओं और काम को लेकर चर्चा चल रही थी।

### मजदूर से लोगों ने की मारपीट

**उज्जैन।** नागदा के रहने वाले राजेश पिता कालूराम 35 साल को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। पूछताछ में घायल ने बताया कि वह मजदूरी करता है। शनिवार रात काम से घर लौट रहा था, उसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। रैनकोट-छाता नहीं होने पर बारिश से बचने के लिये टीनशेड से बने मवेशियों के बाडे में पनाह ली। उसी दौरान कुछ लोग आ गये और मवेशी चोर समझकर मारपीट शुरू कर दी। उसे डंडे से पीटा गया और छोडकर चले गये। कुछ लोगों की मदद से परिजनों को सूचना दी। उनके आने पर उसे नागदा से उज्जैन लाया गया है।

### मकान विवाद में पुत्रों ने पिता का पत्थर से फोड़ा सिर

**उज्जैन।** मक्सीरोड शंकरपुर में रहने वाले भैरूलाल पिता हेमराज बंजारा ने 2 विवाह किये है। रविवार सुबह उसकी दूसरी पत्नी के पुत्र विकास, प्रकाश और शिवम ने मकान नाम करने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। भैरूलाल की तीनों से कहासुनी बड गई। तीनों ने पत्थरों से हमला कर सिर फोड दिया। भैरूलाल को पहली पत्नी उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई है। घायल का कहना था कि कुछ दिनों से मकान को लेकर दूसरी पत्नी के पुत्र विवाद कर रहे थे।

### रंजिश में चाकू दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** शाजापुर के महूपुरा में रहने वाला इरशाद पिता हकीम खा 20 साल शनिवार को तराना रिश्तेदारी में आया था। जहां से वापस लौटते समय उसे हाटपुरा घाटी के नीचे ग्राम खाकरी के रहने वाले जाफर पिता नासिर और उसके साथी ने रोक लिया। दोनों ने मारपीट की और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इरशाद ने शोर मचाया तो कुछ लोग एकत्रित हो गये। जाफर और उसका साथी भाग निकले। सिर में लगी चोंट के चलते इरशाद ने तराना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इरशाद का कहना था कि जाफर से उसकी पुरानी रंजीश चली आ रही है। उसी को लेकर उसने जान से मारने की धमकी दी है।

### पंचमपुरा से 17 वर्षीय बालिका लापता

**उज्जैन।** पंचमपुरा में रहने वाली 17 वर्षीय बालिका शनिवार सुबह 10 बजे घर के बाहर से लापता हो गई। परिवार ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन रात तक कुछ पता नहीं चल पाया। बालिका की मां ने रात में माधवनगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मां की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। बालिका के पिता का निधन हो चुका है और वह मां के साथ रहती है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश कर रही है।

---

### ग्वालियर-उज्जैन के 6 लोग घायल, 15 से 20 यात्री थे सवार...

# इंदौर से उज्जैन आ रही सपना ट्रेवल्स की बस पलटी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शनिवार-रविवार रात 1.30 बजे स्टेनफोर्ड स्कूल के सामने सपना ट्रेवल्स की बस पलटी खा गई। घटनाक्रम की खबर मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। 6 यात्रियों को गंभीर चोंट लगी थी, जिन्हे चरक अस्पताल पहुंचाया गया। बस में 15 से 20 यात्री सवार थे, शेष सुरक्षित बताये गये है।

नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस रात में सर्कल भ्रमण कर रही थी, उसी दौरान सूचना मिली कि इंदौररोड पर स्टेनफोर्ड स्कूल के सामने सपना ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 13 झेड डी 0199 डिवाइडर पर चढने के बाद पलट गई है। सर्कल भ्रमण की टीम मौके पर रवाना हुई। 3 से 4 एम्बुलेंस भी आ गई थी। बस में सवार यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्रियों को चोंट लगी थी,जिसमें महिलाएं भी शामिल थी, उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। जहां घायलों के नाम वर्षा पति गोविंद अग्रवाल 54 साल, सुधीर पिता गोविंद अग्रवाल 25 साल निवासी ग्वालियर, खुशी पिता नीरज तिवारी 15 साल विजयनगर इंदौर, वंश पिता मोहन खत्री 10 साल, वंदना पति मोहन खत्री 32 साल निवासी सांईधाम कालोनी उज्जैन और हरविंदर पिता अर्जुनसिंह 32 साल ग्राम जवीनखेडी सामने आये। डॉक्टरों ने सभी को भर्ती किया था। घायलों से जानकारी लेने पर पता चला कि ड्रायवर मोबाइल पर बात करते हुए बस चला रहा था। यहीं नहीं क्लीनर भी उससे हंसी मजाक कर रहा था, बस की रफ्तार तेज थी और बारिश भी हो रही थी। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में घायल वंदना के पति मोहन खत्री की शिकायत पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धारा 281, 125-ए भारतीय न्याय संहिता का मामला दर्ज किया गया है।



**घटनाक्रम के बाद भागे चालक-क्लीनर**

थाना प्रभारी ने बताया कि घटनाक्रम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां घायल यात्री मिले। बस का चालक और क्लीनर भाग निकले थे। रात में पलटी बस को क्रेन से खडा कर जप्त करने के बाद थाने लाया गया है। बस नम्बर और ट्रेवल्स एजेंसी के माध्यम से चालक का पता लगाया जा रहा है।

#### अंधाधूंध गति से बस दौडाते है चालक

इंदौर-उज्जैन के बीच यात्री बसों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि चालक नम्बर के चक्कर में अंधाधूंध गति से दौडाते है और इंदौर से उज्जैन स्टेंड पर पहुंचने की जल्दबाजी में रहते है। बस चालकों की वजह इस मार्ग पर आये दिन दुर्घटना भी होना सामने आ रही है। यातायात पुलिस का एंटरसेप्टर वाहन अगर इस मार्ग पर यात्री बसों की रफ्तार को पकडे तो अंधाधूंध गति के मामले सामने आ सकते है।

---

### आरपीएफ ने देखे कैमरे, जीआरपी ने की घेराबंदी....

# दूसरी वारदात की फिराक में था, गिरफ्त में आने पर मिले 2 मोबाइल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के साथ वारदातों पर लगाम लगाने के लिये आरपीएफ और जीआरपी मिलकर काम कर रहे है। शनिवार को मुसाफिर खाना बुकिंग विंडो के पास से यात्री का मोबाइल चोरी होने पर आरपीएफ ने कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये और जीआरपी ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। उसके पास से चोरी के 2 मोबाइल बरामद किये गये है।



जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि गुजरात का रहने वाला महेश भाई उज्जैन आया था। वापस लौटने के लिये ट्रेन पकडने के लिये स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन आने में समय होने पर मुसाफिर खाना के पास बुकिंग विंडो के पास विश्राम के लिये लेट गया। आंख लगने पर अज्ञात बदमाश ने जेब से मोबाइल निकाला और भाग निकला। 24 हजार कीमत का सेमसंग मोबाइल चोरी होने की शिकायत उसके द्वारा जीआरपी से की। बदमाश का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव का सहयोग लिया गया और कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी घेराबंदी शुरू की गई। बदमाश दूसरी वारदात करने की फिराक में नागदा दिशा के रेलवे आउटर पर घूम रहा था। जीआरपी की टीम ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। उसके पास से चोरी का सेमसंग मोबाइल बरामद किया गया। वहीं एक अन्य मोबाइल रेडमी कंपनी 12 हजार का भी जप्त हुआ। जो कुछ दिन पहले स्टेशन से चोरी किया जाना सामने आया। आरोपी को थाने लाया गया और पूछताछ की गई। बदमाश आगर मालवा के सुसनेर थाना क्षेत्र स्थित श्यामपुरा का रहने वाला विक्रमसिंह 30 साल सामने आया। जिसके खिलाफ पूर्व में मारपीट और छेडछाड के मामले दर्ज है। थाना प्रभारी भावसार के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और लत पूरी करने के लिये रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों के मोबाइल चोरी कर रहा था। बदमाश को चंद घंटो में गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करने में आरपीएफ प्रभारी नरेन्द्र यादव के सहयोग से प्रधान आरक्षक बद्रीलाल राठौर, आरक्षक रवि बघेल, हरसेवा लोधी, आरपीएफ प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह, मनीराम, आरक्षक सुरजमल मीणा और नंदसिंह का सहयोग रहा।

### बीड़ी नहीं देने पर तलवार से युवक की हत्या



**उज्जैन।** बिरलाग्राम में रविवार शाम तलवार से सीने पर हमला कर युवक की हत्या कर दी गई। शराब पीने के बाद बीड़ी मांगने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने कुछ देर बाद ही आरोपी को हिरासत में ले लिया।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शाम 6.30 के लगभग खबर मिली कि ई ब्लॉ टापरी नाले के पास युवक की तलवार से हमला कर हत्या कर दी गई। उसके सीने पर वार किये गये है। पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक जयप्रकाश उर्फ टक्कू पिता राकेश परिहार 19 साल ई ब्लॉक बिरलाग्राम का रहने वाला है। हत्या वहीं के रहने वाले मोहनलाल पिता अंबाराम ढोली 55 साल ने की है। घटनास्थल पर जांच के बाद मृतक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजी गई। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद ही आरोपी को राउंड अप कर लिया गया। जिससे पूछताछ में पता चला कि दोनों ने पहले साथ में बैठकर शराब पी थी, मोहनलाल ने बीडी मांगी, लेकिन जयप्रकाश ने मना कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी हुई। मोहनलाल चला गया और कुछ देर बाद तलवार लेकर लौटा। जयप्रकाश कुछ समझ पाता उससे पहले मोहनलाल ने सीने पर वार करना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामले की जांच जारी है। तलवार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

# ऋषिनगर में 2 दिनों से सूने पड़े मकान में चोरी की वारदात

### मेडिकल व्यवसाई के लौटने पर पुलिस ने शुरू की जांच

**उज्जैन।** ऋषिनगर में 2 दिनों से सूने मकान में रविवार को चोरी की वारदात होना सामने आया। परिवार के लौटने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आसपास कैमरों के फुटेज खंगाले, लेकिन बदमाशों का पता नहीं लग पाया। मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।



माधवनगर थाना एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि ऋषिनगर स्थित एस 14/8 मकान में किराये से ऊपरी मंजिल पर नवीन पिता मांगीलाल पाटीदार निवास करता है। 2 दिनों से वह अपने पैतृक गांव खेडावद शाजापुर परिवार के साथ गया हुआ था। रविवार को मकान मालिक ने उसके मकान का ताला टूटा देखा तो सूचना दी। शाजापुर से लौटने पर नवीन से जानकारी लेकर जांच शुरू की गई। नवीन के अनुसार बदमाशों ने उसके घर से सोने के आभूषण और 40 हजार रूपये नगद चोरी किये है। वारदात स्थल के आसपास कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया गया लेकिन कहीं भी कैमरे लगे होना सामने नहीं आये। ऋषिनगर में वारदात स्थल की ओर जाने वाले मार्गो पर लगे कैमरे देखने पर कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। फिलहाल मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसआई विश्वकर्मा के अनुसार नवीन थाना क्षेत्र के होम्योपैथिक दवा का मेडिकल संचालित करता है।

### करंट लगने पर झुलसा रेलवे ट्रक्नीशियन

**उज्जैन।** रेलवे लाइन पर काम करते समय रविवार दोपहर टेक्नीशियन को करंट लग गया। गिरते ही उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां निजी अस्पताल के आईसीयू में उपचार चल रहा है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि दोपहर में खबर मिली थी कि जीरो पाइंट ब्रिज के पास रेलवे टेक्नीशियन के साथ हादसा हो गया। संधारण बोगी पर चढ़कर रेलवे लाइन का काम करते समय करंट लगने से झुलस गया और गिरा है। जीआरपी जीरो पाइंट ब्रिज पहुंची, रेलवे के साथी उपचार के लिये नानाखेडा स्थित निजी अस्पताल लेकर गये है। जीआरपी अस्पताल पहुंची तो हालत गंभीर होना और आईसीयू में भर्ती होना सामने आया। जानकारी लेने पर टेक्नीशियन का नाम प्रदीप कुमार पिता रामनारायण 48 साल निवासी पटना बिहार हाल मुकाम बैकुंडधाम कालोनी मक्सीरोड सामने आया। फिलहाल मामला जांच में है।

### पति से झगडा होने पर पत्नी ने खाया जहरीला पदार्थ

#### निजी अस्पताल में 7 घंटे चले उपचार के बाद मौत

**उज्जैन।** पति से झगडा होने पर शनिवार-रविवार रात पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। रात 3 बजे हालत बिगडने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां सुबह 10 बजे के लगभग मौत हो गई। महाकाल थाना एसआई नेहा जादौन ने बताया कि रूद्रसागर कालोनी में रहने वाली पूजा पति गुलशन वर्मा 28 साल को रात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची लेकिन हालत गंभीर थी। सुबह 10 बजे के लगभग खबर मिली कि पूजा की मौत हो गई।

मामले में मर्ग कायम किया गया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां सामने आया कि पति महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूलप्रसाद की दुकान लगाता है। रात को शादी में से घर लौटा था, उसने शराब पी रखी थी, पूजा ने शराब पीकर घर लौटने की बात कहीं तो दोनों के बीच विवाद हो गया। पति कमरे में जाकर सो गया। कुछ देर बाद पूजा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पूजा की मौत होने पर इंदौर के देपालपुर स्थित मायके से परिजन भी अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि 9 साल पहले शादी हुई थी, उन्होने फिलहाल कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं किया। बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया है।

---

### इंदौर में गंभीर नदी पुनरुद्धार में सिर्फ चेक डैम ही नहीं बनाएंगे पानी रुका भी या नहीं ये भी देखेंगे...

# गंभीर नदी के इंदौर क्षेत्र में कम, उज्जैन क्षेत्र में सिर्फ दोहन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इंदौर के जानापाव से निकलने वाली और कभी बारहमासी बहने वाली गंभीर नदी अब बारिश के कुछ महीने बाद ही कई हिस्सों में सूख जाती है। नदी किनारे कई जगह भूजल 300 फीट से नीचे पहुंच चुका है। इसे सुधारने के लिए इंदौर जिला प्रशासन ने 73 किमी लंबी गंभीर नदी के पुनर्जीवन की डीपीआर तैयार की है। उज्जैन जिला अतंर्गत नदी पर ऐसा कोई विशेष काम नहीं हो रहा है।सिर्फ अब तक जल निगम नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की लाईन अंबोदिया तक ले गया है और यहां इंटकवेल बनाया गया है,जिससे अब तक दो से तीन बार गंभीर बांध में पानी छोडा गया है।

**जल निगम गंभीर डेम तक नर्मदा का पानी लाया गया,इंटक वेल बनाया**

गंभीर नदी का मूलतः उद्गम स्थल इंदौर जिले में जनापाव से माना जाता है।यह दक्षिण से उत्तर की ओर बहती हुई उज्जैन जिले में प्रवेश करती है। उज्जैन जिले के घट्टिया विधानसभा क्षेत्र में अंबोदिया गांव के नजदीक इस पर बांध बनाया गया है। 1980 के दशक में कच्चे बांध की शुरूआत हुई और उसके बाद यहां पक्का बांध बनाया गया। 1992 से शहर की जलप्रदाय व्यवस्था अधिकांश इसी पर निर्भर रही। यहां तक की जल संकट के दौर में अमलावदा बिका से पानी लाकर यहीं छोडा गया।

**जिले में गंभीर विकास की कमजोर स्थिति-** जिले में गंभीर नदी को लेकर कोई विशेष काम सामने नहीं आया है। न तो स्टाप डेम और न ही कोई विशेष योजना ही इस नदी को लेकर अब तक सामने आ रही है। डेम के कारण क्षेत्र के गांवों एवं केचमेंट क्षेत्र में भूजल की स्थिति बनी रहती है जिसका दोहन बराबर होता रहता है। गंभीर डेम के डाउन स्ट्रीम में भी ऐसी कोई स्थिति नहीं है। उज्जैन जिले में रमजानखेडी से प्रवेश करते हुए करीब 40-50 किलोमीटर के सफर के उपरांत शिप्रा और चंबल में मिल जाती है। पिछले वर्षों में इसके पानी में प्रदुषण की स्थिति भी बढी है। जो जलकुंभी इसमें कभी नहीं होती थी वो अब बराबर इसमें बढ रही है।



#### नर्मदा की पाईप लाईन लाए

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की लाईन से जल निगम ने एक लाईन करीब 11 किलोमीटर की डाली है। यह गंभीर नदी और खासकर डेम क्षेत्र में ही है। डेम से करीब डेढ किलोमीटर दूर नर्मदा का इंटेकवेल बनाया गया है। इसके बनने से दो जिलों के 914 गांव के लोगों को नर्मदा का पानी मिलेगा। अब तक दो से तीन बार डेम में पानी की कमी होने और शहर की आवश्यकता होने पर इस लाईन से इंटकवेल एवं वहां से डेम में पानी छोडा गया है। हाल ही में 216 एमएलडी पानी छोडा गया था। इसके अलावा गंभीर पर डेम बनाने के अलावा पिछले 40 साल से अधिक समय में कोई विशेष काम नहीं किया गया है। यहां तक की गर्मी के दिनों में डेम के सूखने पर गाद निकालने को लेकर भी कोई विशेष योजना नहीं बनी। इस इंटकवेल में पाइप लाइन के माध्यम से नर्मदा नदी का पानी भरकर पाइप लाइन के जरिए 914 गांवों उज्जैन जिले के 830 और इंदौर-देपालपुर के 84 गांव के हर घर तक पानी पहुंचाया जाएगा। यह काम एक हजार 462 करोड़ रुपये की लागत से होगा। इंटकवेल 20 मीटर गहरा, 14 मीटर व्यास का बनेगा। पानी की शुद्धता के लिए फिल्टर प्लांट उन्हेल रोड पर घट्टिया विकास खंड के गांव झिरन्या में बन रहा है। 1,462 करोड़ रुपये का ये काम जल निगम करवा रहा है।

#### इंदौर में पूरी डीपीआर पर काम

इंदौर जिला पंचायत के अनुसार गंभीर नदी के करीब 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 162 स्थानों पर जल संरक्षण व भूजल पुनर्भरण के काम प्रस्तावित हैं। सिर्फ चेक डैम व संरचनाएं बनाकर ही इसे पूरा नहीं किया जाएगा। 50 चयनित कुओं का जलस्तर दर्ज किया जा रहा है, अगले साल दोबारा मापकर देखा जाएगा कि भूजल में कितना सुधार हुआ। इसके लिए एक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई गई है। इसमें स्पष्ट है कि गंभीर का अधिकांश क्षेत्र बेसाल्ट की कठोर चट्टानों वाला है। इससे बारिश का पानी जमीन में कम समाता है। रासायनिक उर्वरकों से मिट्टी की जलधारण क्षमता भी घटी है। कई पारंपरिक तालाब खत्म हो चुके हैं, नदी के पाट और बाढ़ क्षेत्र पर अतिक्रमण है।

# जल को ठीक से जानिए



बृहदारण्यकोपनिषद् का एक बहुत सार्थक संदेश है : यस्य वायु शरीरम। यस्य जलं शरीरम। अर्थात, शास्त्र में लिखा गया है कि सब हरि के शरीर हैं, आकाश, दिशाएं, जल इत्यादि। यह भावना ही ईश्वरीय भावना है। इसी भावना से हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए। अब जल से जुड़ी आध्यात्मिकता नष्?ट हो रही है और भौतिक भावना भी नष्?ट हुई है। आध्यात्मिक भावना यह है कि जल ईश्?वर का स्वरूप है, जैसे हम शरीर को बचाते हैं कि यह हमारे आत्मा का शरीर है, वैसे ही जल को भी मानें और बचाएं। लोग ईश्वरीय भावना से जुड़कर जल को ईश्?वर का शरीर मानें, तो बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। पहले के लोग यह मानते थे।

अपने यहां जल पूजन होता था। कलश पूजन होता है, वरुण देवता का पूजन होता है। यह हमारी परंपरा है। कहा जाता है, गंगा के सप्तयोजन दूर से ही गंगे-गंगे कहें। इतनी गंगा की महिमा है। यदि हमें मालूम हो जाए कि हमारे पैरों के पास सौ रुपया का नोट है, तो हम उसे किसी को उठाने देंगे क्या? किंतु सौ रुपये की नोट की जगह यदि अखबार का टुकड़ा पड़ा रहता, पुराना और कोई उसे उठाता, तो हम ही कहते हैं कि सफाई कर रहे हैं, आप बहुत अच्छे आदमी हैं। वैसे ही जल की महत्ता का ज्ञान होगा, तो आज जो आदमी जल के लिए लापरवाह है, वह सुधरेगा। अभी तो बस खोल दिया नल और पानी बहा दिया। मैं रास्ते से गुजरता हूं, छोटी आयु से ही मेरी आदत है, यदि कोई नल खुला है, पानी बेकार बह रहा है, तो मैं रुककर नल बंद कर-के जाता हूं। जल वरुण देव हैं। वो नहीं रहेंगे, तो हमारा ही नुकसान होगा। इन भावनाओं को युद्ध स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता है। जल का अनावश्यक विनियोग नहीं होना चाहिए मैं एक घटना सुनाता हूं। श्रीमठ आश्रम में ठंडे जल की आपूर्ति के लिए बड़ा वाटर कूलर लगा हुआ है। एक दिन ऊपर छत से मैंने देखा, एक झाड़ू लगाने वाली ने उसी ठंडे जल से पहले हाथ धोया, फिर पैर पर भी खूब जल गिराया, फिर खूब सिर धोया। नल से ठंडा पानी सहज उपलब्ध हो गया है, तो दुरुपयोग हो रहा है। मैंने उसे डांटा, समझाया। यह दादागीरी है या नासमझी, बतलाइए? आज समाज में अंतिम पायदान का जो आदमी है, वह भी जल का ऐसे दुरुपयोग कर रहा है, जैसे कभी महारानियां करती थीं। आज की महारानियां तो कितना दुरुपयोग करती होंगी, भगवान ही मालिक हैं। आज जल के लिए राष्ट्र में चिंतन होना चाहिए। कहना चाहिए लोगों को, समझाना चाहिए, निवेदन करना चाहिए कि अपनी आदतों में सुधार लाइए। जल जीवन के लिए आवश्यक संसाधन है, उसे बचाइए, उसका यथा संभव संरक्षण और सवंर्द्धन कीजिए।



सम्पादकीय

## वेनेजुएला का दर्द

वेनेजुएला में आए भूकंप ने न केवल भारी तबाही मचाई है, बल्कि वैज्ञानिकों और नगर नियोजकों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। आम तौर पर एक बड़े झटके के पहले या बाद में छोटे झटके आते हैं, पर इस बार वेनेजुएला में पहला झटका 7.2 और दूसरा 7.5 तीव्रता का रहा। किसी भी स्थिति या किसी भी देश में 7 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप को बड़े खतरे की तरह देखा जाता है, क्योंकि इतनी तीव्रता इमारतों को झकझोर देती है। वेनेजुएला में बड़ी संख्या में इमारतें भरभरा कर ढह गई हैं। देश के अनेक इलाकों में मलबों का ढेर लग गया है और इससे हुए नुकसान के सटीक आकलन में काफी वक्त लग सकता है। भूकंप के तत्काल बाद जो अनुमान लगाया गया है, उसके अनुसार, कम से कम दस हजार लोगों की मौत बताई जा रही है। दुख की इस घड़ी में यही उम्मीद और प्रार्थना करनी चाहिए कि जान गंवाने वालों की संख्या कम से कम हो। यह भूकंप पिछली एक सदी में देश में दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में शामिल है।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के लिए ही नहीं, यह उस पूरे देश के लिए चुनौतियों भरा समय है। दुनिया के तमाम सक्षम देशों को वेनेजुएला की मदद करनी चाहिए। विशेष रूप से अमेरिका को वेनेजुएला के बचाव व राहत कार्यों में मुस्तैदी दिखानी चाहिए। लोग अभी भूले नहीं हैं, इसी देश में घुसकर अमेरिका ने एक अभियान चलाया था, जिसके तहत इस देश के राष्ट्रपति मादुरो को गिरफ्तार कर रातोंरात अमेरिका ले जाया गया था। राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से गुजरते इस देश में यह ताजा आपदा दुख या अवसाद का नहीं, विकास व पुनर्वास का अवसर बने। क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश से कुछ बड़े और आबादी में झारखंड से भी छोटे वेनेजुएला को इस आपदा से उबरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। हालांकि, एक अहम पहलू यह भी है कि यह देश लगभग 90 प्रतिशत तक शहरीकृत हो चुका है। इस वजह से भी यहां जान-माल के ज्यादा नुकसान की आशंका है। आमतौर पर ग्रामीण इलाके भूकंप को तुलनात्मक रूप से आसानी से झेल लेते हैं, लेकिन शहरी इलाकों में ऊंची इमारतें तबाही बढ़ा देती हैं। वेनेजुएला में बड़े पैमाने पर वाहनों को नुकसान हुआ है। राहत सामग्री और अन्य मदद के लिए वहां परिवहन को युद्ध स्तर पर दुरुस्त करना होगा। वेनेजुएला के शासन-प्रशासन में दखल देने वाले अमेरिका को खुले हाथों और मन से मदद के लिए आगे आना चाहिए।

### सनातन संस्कार और संस्कृति को आहत करती

# राम मंदिर में दान संबंधी कथित अनियमितताएँ

भारत की सनातन संस्कृति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्य, ईमानदारी, त्याग, सेवा, उत्तरदायित्व और लोककल्याण जैसे उच्च मानवीय मूल्यों पर आधारित जीवन-दर्शन है। इसी कारण सनातन परंपरा के मंदिर और आश्रम सदैव केवल आस्था के केंद्र नहीं रहे, बल्कि समाज में नैतिकता, शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक चेतना के प्रेरणास्त्रोत भी रहे हैं।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

ऐसे में यदि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर से जुड़े दान अथवा वित्तीय प्रबंधन में अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं, तो यह केवल प्रशासनिक या कानूनी विषय नहीं रह जाता, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं और सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा से भी जुड़ जाता है। वस्तुतः किसी भी धार्मिक संस्था पर वित्तीय अनियमितता का आरोप उसके अनुयायियों को स्वाभाविक रूप से व्यथित करता है।

अयोध्या का श्रीराम मंदिर सदियों के संघर्ष, असंख्य बलिदानों और करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता, मयार्दा, न्याय और आत्मसम्मान का भी प्रतीक माना जाता है। इसलिए जब मंदिर में प्राप्त दान, चढ़ावे अथवा अन्य संसाधनों के प्रबंधन में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार या गबन जैसी आशंकाएँ व्यक्त होती हैं, तो समाज में चिंता उत्पन्न होना स्वाभाविक है।

सनातन परंपरा में दान को अत्यंत पवित्र माना गया है। शास्त्रों के अनुसार श्रद्धापूर्वक दिया गया दान धर्म, पुण्य और लोककल्याण का साधन बनता है। जब कोई श्रद्धालु मंदिर में दान करता है, तो वह किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि ईश्वर को समर्पित करता है। उसकी स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि उस धन का उपयोग मंदिर के संरक्षण, व्यवस्था, धार्मिक गतिविधियों, सेवा कार्यों और समाज हित में पूर्ण ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। इसलिए यदि उसके दुरुपयोग की आशंका भी उत्पन्न होती है, तो वह केवल आर्थिक अनियमितता नहीं, बल्कि श्रद्धा पर भी आघात होती है। ऐसी घटनाओं का एक गंभीर दुष्परिणाम यह भी होता है कि समाज का एक वर्ग धार्मिक संस्थाओं की पारदर्शिता पर प्रश्न उठाने लगता है। दूसरी ओर, सनातन परंपरा के विरोधी तत्व कुछ व्यक्तियों की संभावित गलतियों को आधार बनाकर पूरे हिंदू समाज, उसकी धार्मिक संस्थाओं और सांस्कृतिक परंपरा को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल अनुचित है, बल्कि सामाजिक विश्वास को भी कमजोर करता है।

यह समझना आवश्यक है कि किसी संस्था में यदि कुछ व्यक्ति भ्रष्ट आचरण करते हैं, तो उसका दोष पूरे धर्म, संस्कृति या करोड़ों श्रद्धालुओं पर नहीं थोपा जा सकता। जिस प्रकार किसी अस्पताल में भ्रष्टाचार होने से चिकित्सा विज्ञान दोषी नहीं हो जाता, उसी प्रकार किसी मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगने से सनातन धर्म या उसकी संस्कृति दोषी नहीं हो जाती। उत्तरदायित्व केवल उन व्यक्तियों का होता है जिन्होंने अनियमितता की है। अतः निष्पक्ष जांच के आधार पर दोषियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। धार्मिक संस्थाओं में जनता का विश्वास तभी बना रहेगा जब कानून के समक्ष किसी व्यक्ति का पद, प्रतिष्ठा, प्रभाव, जाति या राजनीतिक संबंध कोई संरक्षण न बन सके। वास्तव में सनातन संस्कृति स्वयं भ्रष्टाचार, छल और बेईमानी का विरोध करती है। भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन सत्य, मयार्दा, न्याय और उत्तरदायित्व का आदर्श है। यदि कोई व्यक्ति श्रीराम के नाम पर प्राप्त दान का दुरुपयोग करता है, तो वह केवल कानून का ही नहीं, बल्कि श्रीराम के आदर्शों का भी उल्लंघन करता है। इसलिए निष्पक्ष जांच, पूर्ण पारदर्शिता और दोषियों पर कठोर कार्रवाई ही वास्तविक धार्मिक एवं नैतिक कर्तव्य है।

आज आवश्यकता इस बात की भी है कि सभी धार्मिक संस्थाएँ आधुनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली अपनाएँ। डिजिटल लेखा-जोखा, नियमित स्वतंत्र ऑडिट, सीसीटीवी निगरानी, ऑनलाइन दान प्रणाली, सार्वजनिक आय-व्यय विवरण तथा उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था जैसी व्यवस्थाएँ न केवल पारदर्शिता बढ़ाएँगी, बल्कि श्रद्धालुओं के विश्वास को भी और अधिक सुदृढ़ करेंगी। धर्म की रक्षा केवल पूजा-अर्चना से नहीं, बल्कि ईमानदार और जवाबदेह व्यवस्थाओं से भी होती है। अंततः मंदिरों की पवित्रता केवल उनके भव्य भवनों या स्थापत्य में नहीं, बल्कि उनके संचालन की नैतिकता और पारदर्शिता में निहित होती है। यदि कहीं किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच होनी चाहिए और दोष सिद्ध होने पर कठोर दंड दिया जाना चाहिए। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि कुछ व्यक्तियों के कथित कृत्यों के आधार पर संपूर्ण सनातन संस्कृति, भगवान श्रीराम की मयार्दा अथवा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को कटघरे में न खड़ा किया जाए। सत्य, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और न्याय-यही वे आधार हैं जिन पर मंदिरों की गरिमा और सनातन संस्कृति की प्रतिष्ठा सदैव अक्षुण्ण रह सकती है।

### आस्था पर आघात करती चोरी की घटनाएँ

युगों युगों से मानव जाति की आस्था का प्रमुख केंद्र रहे और जन जन के रोम रोम में बसने वाले प्रभु श्रीराम के मंदिर में चोरी की घटना की खबर ने केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर के करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई है। विश्व के लगभग सभी धर्मों के पूजा स्थलों पर समय समय पर चोरी की घटनाएं होती रही हैं। ऐसी घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह अवश्य लगते हैं, किंतु अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सामने आई चोरी की घटना ने करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को भी झकझोर दिया है। जिस मंदिर की सुरक्षा चौबीसों घंटे अत्याधुनिक तकनीक, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होती हो, वहाँ यदि करोड़ों रुपये मूल्य की दान राशि अथवा आभूषणों की चोरी की बात सामने आए, तो यह केवल आश्चर्य का विषय नहीं, बल्कि मंदिर प्रबंधन, प्रशासन और समाज तीनों के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि मंदिर की दान राशि और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले कुछ लोग ही इस कृत्य में शामिल थे, तो यह न केवल निंदनीय, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात होगा। भगवान को श्रद्धापूर्वक अर्पित दान में बेईमानी केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि धार्मिक और नैतिक विश्वास का भी घोर उल्लंघन है।

-अरविन्द रावल

## इंसान होने की सजा

वह जो कमरे के कोने में रखी मेज पर चाय की प्याली से उठती हुई भाप है न, वह असल में भाप नहीं है। वह मेरे भीतर बची हुई आखिरी गर्माहट का वेंटिलेटर है। लोग कहते हैं कि मैं बदल गया हूँ, थोड़ा बहुत खराब हो गया हूँ। पर सच मानिए, इस चमचमाती, सलीके से इस्त्री की हुई दुनिया में थोड़ा बहुत खराब तो होना भी चाहिए। अगर आप बिल्कुल ठीक हैं, तो यकीन मानिए आप किसी कारखाने में बने प्लास्टिक के पुतले हैं, जिसमें दिल की जगह बस एक खाली खोखलापन धड़कता है।

मैं एक दफ्तर में काम करता हूँ। दफ्तर क्या है, एक आलीशान कब्रगाह है जहाँ हर सुबह जिंदा लोग अपनी लाशें लेकर हाजिरी लगाने आते हैं। मेरे बॉस, तिवारी जी, एक ऐसे जीव हैं जिनकी मुस्कान देखकर लगता है जैसे किसी गिद्ध ने अभी-अभी एक ताजा शिकार देखा हो। उनकी आँखों में फाइलों के पन्ने तैरते हैं और जुबान पर सिर्फ एक ही तकियाकलाम रहता है, मैनेज करो।

मैंने भी मैनेज करना सीख लिया था। इतना मैनेज किया कि अपनी रीढ़ की हड्डी को रबर का बना दिया। जब वे डांटते, मैं मुस्कुराता। जब वे चाय मंगाते, मैं बिस्कुट का पैकेट भी अपनी जेब से खोल देता। मैं इस सड़ी हुई व्यवस्था का सबसे बेहतरीन, सबसे 'सच्चा' और सबसे 'सफल' पुर्जा बन चुका था। घर पर बूढ़ी माँ खांसती रहती, तो मैं कहता, ₹माँ, थोड़ा मैनेज करो, इस महीने टारगेट पूरा नहीं हुआ तो इंसेंटिव नहीं मिलेगा।₹ पत्नी की आँखों में जब मायूसी का कुहरा जमता, तो मैं उसे ईएमआई के नए वाशिंग मशीन का सपना चखा देता। मैं बिल्कुल ठीक था। मशीन की तरह परफेक्ट। फिर एक दिन वह हुआ, जिसने मेरी 'परफेक्ट' जिंदगी में पहला छेद किया। दफ्तर की इमारत के ठीक बाहर, उस चिलचिलाती धूप में जहाँ तारकोल पिघल रहा था, एक पिल्ला कंक्रीट के मलबे के नीचे दबा हुआ था। उसकी टांग टूट चुकी थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 जून 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:48 सूर्यास्त 19:12
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 05:26 उपरांत एकम
नक्षत्र - मूल 04:04 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - शुक्ल 14:26 ब्रह्म
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 13 तारिख

**मेष-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। लापरवाही न करें।

**वृषभ-** व्यापार में नए प्रस्तावों से लाभ मिलने के योग हैं। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। यात्रा व निवेश मनोनुकूल रहेंगे।

**मिथुन-** मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। संतान पर अनावश्यक रोक न लगाएँ। धन लाभ होने की भी संभावना है।

**कर्क-** बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दौड़धूप अधिक होगी। सामाजिक कार्यों में सीमित रहें।

**सिंह-** प्रसन्नता रहेगी। स्वाभिमान रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी।

**कन्या-** आय-व्यय में असंतुलन की स्थिति बन सकती है। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होंगी। विरोधी परास्त होंगे।

**तुला-** नई योजनाओं का सूत्रपात होगा। स्थिति अच्छी रहेगी। दूसरों से व्यर्थ में न उलझें।

**वृश्चिक-** व्यावसायिक समस्याओं का हल आपके माध्यम से हो सकेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**धनु-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों पर अतिविश्वास न करें।

**मकर-** लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। व्यापार अच्छा चलेगा।

**कुंभ-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन-** विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। सोच-समझकर व्यय करें।

# चिकनगुनिया के इलाज की दिशा में नई उम्मीद

मच्छरों से फैलने वाली वायरल बीमारियों के खिलाफ प्रभावी उपचार की तलाश के बीच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण शोध परिणाम प्रस्तुत किया है। संस्थान के शोधकर्ताओं ने गौमूत्र डिस्टिलेट में ऐसे जैव-सक्रिय यौगिकों की पहचान की है, जिन्होंने प्रयोगशाला स्तर पर चिकनगुनिया वायरस के खिलाफ उल्लेखनीय एंटीवायरल प्रभाव दिखाया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज भविष्य में नई दवाओं के विकास के लिए आधार तैयार कर सकती है, हालांकि इसे अभी सीधे उपचार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

यह अध्ययन आईआईटी रुड़की के बायोसाइंसेज एंड बायोइंजीनियरिंग विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। शोध में विभिन्न आयुर्वेदिक और बायोमेडिकल संस्थानों का भी सहयोग लिया गया। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों ने चिकनगुनिया वायरस से संक्रमित कोशिकाओं पर गौमूत्र डिस्टिलेट के प्रभाव का परीक्षण किया। प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों में पाया गया कि सीमित मात्रा में उपयोग किए जाने पर यह वायरस की सक्रियता को काफी हद तक कम करने में सक्षम रहा।

शोधकर्ताओं के अनुसार, परीक्षण के दौरान संक्रमित कोशिकाओं में गौमूत्र डिस्टिलेट मिलाने पर वायरस की



मात्रा में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। अध्ययन में यह भी पाया गया कि सांद्रता बढ़ाने पर वायरस की सक्रियता और अधिक घट गई। हालांकि यह परिणाम केवल नियंत्रित प्रयोगशाला परिस्थितियों में प्राप्त हुए हैं और इन्हें मानव उपचार से जोड़ने के लिए अभी कई चरणों के वैज्ञानिक परीक्षण शेष हैं। रिसर्च के दौरान वैज्ञानिकों ने गौमूत्र डिस्टिलेट में कई महत्वपूर्ण जैव-सक्रिय यौगिकों की पहचान की। इनमें बेंजोइक एसिड, हिप्यूरिक एसिड और ओलेइक एसिड जैसे तत्व शामिल हैं। अध्ययन में संकेत मिला कि ये यौगिक वायरस के जीवन चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रोटीन और एंजाइमों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप वायरस की प्रतिकृति बनाने और शरीर में फैलने की क्षमता कमजोर हो सकती है।

अध्ययन का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि जब गौमूत्र डिस्टिलेट को कुछ प्राकृतिक यौगिकों के साथ मिलाकर परीक्षण किया गया तो वायरस के खिलाफ और अधिक प्रभावशाली परिणाम देखने को मिले। वैज्ञानिकों का मानना है कि विभिन्न प्राकृतिक यौगिकों का संयोजन भविष्य में नई एंटीवायरल दवाओं के विकास का आधार बन सकता है।

हालांकि विशेषज्ञों ने इस शोध को लेकर सावधानी बरतने की सलाह भी दी है। उनका कहना है कि प्रयोगशाला में प्राप्त परिणाम और मानव शरीर में वास्तविक प्रभाव के बीच बड़ा अंतर हो सकता है। किसी भी संभावित दवा को उपयोग के लिए स्वीकृति मिलने से पहले प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल परीक्षणों के कई चरणों से गुजरना पड़ता है। इसलिए इस अध्ययन के आधार पर सीधे गौमूत्र का सेवन या घरेलू उपचार अपनाना उचित नहीं माना जा सकता। स्वास्थ्य प्रतिष्ठान व चिकित्सा अनुसंधान स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह शोध वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यदि आगे के परीक्षणों में भी सकारात्मक परिणाम मिलते हैं

समसामयिक

## जब इतिहास लौटा : गुमनामी से गौरव तक गोपाल पाठा

स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग आठ दशक बाद भी भारत का इतिहास अनेक अनाम नायकों की प्रतीक्षा कर रहा है। वे नायक, जिन्होंने संकट की घड़ी में समाज की रक्षा की, राष्ट्र की अस्मिता के लिए संघर्ष किया और असंख्य लोगों के जीवन की सुरक्षा हेतु स्वयं को समर्पित कर दिया, किंतु इतिहास के औपचारिक पन्नों में उन्हें वह स्थान नहीं मिला जिसके वे वास्तविक अधिकारी थे।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

आज जब देश अपनी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय आत्मबोध को पुनः प्रतिष्ठित करने के प्रयास में जुटा है, तब ऐसे गुमनाम रक्षकों को स्मरण करना केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। पश्चिम बंगाल में सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम बदलकर गोपाल मुखर्जी रोड करने का निर्णय इसी राष्ट्रीय पुनर्जागरण की एक महत्वपूर्ण कड़ी प्रतीत होता है।

16 अगस्त 1946 भारतीय इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे ₹ग्रेट कलकत्ता किलिंग₹ के नाम से जाना जाता है। मुस्लिम लीग द्वारा घोषित ₹डायरेक्ट एक्शन डे₹ ने तत्कालीन कलकत्ता को हिंसा की आग में झोंक दिया। उस समय अविभाजित बंगाल के मुख्यमंत्री हुसैन शहीद सुहरावर्दी थे। ब्रिटिश इतिहासकारों और विभाजन पर लिखने वाले अनेक शोधकताओं के अनुसार इस हिंसा में हजारों लोग मारे गए तथा हजारों घायल हुए। घर जलाए गए, महिलाओं पर अत्याचार हुए और पूरा शहर भय तथा अराजकता की गिरफ्त में आ गया। इतिहास में यह घटना भारत विभाजन की सबसे भयावह घटनाओं में से एक मानी जाती है।

**संकट की घड़ी में समाज की ढाल बने गोपाल पाठा-** ऐसे विकट समय में कोलकाता के एक साधारण मांस व्यापारी परिवार से आने वाले गोपाल मुखर्जी, जिन्हें जनसामान्य ₹गोपाल पाठा₹ के नाम से जानता है, पीड़ित समाज के लिए सुरक्षा कवच बनकर सामने आए। विभाजन की त्रासदी के बीच उन्होंने असहाय परिवारों की रक्षा, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने तथा समाज में आत्मविश्वास जागृत करने का कार्य किया। बंगाल के अनेक लोग आज भी उन्हें उस दौर में हिंदू समाज की रक्षा करने वाले साहसी व्यक्तित्व के रूप में स्मरण करते हैं। गोपाल पाठा का जीवन इस तथ्य का प्रमाण है कि इतिहास केवल राजनेताओं और शासकों से नहीं बनता; अनेक बार सामान्य नागरिक ही असाधारण साहस का परिचय देकर समाज की नियति बदल देते हैं।

**कौन थे हुसैन सुहरावर्दी?-** हुसैन शहीद सुहरावर्दी अविभाजित बंगाल के अंतिम मुख्यमंत्री थे और बाद में पाकिस्तान के पाँचवें प्रधानमंत्री भी बने। उनकी राजनीतिक भूमिका को लेकर इतिहासकारों के बीच भिन्न मत रहे हैं, किंतु 'डायरेक्ट एक्शन डे' और उसके बाद हुई व्यापक हिंसा के कारण उनका नाम सदैव विवादों में रहा है। स्वतंत्र भारत में लंबे समय तक अनेक सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और संस्थानों के नाम ऐसे व्यक्तियों के नाम पर बने रहे, जिनकी भूमिका को लेकर समाज में व्यापक विमर्श होता रहा है। आज इन्हीं नामों और प्रतीकों के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है।

**ऐतिहासिक न्याय की दिशा में एक कदम-** हाल ही में कोलकाता नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पार्क सर्कस क्षेत्र की प्रमुख सड़क 'सुहरावर्दी एवेन्यू' का नाम बदलकर 'गोपाल मुखर्जी रोड' करने का निर्णय लिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ₹ऐतिहासिक न्याय₹ की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि गोपाल मुखर्जी ऐसे निर्भीक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने विभाजनकालीन हिंसा के दौरान हजारों निर्दोष लोगों की रक्षा की थी। उनके अनुसार, अब ऐसे सच्चे रक्षकों को सम्मान देकर ऐतिहासिक न्याय बहाल किया जा रहा है।

धर्म-आस्था

# श्रद्धालुओं का विश्वास कैसे कायम रखें, पारदर्शी व्यवस्था जरूरी

अयोध्या में स्थित श्रीराम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश विदेश में बैठे हर श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। ऐसे में मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी और अनियमितताओं से जुड़े मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में बड़े खुलासों के संकेत सामने आना अत्यंत गंभीर विषय है। यह मामला केवल धन के दुरुपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि उस भरोसे से भी जुड़ा है जो श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के साथ मंदिर प्रबंधन पर व्यक्त करते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट में क्या है यह बाहर नहीं आया है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस रिपोर्ट में बहुत कुछ बड़ा है जिस पर चिंतन मनन चल रहा है। यह सभी जानते हैं कि यह श्रीराम मंदिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जुगो जुगो तक 500 वर्षों के बाद वह विजय गाथा है जो भारतीय जनता पार्टी के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगी? चढ़ावा चोरी मामले की जांच को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठाकर देखा जाना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि श्रद्धालुओं का विश्वास कैसे कायम रखा जाए। क्योंकि मंदिर की भव्यता पत्थरों से नहीं, बल्कि भक्तों की अटूट श्रद्धा और विश्वास से निर्मित होती है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार एसआईटी को चढ़ावे के संग्रह, गिनती और जमा करने की प्रक्रिया में कुछ संदिग्ध पहलुओं के प्रमाण मिले हैं। यदि जांच में यह साबित होता है कि चढ़ावे की राशि में हेराफेरी हुई है, तो यह न केवल कानूनी अपराध होगा बल्कि धार्मिक भावनाओं के साथ विश्वासघात भी माना जाएगा। राम मंदिर निर्माण और संचालन से जुड़ी संस्थाओं पर देश-विदेश के करोड़ों लोगों की निगाह रहती है, इसलिए पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा भी स्वाभाविक रूप से अधिक है।यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच पूरी होना आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आरोप और दोषसिद्धि के बीच स्पष्ट अंतर होता है। इसलिए केवल आशंकाओं या राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के आधार पर निर्णय देना उचित नहीं होगा। एसआईटी को निष्पक्ष, स्वतंत्र और तथ्यों पर आधारित जांच करनी चाहिए ताकि सत्य सामने आ सके।

इस घटना ने एक बार फिर देश के बड़े धार्मिक संस्थानों में वित्तीय प्रबंधन और लेखा-परीक्षण की व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों और चर्चों सहित सभी धार्मिक संस्थानों में प्राप्त दान और चढ़ावे का नियमित ऑडिट, डिजिटल रिकॉर्डिंग और सार्वजनिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जानी चाहिए। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाएं कम होंगी। राजनीतिक दलों को भी इस मामले को केवल राजनीतिक लाभ-हानि के चश्मे से देखने से बचना चाहिए। आस्था से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा कर सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और यदि आरोप निराधार सिद्ध हों तो संबंधित संस्थाओं की प्रतिष्ठा भी बहाल की जाए।

अयोध्या राम मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आस्था का प्रतीक है। इसलिए चढ़ावे की चोरी से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई न केवल कानून का प्रश्न है, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की रक्षा का भी दायित्व है। एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट से सच सामने आएगा, और यही अपेक्षा की जानी चाहिए कि सत्य तथा पारदर्शिता की जीत हो।

वहीं एसआईटी ने मंगलवार को अपनी 20 पन्नों की शुरूआती जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी, जिसमें 150 लोगों से पूछताछ का विवरण है। रिपोर्ट में एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दुबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। साथ ही, किसी वरिष्ठ अधिकारी को मंदिर का सीईओ नियुक्त करने का सुझाव भी दिया गया है। एसआईटी ने पिछले पांच साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने और भविष्य में अनियमितताओं को रोकने के लिए सुझाव दिए हैं, जिसमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने रिपोर्ट प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेजी है, जो अब ट्रस्ट के सदस्यों के भविष्य पर अंतिम निर्णय लेगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी-4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना-1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर-6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,45,600 रवा-1,45,500 चांदी- टंच- 2,30,500 पाट-2,30,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## 42 वर्ष की शैक्षणिक सेवा के बाद डॉ.अंसारी को भावभीनी विदाई

**शुजालपुर।** शासकीय जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद यासीन अंसारी के 42 वर्ष के शैक्षणिक सेवाकाल पूर्ण होने पर वाणिज्य विभाग द्वारा रुद्राक्ष गार्डन में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉ.अंसारी ने अपने 42 वर्षों के सेवाकाल में लगभग 25 वर्ष शुजालपुर महाविद्यालय में वाणिज्य प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रति सहज, सरल और सहयोगपूर्ण व्यवहार से अपनी अलग पहचान बनाई। छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए उनकी तत्परता और निष्पक्ष कार्यशैली को सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों ने सराहा। समारोह में वाणिज्य विभाग की ओर से डॉ. अंसारी की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरभि गुप्ता, डॉ.अकबर अली, डॉ.ओमप्रकाश परमार, योगेंद्र सिंह चौहान,नवीन छालवंत, सलोनी सक्सेना एवं अजय सांखला सहित विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, विधायक दांगी ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



**जीरापुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 से 30 जून तक संचालित होने वाले विशेष अभियान का शुभारंभ क्षेत्र में रविवार को सिविल अस्पताल जीरापुर में किया गया। इस अवसर पर खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने 0 से 5 वर्ष आयु के नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर विधायक दांगी ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो और भारत पोलियो मुक्त बना रहे। इस मौके पर डॉ. सुनील चौरसिया बीएमओ जरापुर ने विशेष रूप स 0 से 5 साल के बच्चों के माता-पीताओं से अपने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा आवश्यक रूप से पिलाने की विशेष अपील करते हुए कहा कि इसमें सभी अपना सहयोग प्रदान करें इसमें आज अस्पताल में व कल घर-घर जाकर दवा पिलाई जावेगी। इस मौके पर डॉक्टर अभिषेक शर्मा, रमेश शर्मा महामंत्री, हेमलता सिस्टर, चित्रा सिस्टर आदी स्वास्थ्य विभाग का स्टॉप उपस्थित रहा।

## सड़क बनने के 5 साल बाद भी नाली नहीं बनी, बारिश में घरों में भर रहा पानी



**आगर मालवा।** ग्राम गुन्दीकलां से ठीकरिया तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब पांच साल पहले सड़क का निर्माण किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क बनने के बाद भी दोनों ओर जल निकासी के लिए नालियां नहीं बनाई गईं, जिसके कारण हर बारिश में घरों में पानी भर जाता है। इस समस्या का खामियाजा गांव के लोगों, विशेषकर अनुसूचित जाति मोहल्ले के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश का पानी घरों में घुसने से घरेलू सामान खराब हो जाता है। जलभराव के कारण गंदगी फैलने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को शिकायत की है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इसी मार्ग से जनपद पंचायत अध्यक्ष और भाजपा मंडल अध्यक्ष का प्रतिदिन आना-जाना होता है, इसके बावजूद वर्षों से बनी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया। शनिवार को हुई बारिश के बाद रविवार को भी यह स्थिति दिखाई दी। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर जल्द नालियों का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिल सके और भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका समाप्त हो।

## आंगनबाडी केंद्र वार्ड क्र. 4 द्वितीय पर बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के अंतर्गत आंगनबाडी केंद्र वार्ड क्रमांक 4 द्वितीय पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स बोलियां से बचाव हेतु पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान बडी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर केंद्र पहुंचे जहां आंगनवाडी कार्यकर्ता सपना व्यास द्वारा सभी बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाई गई। आंगनवाडी कार्यकर्ता व्यास ने बताया कि अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर उन्हें इस गंदी बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने जानकारी दी कि जो बच्चे किसी कारणवश आज केंद्र पर नहीं पहुंच सके उन्हें उनके घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ताकि कोई बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि उनका बच्चा अभी तक पल्स पोलियों की खुराक नहीं दे पाया है तो घर-घर आने वाली स्वास्थ्य एवं आंगनबाडी टीम को सहयोग करें और अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाये।

### ताजियों के विसर्जन के साथ हुआ मोहर्रम पर्व का समापन

# अकीदत और अमन के साथ मनाया मोहर्रम पर्व, अखाड़ों ने दिखाए पारंपरिक करतब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर





हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मनाए जाने वाले 6 दिवसीय मोहर्रम पर्व का समापन नगर में शनिवार को ताजियों के विसर्जन के साथ हुआ। इस विसर्जन समारोह को समाजजनों ने परम्परागत रूप से मनाते हुए हेरतअंगेज करतब दिखाए।

सिटी में सुबह से ही पर्व समापन की तैयारी चल रही थी। दोपहर को विभिन्न स्थानों पर बनाए गए ताजिए अलग-अलग चल समारोह के रूप में सिटी में पहुंचे। जहां से सभी ताजियों का संयुक्त चल समारोह के रूप में अखाड़ों के साथ सिटी के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर पालिका के सामने समारोह के रूप में तब्दिल हो गए। यहां पर ताजियों को नागरिकों के लिए रखा गया। ताजियों के समक्ष पहुंचकर विभिन्न समुदाय के लोगों ने पूजा अर्चना करते हुए लोबान चढाई साथ ही मन्नत के धागे भी बांधे गए। सिटी बस स्टेंड पर विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने कई घंटों तक हेरतअंगेज करतब दिखाए। ताजियों के चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस पर्व के चलते प्रशासन द्वारा माकूल सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। समारोह उपरांत मोहर्रम के ताजिए करबला के लिए जमधड नदी रवाना हुए। सिटी में बस स्टेंड पर कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न अखाड़ों के उस्तादों, खलिफाओं व कलात्मक ताजिए बनाने वाले ताजिएदारों का सम्मान किया गया।

**ब्यावरा।**

नगर में मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, अकीदत और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। मुहर्रम माह की 10वीं तारीख यौमे आशूरा पर इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु और कर्बला के शहीदों की याद में नगर के विभिन्न इमामबाड़ों से ताज़ियों के जुलूस निकाले गए। जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों ने पारंपरिक युद्धक कलाओं एवं हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक मार्गों पर मौजूद रही या हुसैन की सदाओं और मातमी माहौल के बीच ताज़िए निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए अपने गंतव्य तक पहुँचे। पूरे आयोजन के दौरान भाईचारे, अनुशासन और सौहार्द का वातावरण बना रहा। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा के सदर इकबाल हुसैन ने बताया कि इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने सत्य और इंसाफ के मार्ग पर चलते हुए अपनी जान की कुबार्नी देना स्वीकार किया, लेकिन असत्य और अन्याय के सामने समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि कर्बला का पैगाम हर दौर में इंसानियत, सत्य, न्याय और उसूलों पर डटे रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन, नगरपालिका परिषद तथा विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्य सराहनीय रहे। अंजुमन की ओर से सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद अली, कल्लू भाई मंसूरी, इफ्तेखारउद्दीन भैया भाई, सैयद वकार अली, राजा भाई ठेकेदार, हाजी रईस खान,युनुस अहमद, आमीन अंसारी, अनवर हुसैन भय्यू, अन्नू गौरी, मुनव्वर बाबा, साकिब हुसैन शानू, आफताब हुसैन, राजू भाई, हलीम खान,अमजदउल्ला खान, रियाज अहमद, फारूख खान,नवाब खान,जावेद खान, रिजवान अंसारी, कालू पठान,वारिस खान शाहरुख खान, गुड्डू भाई ठेकेदार,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं अकीदतमंद उपस्थित रहे।

# एसिड पीने से 17 वर्षीय किशोरी की मौत भाभी ने भी की थी खुदकुशी की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले के भरड़ क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने एक हंसते-खेलते परिवार में मातम पसार दिया है। यहां एक ही घर में लगातार दो दिन आत्महत्या के प्रयास की गंभीर घटनाएं सामने आई हैं, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ जहां पारिवारिक कलह के चलते 17 साल की एक किशोरी ने एसिड पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, वहीं घटना से ठीक पहले इसी परिवार की एक बहू (मृतका की भाभी) ने भी पुल से छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की थी। गनीमत रही कि पुलिस की तत्परता से बहू की जान बच गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर इस पूरे पारिवारिक घटनाक्रम की गहन जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भरड़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हिरपुर बज्जा निवासी चतरुलाल बागरी की 17 वर्षीय बेटी निशा बागरी ने शुक्रवार को परिवार में हुए किसी विवाद के बाद आवेश में आकर एसिड पी लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे इंदौर ले जाने के बजाय शाजापुर के ही एक निजी अस्पताल में ले गए। दुर्भाग्यवश, शुक्रवार रात इलाज के दौरान निशा ने दम तोड़ दिया। शनिवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

> **डायल-112 की सूझबूझ से बची भाभी की जान**
>
> इस दुखद घटना के बीच शुक्रवार को ही इसी परिवार में एक और हैरान करने वाला वाकया सामने आया था। मृतका निशा की भाभी कोमल पति रवि शाजापुर बायपास स्थित गोपीपुर भरड़ पुलिया पर पहुंच गई थीं और आत्महत्या के इरादे से पुल की रेलिंग पार कर रही थीं। बताया जा रहा है कि कोमल मानसिक रूप से कुछ कमजोर हैं और बोलने में भी असमर्थ हैं। वहां से गुजर रहे प्रत्यक्षदर्शियों ने जब उन्हें यह खौफनाक कदम उठाते देखा, तो तत्काल डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 टीम मौके पर पहुंची थी और महिला की जान बचा ली। फिलहाल पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रही है।

## बढती मंहगाई ने मध्यान्ह भोजन संचा-लकों की बढाई चिंता

**सारंगपुर।** गैस सिलेंडर से लेकर दाल, खाद्य तेल और सब्जियों के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन इसके बाद भी स्कूलों में बनने वाले मध्यान्ह भोजन की राशि में किसी प्रकार की बढोत्तरी नहीं की गई है। समूह संचालकों का कहना है की शासन द्वारा जिस प्रकार का मेन्यू मध्यान्ह भोजन के लिए दिया गया है, उसके अनुसार तो काम करना किसी प्रकार से संभव नहीं है। शायद यही वजह है कि यह योजना महज दिखावा साबित हो रही है और इसे लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। वही विभागीय अधिकारियों का कहना है की शासन की मंशा अनुरूप स्कूल में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं उन्हें गुणवत्तायुक्त पोषणयुक्त भोजन देने के लिए मध्यान्ह भोजन योजना शुरू की गई थी। इस योजना में प्राथमिक स्कूल में एक बच्चे के लिए 6.78 रुपए प्रतिदिन और माध्यमिक के लिए 10.17 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भोजन खर्च दिया जाता है। जानकारी के अनुसार इसमें शासन द्वारा समूहों को प्राथमिक के हिसाब से 100 ग्राम एवं माध्यमिक के लिए 150 ग्राम खाद्यान्ना दिया जाता है। इसमें गेहूं और चावल शामिल होता है। बताया जा रहा है कि यह दरें 9 माह पहले अक्टूबर 2025 में बढाई गई हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की मन की बात

**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सारंगपुर के तत्वावधान में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण को सामूहिक रूप से सुना गया। यह कार्यक्रम शक्ति केंद्र वीरांगना रानी अवंतीबाई तरलाखेडी के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18, जयनगर स्थित बूथ क्रमांक 115 पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित कार्यकताओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं है। यह देशवासियों को प्रेरणा देने, जनभागीदारी बढाने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोडने का एक सशक्त माध्यम है।

# नाबालिग की मौत के बाद युवक ने भी तोड़ा दम कमरे में अचेत मिले थे दोनों

### जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका; पुलिस जांच जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



इटावा क्षेत्र में कमरे से अचेत मिले 16 वर्षीय नाबालिग और युवक दोनों की मौत हो गई। नाबालिग की इंदौर में इलाज के दौरान मौत हुई थी। वहीं युवक ने शनिवार देर रात शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रविवार को युवक के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर परिजन युवक तक पहुंचे। जिस कमरे में दोनों मौजूद थे, वहां बाहर से ताला लगा हुआ था। परिजन छत के रास्ते कमरे में पहुंचे तो युवक और नाबालिग अचेत अवस्था में मिले। जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका पर दोनों को शनिवार रात जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद नाबालिग की गंभीर हालत को देखते हुए उसे इंदौर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं युवक का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उसने शनिवार देर रात दम तोड़ दिया।

रविवार को युवक लोकेश का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों ने बताया कि उन्हें पूरे घटनाक्रम की कोई जानकारी नहीं थी।

> **घर से लापता हुई थी नाबालिग**
>
> जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई थी। शनिवार सुबह परिजनों ने सिविल लाइन थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। फुटेज में नाबालिग एक युवक के साथ जाती हुई दिखाई दी।

उनका कहना है कि लड़की पक्ष के लोग उनके घर जरूर आए थे, लेकिन उन्हें भी नहीं पता था कि आखिर क्या हुआ है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# दो कारों की टक्कर, आगर में पति-पत्नी की मौत

### 2 साल का बेटा और भाई घायल, दोनों गाड़ियां पिचक गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा जिले के बड़ौद थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे पति-पत्नी की मौत हो गई। दुर्घटना ग्राम बरगड़ी के पास आलोट रोड पर दो कारों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत की वजह से हुई। इस हादसे में दंपती का 2 साल का मासूम बेटा और मृतक का बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मृतकों की पहचान आगर के रहने वाले पवन (27) और उनकी पत्नी आरती (24) के रूप में हुई है। इस भीषण एक्सीडेंट में उनका 2 साल का बेटा पार्थ और पवन के बड़े भाई सचिन (35) घायल हुए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें बुरी तरह पिचक गईं।

हादसे के बाद राहगीरों और आस-पास के लोगों ने तुरंत मदद की और सभी को सरकारी अस्पताल बड़ौद पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद पवन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल आगर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



> **सब्जी मंडी में थी टेलर की दुकान जांच में जुटी पुलिस**
>
> मृतक पवन और घायल सचिन सगे भाई हैं। दोनों आगर की नवीन सब्जी मंडी में टेलरिंग (दर्जी) की दुकान चलाते हैं। हादसे की खबर मिलते ही बड़ौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की शुरूआती जांच में हादसे की वजह गाड़ियों की तेज रफ्तार और लापरवाही बताई जा रही है।

वहीं, गंभीर रूप से घायल पत्नी आरती को उज्जैन रेफर किया गया था, लेकिन उन्होंने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घायल बच्चे पार्थ और सचिन का इलाज अभी अस्पताल में चल रहा है।

## कोचिंग संचालक द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार

**देवास।** एक कोचिंग संचालक पर 17 वर्षीय छात्रा से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगा है। छात्रा ने लगातार हो रही अशोभनीय हरकतों के कारण कोचिंग जाना बंद कर



दिया था। परिजनों को आपबीती बताने के बाद पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, छात्रा करीब एक वर्ष से आरोपी विपिन शर्मा की कोचिंग में पढ़ने जाती थी। आरोप है कि इसी दौरान कोचिंग संचालक विपिन शर्मा ने उस पर गलत नीयत से टिप्पणी करना और छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। उस पर कमरे में आने का दबाव भी बनाया गया। लगातार हो रही इन हरकतों से छात्रा सहम गई और उसने बिना किसी को बताए कोचिंग जाना बंद कर दिया। बेटी के अचानक कोचिंग न जाने पर परिजनों को संदेह हुआ। पूछने पर छात्रा ने पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन तत्काल शनिवार रात को बीएनपी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी विपिन शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। इस मामले में श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे थे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विशाल रघुवंशी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने में देरी हो रही थी, जिस पर कार्यकताओं ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने ऐसे मामलों में तुरंत और सख्त कार्रवाई की मांग की।

## 76 साल की बुजुर्ग से सोने की चेन लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार




**देवास।** पुलिस ने आदर्श नगर में 76 वर्षीय बुजुर्ग से दिनदहाड़े हुई सोने की चेन लूट की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि बुजुर्ग को टिफिन देने आने वाले युवक ने ही इस पूरी साजिश को रचा था। उसने बुजुर्ग की दिनचर्या और अकेले रहने की जानकारी अपने साथियों को दी थी, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने शनिवार को एक प्रेसवार्ता में इस मामले का खुलासा किया। इस दौरान सीएसपी सुमीत अग्रवाल और कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि 24 जून को आदर्श नगर निवासी 76 वर्षीय बंशीधर बरोनिया के गले से करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की सोने की चेन लूट ली गई थी। मामले की जांच के दौरान, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जयराज कुमरे और धनराज कुमरे को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि प्रेम पंचोली नामक युवक नियमित रूप से बुजुर्ग बंशीधर बरोनिया को टिफिन देने उनके घर जाता था। घटना वाले दिन भी प्रेम टिफिन देने पहुंचा और जानबूझकर बुजुर्ग से मुख्य गेट पर ताला न लगाने को कहा। इसके बाद उसने अपने साथियों को सूचना दी कि बुजुर्ग घर में अकेले हैं और यह वारदात को अंजाम देने का सही समय है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने कब्जे से लगभग 1.50 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन बरामद कर ली है।

## आंगनबाडी केंद्रों पर पोलियो की दो बूंद पिलाई



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आंगनबाडी केंद्रों पर पोलियो की दो बूंद पिलाई जा रही है। अभियान के पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई जाती है, और इसके बाद स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक पिलाते हैं। इसी के चलते समीपस्थ गाँव खजुरिया हरि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना बैरागी ने पोलियो की दवा पिलाई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-गंगाबाई पति बाबुलाल 2-महेश टिपानिया पिता बाबुलाल टिपानिया 3-जितेन्द्र टिपानिया पिता बाबुलाल टिपानिया निवासीगण सिकन्दरी जिला उज्जैन द्वारा मूल स्वामी विरेन्द्र सिंह पिता श्री करण सिंह कृषक ग्राम चंदूखेडी तहसील व जिला उज्जैन से सौदा चिट्ठी पर क्रय अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नंबर 89/1 रकबा 0.76 हेक्टर स्थित ग्राम चंदूखेडी तहसील व जिला उज्जैन में है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया टोकन राशि भी अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित मे करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 28-06-2026 उज्जैन

**अर्जुन सिंह (सर्विस प्रोवाईडर)**
**पटेल ऑनलाईन सर्विस सरकारी अस्पताल के सामने उन्हेल जिला उज्जैन**
**समय - सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक**
**मोबाईल - 98267-83222**

## मसाला कारोबारी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** ग्वालियर के जनकगंज थाना क्षेत्र में एक मसाला कारोबारी के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 43 वर्षीय कपिल बंसल के रूप में हुई है। वे मूल रूप से डबरा के ठाकुर बाबा क्षेत्र के रहने वाले थे। पिछले करीब 14 सालों से ग्वालियर के नई सड़क स्थित त्रिवेदी नर्सिंग होम के पीछे किराए के मकान में पत्नी के साथ रह रहे थे। महाराज बाड़ा के पास चौड़ी बाजार में उनकी मसालों की दुकान थी। परिजनों के अनुसार, शनिवार रात करीब 9 बजे कपिल ने पत्नी के साथ सामान्य रूप से खाना खाया और इसके बाद अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात जब उनकी पत्नी उठी तो उन्होंने कपिल को फांसी के फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्होंने अपने भाई और पुलिस को सूचना दी। मृतक के बड़े भाई नितिन बंसल ने बताया कि कपिल ने प्रेम विवाह किया था। उनकी पत्नी फिरोजाबाद की रहने वाली हैं। जनकगंज थाना प्रभारी अतुल सोलंकी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी रिकॉर्ड से खसरा गायब कर हड़प ली जमीन

**ग्वालियर।** ग्वालियर के पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के ग्राम गंगा-मालनपुर में एक बुजुर्ग की करोड़ों रुपए की पैतृक जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि भूमाफिया ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से सांठगांठ कर 1999 से 2004 तक का सरकारी खसरा पंचशाला रिकॉर्ड गायब करवा दिया।इसके बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन अपने नाम दर्ज कराकर उसकी प्लॉटिंग कर 13 लोगों को बेच दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी 65 वर्षीय गोकुल कुमार जाटव ने पुलिस को बताया कि उनके पिता शंकरलाल जाटव ने 4 जुलाई 1973 को यह जमीन खरीदी थी। वर्ष 1984-85 में पिता की मौत के बाद करीब 6 बीघा 16 बिस्वा जमीन गोकुल कुमार और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम दर्ज हो गई थी। शिकायत के अनुसार, बलविंदर उर्फ पलविंदर, सुरेंद्र सिंह और अन्य आरोपियों ने राजस्व अमले से मिलकर वर्ष 1999 से 2004 तक का खसरा पंचशाला रिकॉर्ड गायब करवा दिया। इसके बाद सर्वे नंबर 495 की एक बीघा जमीन पर फर्जी इंद्राज कराकर अपना नाम दर्ज करा लिया। बाद में 31 मार्च 2021 को यह जमीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सुमेर सिंह कुशवाह के नाम रजिस्ट्री कर दी गई। पुलिस के अनुसार, सुमेर सिंह ने जमीन पर प्लॉटिंग कर दी और ग्वालियर, मुरैना, भिंड तथा राजस्थान के कुल 13 लोगों को प्लॉट बेच दिए। हाल ही में जब खरीदार कब्जा लेने पहुंचे, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने भूमाफिया और अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## जमीन सीमांकन से नाराज ग्रामीण टावर पर चढ़े

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील के मन्हेंटी गांव में जमीन के सीमांकन से असंतुष्ट दो ग्रामीण मोबाइल टावर पर चढ़ गए। लगभग 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़े ये ग्रामीण करीब 4 घंटे तक ऊपर बैठे रहे। खुद के टावर पर चढ़ने की जानकारी मोबाइल फोन के माध्यम से गांव में दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की काफी समझाइश के बाद संग्राम आदिवासी और फूलसिंह आदिवासी नाम के ये ग्रामीण नीचे उतरे। उन्होंने अपनी जमीन का निष्पक्ष सीमांकन कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, वे नीचे नहीं उतरेंगे और न्याय न मिलने पर टावर से कूदकर आत्महत्या भी कर सकते हैं। इस मामले में आदिवासी नेता रणवीर आदिवासी ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जमीनों पर आदिवासी परिवार वर्षों से खेती कर रहे थे, उन्हें छोड़कर ऊबड़-खाबड़ और अनुपयोगी जमीन आवंटित कर दी गई है। रणवीर आदिवासी के अनुसार, संग्राम आदिवासी को 45 बीघा में से केवल 8 बीघा और फूलसिंह आदिवासी को 5 बीघा में से केवल आधा बीघा जमीन ही मिली है, जिससे दोनों परिवारों में भारी नाराजगी है।

## खेत के रास्ते का विवाद, युवक की हत्या, 4 गिरफ्तार

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या का मामला पुलिस ने 8 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। खेत के रास्ते को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या हुई थी। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम पुरा मथाना निवासी वीरन गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके परिवार और गांव के शैतान गुर्जर के परिवार के बीच लंबे समय से खेत पर जाने के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। यह विवाद 27 जून की शाम करीब 4:30 बजे हिंसक हो गया। आरोपियों ने मिलकर वीरन के भाई बृजेश गुर्जर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना के बाद थाना बहादुरपुर में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामक्रेश गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, राजकुमार गुर्जर और लक्ष्मण उर्फ गोटीराम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# आंधी से वेयरहाउस की छत उड़ी, अनाज भीगा

दैनिक अवन्तिका » विदिशा

विदिशा जिले में शनिवार को आई तेज आंधी, तूफान और बारिश से कई जगह नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा असर विदिशा से करीब 15 किलोमीटर दूर पालकी गांव के पास स्थित एसएस वेयरहाउस पर पड़ा। तेज तूफान में वेयरहाउस का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इससे वहां रखा हजारों क्विंटल अनाज खराब होने की आशंका है।



### तेज हवा में उड़ी छत, दीवारें भी गिरी

तेज हवाओं के कारण वेयरहाउस की छत पर लगी टीन की चादरें उड़ गईं। कई हिस्सों की दीवारें भी टूटकर गिर गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा और बारिश के बीच कुछ ही देर में पूरा परिसर अस्त-व्यस्त हो गया। वहां से गुजर रहे लोग यह दृश्य देखकर घबरा गए। वेयरहाउस में सरकारी और निजी भंडारण का हजारों क्विंटल अनाज रखा हुआ था। छत उड़ने के बाद भी लगातार बारिश होने से बड़ी मात्रा में रखा अनाज भीग गया। इससे भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

### नुकसान का आकलन जारी

यह वेयरहाउस विदिशा के लोचन सिंह राजपूत का बताया जा रहा है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराने, उचित कार्रवाई करने और प्रभावितों को राहत देने की मांग की है।

### पहली बारिश में जलभराव, घरों तक घुसा पानी

**सीहोर।** 7 बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मांजरकुई में पहली ही बारिश के बाद जलभराव हो गया। ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव, बुधनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा ने शनिवार को गांव का दौरा किया। ग्रामीणों से मुलाकात की। समस्याएं सुनीं।शर्मा ने कहा कि गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। बारिश का पानी घरों में भर गया है। रास्तों में भी पानी भर गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से पंचायत, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों से समाधान मांग रहे हैं। स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की नालियां पर्याप्त नहीं हैं। बरसात का पानी बाहर नहीं निकल पाता। हर साल जलभराव हो जाता है। पहली ही बारिश में गांव की हालत ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। शर्मा ने जिला प्रशासन से तकनीकी सर्वे कराने की मांग की।

## आउटसोर्स कर्मचारियों की न्याय दिलाओ सभा में शामिल होंगे कमलनाथ

**भोपाल।** प्रदेशभर के आउटसोर्स और अस्थाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का फैसला किया है। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने 20 जुलाई को भोपाल में याय दिलाओ सभा आयोजित करने की घोषणा की है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मुख्य अतिथि होंगे। इससे पहले 14 जुलाई को सभी जिलों में मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को भोपाल के नीलम पार्क में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की, जबकि संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश के 25 से अधिक जिलों और 10 से ज्यादा कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## सैनिक स्कूलों का संचालन करेंगी विद्या भारतीय

**भोपाल ।** आरआरएस से जुड़े शिक्षा संगठन विद्या भारती ने आने वाले समय की अपनी नई प्राथमिकताएं तय कर दी हैं। संगठन अब सम्राट विक्रमादित्य सैनिक विद्यालय शुरू करने, मॉडल स्कूलों का डेवलपमेंट करने और स्कूलों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने पर काम करेगा।



इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए स्किल एजुकेशन, पर्यावरण संरक्षणऔर नशा मुक्ति जैसे अभियानों को भी बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। इन योजनाओं की घोषणा रविवार को भोपाल में आयोजित विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की वार्षिक साधारण सभा में की गई। इसी दौरान सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश और ग्राम भारती शिक्षा समिति की नई कार्यकारिणी का भी निर्विरोध चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी प्रकाश धनगर और संजय पटवा के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया आम सहमति से निर्विरोध पूरी हुई। सभा के समापन सत्र में प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने अमृतकाल-2027 की कार्ययोजना पेश की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन का फोकस सम्राट विक्रमादित्य सैनिक विद्यालय, ट्रेनिंग सेंटर, मॉडल स्कूल, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्किल एजुकेशन, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान और वंदे मातरम के 150 वें वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों पर रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इन लक्ष्यों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने और शिक्षा के साथ संस्कार व राष्ट्र निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## सात साल से शुरू नहीं हुआ 80 लाख का स्टेडियम, रायसेन में खिलाड़ी सुविधाओं को तरसे

**रायसेन।** रायसेन जिले के सिलवानी में 80 लाख रुपए की लागत से बना मिनी खेल स्टेडियम सात साल बाद भी खिलाड़ियों के लिए शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण पूरा होने के बावजूद इसे संबंधित विभाग को हैंडओवर नहीं किया गया है, जिसके कारण यह परिसर अब बदहाली का शिकार है। स्टेडियम के कमरों में मवेशी बांधे जा रहे हैं और भूसा रखा जा रहा है, जिससे सरकारी संपत्ति बर्बाद हो रही है।यह मिनी खेल स्टेडियम सिलवानी-गैरतगंज स्टेट हाईवे पर ग्राम जूनिया में स्थित है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आरईएस विभाग ने इसका निर्माण कराया था। हालांकि, निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद यह स्टेडियम वर्षों से उपयोग के लिए प्रतीक्षारत है। रखरखाव के अभाव में स्टेडियम की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिसर से बिजली फिटिंग चोरी हो चुकी है, दरवाजे और टाइल्स उखाड़ दिए गए हैं। शौचालय भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके कमरों का उपयोग मवेशी बांधने और भूसा रखने के लिए किया जा रहा है, और असामाजिक गतिविधियों की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

### खिलाड़ियों को सुविधाओं की कमी हो रही

सिलवानी क्षेत्र के खिलाडियों ने बताया कि उन्हें आज भी बेहतर खेल मैदान, प्रशिक्षक और आवश्यक सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेडियम के निर्माण से उन्हें बेहतर अभ्यास व्यवस्था मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सात साल बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।स्थानीय विधायक देवेंद्र पटेल ने इस मामले को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के साथ अन्याय हो रहा है और अधिकारियों की लापरवाही के कारण करोड़ों की सरकारी संपत्ति बर्बाद हो रही है। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे।जनपद पंचायत सीईओ नीलम रैकवार ने जानकारी दी कि स्टेडियम का निर्माण आरईएस विभाग द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर इसे जल्द ही शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।

## तोपवाली मस्जिद के पास फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** लोगों से शनिवार देर शाम भिक्षा मांग रहा युवक आधी रात को महाकाल मंदिर क्षेत्र की तोपवाली मस्जिद के पास खाली दुकान में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किये लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

महाकाल थाना एएसआई बलराम थिरोटा और प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बताया कि रात में तोपवाली मस्जिद की गली में दुकान के अंदर एक युवक का शव लटका होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक ने दुपट्टेनुमा कपडे का फंदा बनाकर फांसी लगाई थी। उसे फंदे से उतारा गया। एक हाथ पर अंग्रेजी में सतीश और हिन्दू में राधे-राधे गुदा था। उसके हाथ पर पुराने कट के निशान भी थे। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास करने पर पता चला कि देर शाम को लोगों से भिक्षा मांग रहा था, लेकिन कौन है और कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी नहीं है। घटनास्थल से शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार दोपहर तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी, पोस्टमार्टम के बाद शव दफनाया गया है। आशंका है कि मृतक बाहर का रहने वाला है। पहचान होने और परिजनों के मिलने पर ही उसके संबंध में जानकारी स्पष्ट हो पायेगी।

# कबीर परमेश्वर प्रकट दिवस पर 84 दहेज मुक्त विवाह 372 यूनिट रक्तदान एवं 5,998 देहदान संकल्प

### विधायक महेश परमार सहित आदि जनप्रतिनिधि हुए शामिल की भुरी भुरी प्रशंसा





**उज्जैन।** 28 जुन रविवार को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित 629वें कबीर परमेश्वर प्रकट दिवस महोत्सव के दूसरे दिन मध्यप्रदेश के सतलोक आश्रम किठोदा (इंदौर) एवं सतलोक आश्रम उड़दन (बैतूल) में अध्यात्म और मानव सेवा का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला।

दोनों आश्रमों में कुल 84 दहेज मुक्त विवाह मात्र 17 मिनट में संपन्न हुए, 372 यूनिट रक्तदान किया गया तथा 5,998 श्रद्धालुओं ने देहदान संकल्प पत्र भरकर समाजसेवा का अनुकरणीय संदेश दिया। सतलोक आश्रम उड़दन बेतुल में 55 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, 254 यूनिट रक्तदान एवं 5,850 देहदान संकल्प, जबकि सतलोक आश्रम किठोदा इंदौर में 29 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, 118 यूनिट रक्तदान तथा 148 देहदान संकल्प दर्ज किए गए। रक्तदान शिविर में सेवाएं देने वाली आश्रम सेवादारों को चिकित्सक टीम के द्वारा रक्त श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। महोत्सव में आयोजित आध्यात्मिक प्रदर्शनी एवं सर्वधर्म शास्त्र आधारित ज्ञान शिविर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे, जहाँ धर्मग्रंथों के आधार पर जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उज्जैन जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर तराना विधायक महेश परमार, महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, घट्टिया के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय सहित मदन दास राठौर, डॉ. घनश्याम रत्नाकर, अशोक कुमार मालवीय, धर्मेंद्र सोलंकी, जगदीश मकवाना, गोकुल दास मालवीय, मनोज मालवीय, अजय सिरोंदिया, अंबाराम चौहान, रामचंद्र चौहान, रमेश मालवीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने संत रामपाल जी महाराज द्वारा संचालित दहेज मुक्त विवाह, नशामुक्ति, रक्तदान, देहदान संकल्प एवं आध्यात्मिक जागरूकता जैसे जनहितकारी अभियानों की मुक्तकंठ से सराहना की। विधायक महेश परमार ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, फिर भी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने संत रामपाल जी महाराज से प्रार्थना की कि हरियाणा की भांति मध्यप्रदेश, विशेषकर उज्जैन क्षेत्र के किसानों के हित में भी मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में आए अतिथियों का सम्मान आश्रम सेवादार भक्त सचिन दास, भक्त गोवर्धन दास, भक्त राधेश्याम दास एवं अन्य सेवादारों द्वारा किया गया। उक्त जानकारी मीडिया सेवादार भक्त मुकेश दास देवल द्वारा प्रदान की गई।

## देवीधाम में सीढ़ियों पर दिखे तीन तेंदुए, तीन बार दिख चुका

**सीहोर।** सीहोर के प्रसिद्ध सलकनपुर देवीधाम में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी सामने आई है। शुक्रवार सुबह मंदिर की मुख्य सीढ़ियों पर एक तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ घूमता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। यह वीडियो रविवार को सामने आया। खास बात यह है कि 14 मई को इसी क्षेत्र में एक साधु की मौत हुई थी।



जांच में तेंदुए के हमले की आशंका जताई गई थी। ऐसे में ताजा वीडियो के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। एक और सीसीटीवी 14 जून का है, जिसमें तेंदुआ मंदिर की सीढियों पर जाते दिखाई दे रहा है। यानी बीते डेढ़ महीने में तीन बार तेंदुआ देखा गया है।

**सीसीटीवी में दिखा तेंदुए का परिवार-** सीसीटीवी फुटेज में एक वयस्क तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ मंदिर की सीढ़ियों पर घूमता नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि यह मादा तेंदुआ अपने दोनों शावकों के साथ थी। सलकनपुर देवीधाम में रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। तड़के सुबह और देर रात भी बड़ी संख्या में लोग इन सीढ़ियों का उपयोग करते हैं।

**14 मई को साधु की हुई थी मौत-** 14 मई को सलकनपुर टेकरी के पास सड़क मार्ग स्थित नागिन जोड़ पर एक साधु का शव मिला था। शुरुआती आशंका थी कि उन पर किसी जंगली जानवर ने हमला किया है। इसके बाद वन विभाग ने मौके पर ट्रैप कैमरे लगाए थे। अगले ही दिन रात करीब 12:30 बजे कैमरे में एक तेंदुआ कैद हुआ। इसके बाद यह माना गया कि साधु पर तेंदुए ने ही हमला किया था। जानकारी के अनुसार, साधु अपनी झोपड़ी से रोज माता के दर्शन के लिए दंडवत मंदिर जाते थे। पहले वे शाम की आरती में जाते थे, लेकिन गर्मी के कारण उन्होंने सुबह 4 से 5 बजे के बीच जाना शुरू किया था। वे लाल रंग के कपड़े पहनते थे। विशेषज्ञों का मानना है कि अंधेरे में दंडवत यात्रा करने के दौरान तेंदुए ने उन्हें किसी वन्य जीव समझकर हमला कर दिया।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं तसनीम अकबर अली काँच वाला आमजन को सुचित करना चाहती हूँ की वर्तमान में मैंने अपना नाम परिर्वतन करके तसनीम अकबर अली काँच वाला से तसनीम काँच वाला कर लिया है । और अब से मैं वर्तमान तथा भविष्य में भी मैं इसी उपरोक्त नाम तसनीम काँच वाला इसी नाम से जानी जाऊँगी ।

**पता-म.न. 306, गोलमण्डी बोहरा बाखल कमरी मार्ग उज्जैन म.प्र. पिन कोड ( 456006 )**

## जाहिर सूचना / सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण एवं आमजन को एतद्वारा विधिवत सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी (01)श्री सुरेशचंद्र सरवटे पिता नगीनचंद्र सरवटे , जाति बलाई निवासी ग्राम दाऊद खेडी उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) (02) श्री मोहनलाल सरवटे पिता नगीनचंद्र सरवटे , जाति बलाई निवासी ग्राम जहांगीपुर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)की स्वामित्वाधीन कृषि भूमि स्थित ग्राम हतई तहसील नागदा, जिला उज्जैन (म.प्र.), सर्वे क्रमांक 581 रकबा 0.67 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 593/1 रकबा 0.39 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 1.06 हेक्टेयर को क्रय करने हेतु विधिवत विक्रय सौदा तय किया गया है। उक्त सौदे के अंतर्गत निर्धारित विक्रय मूल्य में से बयाना राशि विक्रेतागण द्वारा साक्षियों की उपस्थिति में प्राप्त कर ली गई है तथा शेष विक्रय मूल्य प्राप्त होने पर विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त भूमि / संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी का किसी प्रकार का ऋणभार, बंधक, हक, दावा, स्वत्व, भागीदारी, कब्जा, कर्जा, विक्रय अनुबंध, उत्तराधिकार संबंधी दावा अथवा किसी न्यायालय / प्राधिकरण में कोई वाद, प्रकरण, स्थगन आदेश या अन्य कोई विवाद विचाराधीन हो, तो संबंधित व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त मूल एवं प्रमाणित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उसका विधिसम्मत निराकरण किया जा सके। निर्धारित समयावधि में कोई दावा / आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पूर्णतः निर्विवाद एवं समस्त प्रकार के भारों से मुक्त है तथा तत्पश्चात प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा मेरे पक्षकार के विरुद्ध मान्य एवं बाध्यकारी नहीं होगा तथा ऐसी आपत्ति शून्यवत एवं अवैध मानी जाएगी। इति दिनांक 29/06/2026

**अर्जुन राठौड़ ( पटेल ) अभिभाषक**
**कार्यालय-कोर्ट परिसर, बड़नगर**
**जिला उज्जैन मो. 7000749457**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण अजय राठौर पिता श्री कैलाश राठौर निवासी 1/6 यंत्र महल मार्ग, नीलगंगा, उज्जैन, एवं मानसिंह माहवर पिता स्व. श्री मांगीलाल माहवर निवासी 29, राजेन्द्र नगर, नीलगंगा, उज्जैन द्वारा विक्रेता श्रीमती अनिताबाई पति स्व. श्री कैलाश चौहान निवासी 359, शास्त्री नगर, गली नं.9, उज्जैन से उनके एकमात्र स्वामित्व, आधिपत्य, हक, हित एवं सुखाधिकारयुक्त भूमि, सर्वे क्रमांक 507/2/1/1, रकबा 0.215 हेक्टेयर, स्थित ग्राम चन्देसरी, तहसील एवं जिला उज्जैन, के संबंध में विधिवत विक्रय अनुबंध संपादित किया गया है एवं अनुबंधानुसार बयाना राशि विक्रेता को विधिवत अदा की जा चुकी है। मेरे पक्षकारगण उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र सम्पादन की कार्यवाही करने हेतु अग्रसर हो रहे हैं और इस संबंध में मेरे पक्षकारगणों द्वारा आवश्यक अन्य प्रक्रियात्मक कार्यवाहियां पूर्ण कर ली गई हैं एवं विक्रेता को भी पंजीकृत विक्रय पत्र के सम्पादन हेतु सूचित कर दिया गया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, कोई भी व्यक्ति या संस्था या बैंक अथवा फाईनेंस कम्पनी उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में विक्रेता श्रीमती अनिताबाई पति स्व. श्री कैलाश चौहान से अथवा उनके माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति के साथ, किसी भी प्रकार का विक्रय, विक्रय अनुबंध, बंधक, गिरवी, दान, विनिमय, पट्टा, ऋण स्वीकृति अथवा किसी भी प्रकार का अधिकार सृजित करने संबंधी कोई दस्तावेज अथवा लेन-देन संपादित न करें। ऐसे कोई दस्तावेज़ का सम्पादन किये जाने या अन्य कोई व्यक्ति से उपरोक्त भूमि का अनुबंध पाये जाने या लोन पाए जाने की समस्त ज़िम्मेदारी संबंधित व्यक्ति या संस्था या बैंक अथवा फाईनेंस कम्पनी की रहेगी। सो सूचित हो। दिनांक 29/06/2026

**आदेश शिंदे एडवोकेट**
**कार्यालय - 34, आदित्य नगर, उत्कृष्ट विद्यालय के पास, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 9265035097, 7803941577**

## न्यूज-कॉलम

### न्यायाधीशो व बाबुओं को लेकर अभिभाषकों में आक्रोश

**जावरा ।** न्यायालय के कुछ न्यायाधीशों के व्यवहार को लेकर कई अभिभाषक संतुष्ट नहीं है। वहीं न्यायालय में कई बाबू एक ही सीट पर वर्षों से पदस्थ जिनकी कार्य शैली भी विवादा पस्ट है। इससे संघ सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है । अभिभावक संघ सचिव भारत सैनी ने एक सूचना पत्र के द्वारा बताया कि संघ ने 29 जून को दोपहर 2 बजे संघ कार्यालय में साधारण सभा बुलाई है ।संध पदाधिकारीयो ने वरिष्ठ न्यायाधीश को भी न्यायाधीशों के व्यवहार को लेकर मौखिक रूप से अवगत करवाया था। लेकिन विवादित न्यायाधीशों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई ।देखना है सोमवार को संघ की बैठक में क्या निर्णय होता है?

### बास्केट बॉल कोच किशनपाल का निधन

**नीमच।** शहर में बास्केटबॉल खेल के प्रति जगाने वाले और दो दशक से बास्केटबॉल खिलाड़ियों की एक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर नई पीढ़ी तैयार करने वाले बास्केटबॉल कोच किशन पाल सिंह का दुखद निधन हो गया द्य स्थानीय 14/4 विकास नगर निवासी सिंह परिवार के सदस्य एवं वरिष्ठ बास्केट बॉल के कोच किशनपाल सिंह का 48 वर्ष की आयु में शनिवार प्रातः 8 बजे अहमदाबाद चिकित्सालय में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया द्य शहर के खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णपाल सिंह बास्केटबॉल के प्रति सदैव समर्पित रहे। हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 परिसर में बने बास्केटबॉल ग्राउंड तो विकसित करवाने में निरंतर प्रयास करते रहे आज वहां पर बास्केटबॉल के दो बड़े ग्राउंड है जहां सैकड़ो बच्चों ने प्रशिक्षण लिया और यह आज भी जारी है। खेल जगत में उनके निधन के समाचार जानकर शोक छा गया द्य रविवार को वीकली उनके अंतिम यात्रा में सम्मिलित खेल प्रेमियों और गणमान्य लोगों ने शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### कांग्रेस सेवादल का ध्वज वंदन कार्यक्रम

**मन्दसौर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के आखिरी रविवार को भारत माता चौराहा पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम् से हुई, जिसके बाद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा ध्वज वंदन किया। श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी की तरह है और यह पार्टी का मुख्य अनुशासित संगठन है। वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया ने भी सेवादल के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और इसके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने मन्दसौर में सेवादल द्वारा संचालित की जा रही गतिविधियों की सराहना की। सेवादल के जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा ने इस अवसर पर संगठन द्वारा जमीनी स्तर पर की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### जानलेवा हमले में पिता-पुत्र घायल

**मंदसौर।** शहर के वायडी नगर थाना क्षेत्र के लालघाटी रोड स्थित प्रभा नगर में शनिवार रात करीब 10.30 बजे मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शराब के नशे में गाली-गलौज करने से रोकने पर पड़ोसी ने अपने परिवार के साथ मिलकर पिता-पुत्र पर घातक हमला कर दिया। इस हमले में बेटे के सीने में चाकू लगा, जबकि बीच-बचाव करने आए पिता के सिर पर ईंटनुमा पत्थर से वार किया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल मनोज और उसके पिता सत्यनारायण को स्थानीय लोगों की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया जहाँ दोनों का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी जाबिर पिता शब्बीर मुल्तानी अक्सर शराब के नशे में घर के बाहर बैठकर महिलाओं पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। महिलाओं के परिजनों ने जब उसे ऐसा करने से मना किया, तो जाबिर, उसके बेटे और पत्नी ने मिलकर सामने वाले परिवार पर हमला कर दिया।

**खाड़े में पहली बार उतरीं बुर्का में बालिकाएं**

**रतलाम।** मोहर्रम पर्व पर शुक्रवार रातभर शहर में 70 से ज्यादा झिलमिल ताजियों का कारवां निकला। शहर सराय, नाहरपुरा, कॉलेज रोड और उंकाला रोड होते हुए दोपहर 1 बजे तक ताजिये पंचपीर बाबा दरगाह (कर्बला) पहुंचे।

# सीसीटीएनएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रतलाम पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान – पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार हुए सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पुलिस ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली एवं तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम के प्रभावी संचालन में प्रदेशभर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रतलाम पुलिस को मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) को सम्मानित किया गया।




राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा दिनांक 28 जून 2026 को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे मिंटो हॉल में इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान सीसीटी एनएस के प्रभावी क्रियान्वयन एवं वर्ष 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार को सम्मान स्वरूप शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान रतलाम पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ संधारण, ऑनलाइन सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा डिजिटल पुलिसिंग के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है।

कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक महोदय श्री कैलाश मकवाना, न्यायमूर्ति माननीय श्री संजीव कालगांवकर, श्री प्रसून गुप्ता उपनिदेशक एनसीआरबी नई दिल्ली, डॉ सैयद शरीक रिजवी फॉरेंसिक व सायबर एक्सपर्ट मुंबई, श्री पंकज श्रीवास्तव विशेष पुलिस महानिदेशक अ अ वि पुलिस मुख्यालय भोपाल, श्री सुनील जैन एन आई सी भोपाल, आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने रतलाम पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, सीसीटीएनएस शाखा एवं सभी पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे रतलाम पुलिस परिवार के सामूहिक प्रयास, अनुशासन एवं तकनीकी दक्षता का प्रतिफल है। उन्होंने भविष्य में भी नागरिकों को आधुनिक, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया। रतलाम पुलिस डिजिटल पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाने एवं आमजन को बेहतर, त्वरित एवं पारदर्शी पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## न्यूज कालम



### स्थाई विकलांगता को रोका जा सकता पोलियो की दवा पिला कर

**जावरा ।** सिविल हॉस्पिटल में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर मंडल अध्यक्ष व पार्षद रजत सोनी ने बच्चों को पोलियो की दवा पिला कर किया,। ग्रामीण क्षेत्र में भूतेड़ा ग्राम पंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष लाला बाई चंद्रवंशी, सरपंच पिंकी वसुनिया ने किया।,इस अवसर पर सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी एवं सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने बताया कि मध्य प्रदेश वर्ष 2014 से पोलियो मुक्त है। किन्तु हमारे देश के पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के केस सामने आ रहे हैं। ऐसे में जीरो से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना बेहद जरूरी है।, आज व्यापक टीकाकरण की वजह से तथा समय पर टीकाकरण करवाने से पोलियो और उससे होने वाली स्थाई विकलांगता को रोका जा सकता है । अतिथियों का स्वागत डा विजय चौहान, बीईई बसंतीलाल मईडा, बीपीएम रघुनंदन पाटीदार, दिनेश उपाध्याय, अनिल पटेल, ज्योति पांचाल, गोपाल सिंह राठौर, अजीत सिंह, बलवंत सिंह झाला, धीरज जाटव,गोपाल कुंवर, निक्की ,आदि ने किया, कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र कुमार दवे ने किया।

# पिपलियामंडी और गुड़भेली छोटी को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने किया लोकार्पण व भूमि पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने रविवार को जिले के प्रवास के दौरान कृषि, अधोसंरचना और जनसंवाद से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर क्षेत्र को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने सबसे पहले कृषि उपज मंडी पिपलियामंडी में लगभग 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 32 कैश काउंटर (सैंड्री शॉप) दुकानों का लोकार्पण किया, जिससे व्यापारियों और किसानों के बीच भुगतान की प्रक्रिया अधिक सुगम और व्यवस्थित होगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने पिपलियामंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जताते हुए बताया कि मंडी विकास के लिए भेजे गए 2.5 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को भी जल्द स्वीकृति दिलाई जाएगी। साथ ही उन्होंने आगामी दिसंबर 2026 तक गांधी सागर का पानी हर खेत तक पहुँचाने का लक्ष्य दोहराया। कार्यक्रम में मौजूद लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने देश के तेज विकास और विभिन्न जनहितैषी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया।

इसके पश्चात, उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ग्राम गुड़भेली छोटी में पहुँचकर 8 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बरुजना फंटे से छोटी गुड़भेली, हरसोल व्हाया बंडपिपल्या पहुंच मार्ग का भूमि पूजन किया। यह 6.96 किलोमीटर लंबी सड़क क्षेत्र के अनेक गाँवों के आवागमन को सुगम बनाएगी, जिससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुँचाने, विद्यार्थियों को स्कूल जाने और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में बड़ी सुविधा होगी। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को सड़क की गुणवत्ता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि क्षेत्र में बिजली तथा मुक्तिधाम पहुँच मार्ग जैसी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।



## आयकर और जीएसटी लिटिगेशन पर एक दिवसीय सेमिनार संपन्न

**मन्दसौर।** टैक्स बार एसोसिएशन, मंदसौर द्वारा कर व्यवसायियों के ज्ञानवर्धन और व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से आयकर अधिनियम, 2025 तथा जीएसटी लिटिगेशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंपनी लॉ सीएसी कमेटी के चेयरमैन व सांसद सुधीर गुप्ता थे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में देश की कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के प्रयासों की चर्चा की और राष्ट्र निर्माण में कर सलाहकारों की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ए. के. लाखोटिया ने की। इस अवसर पर नीमच के आयकर अधिकारी अशोक कुमार, सीजीएसटी अधीक्षक राजीव खानापुरकर व रौनक दुबे, और एसजीएसटी के सहायक आयुक्त राजेश भाभोर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका स्वागत स्थानीय सीए और टैक्स बार के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में इंदौर के सी.ए. राजेश मेहता ने नवीन आयकर अधिनियम, 2025 के तहत पूंजीगत लाभ, असेसमेंट, अपील और टीडीएस के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया। द्वितीय सत्र में इंदौर के जीएसटी विशेषज्ञ अमीत दवे ने नोटिस, अपील, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत और बदलते अनुपालन परिदृश्य पर व्यावहारिक उदाहरणों के साथ मार्गदर्शन दिया।इससे पूर्व, मंदसौर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.ए. अंकुश जैन ने स्वागत भाषण में नियमित अध्ययन और विभागीय अधिकारियों व विशेषज्ञों के बीच संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन उपाध्यक्ष सी.ए. आयुष जैन ने किया, अतिथि परिचय सीए मयंक जैन व सीए चेतन गुप्ता द्वारा दिया गया, और अंत में सचिव आदिश जैन ने आभार व्यक्त किया।

### डिप्टी सीएम श्री देवड़ा ने कृषि उपज मंडी में शेड का लोकार्पण किया



**पिपलिया मंडी।** मध्य प्रदेश शासन के डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा का दिनांक 28 जून रविवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी मैं शेड लोकार्पण हेतु आगमन हुआ। इससे पूर्व श्री देवड़ा वार्ड पार्षद बलराम सोलंकी के निज निवास पर पहुंचे। टिलाखेड़ा श्मशान घाट से सांवरिया मंदिर तक सड़क मार्ग हेतु 2.93 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित के नेतृत्व मे पुष्प माला पहना कर स्वागत किया व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी वार्ड वाशी उपस्थित थे प्रकाश पोरवाल ,देवेन्द्र देवड़ा, भेरूलाल सोलंकी, लोकेश उनियारा,किशोर देवड़ा, लक्ष्मीनारायण देवड़ा,मनोहर सुथार,अजय देवड़ा, देवेन्द्र सोलंकी, प्रवीण शर्मा ,अविनाश देवड़ा उपस्थित थे।

### बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर वार्ड पार्षद ने किया शुभारंभ



**पिपलिया मंडी।** पल्स पोलियो अभियान के तहत आज पिपलिया मंडी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 7 पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई गई । शुभारंभ वार्ड पार्षद श्रीमती माया भूपेन्द्र महावर ने बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर किया । श्री मति माया भूपेन्द्र महावर ने वार्ड वासियों से अपील करी कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई व अपने बच्चों को पोलियों जैसे खतरनाक बीमारी से बचाए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता गहलोत सहायिका माया खींची वार्ड वासी कान्हा शर्मा सहित बच्चे व वार्ड वासी उपस्थित रहे। इसी तरह राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में रविवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,भेरूपप्पू गुर्जर ने आंगनवाड़ी में 0 से 5 वर्ष के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई ,साथ ही सभी से अनुरोध किया कि बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाये।




## राज्य पेंशनरों का द्वितीय चरण आंदोलन प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर 30 जून को आयोजित होगा

**रतलाम।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्सर एसोसिएशन म,प्र भोपाल के आह्वान पर प्रदेश के पांच लाख पेंशनर्स की न्यायोचित मांगो को लेकर द्वितीय चरण का आन्दोलन जिला मुख्यालयों पर किया जा वेगा ! इसी क्रम में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन रतलाम द्वारा दिनांक 39 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे गुलाब उद्यान ओल्ड कलेक्टोरेट परिसर में एकत्रित हो कर, सभा आयोजित पश्चात धरना प्रदर्शन वाहन रेली निकालते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सी एम् के नाम प्रेषित करेंगे! प्रान्ताध्क्ष ओ पी बुधोलिया, उपप्रान्तध्क्ष कीर्ति कुमार शर्मा महा मंत्री सुभाष शर्मा,व पुरूषोंतम पुरोहित ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति परिपत्र में द्वितीय चरण के आन्दोलन में प्रदेश के समस्त पेंशनर्स से सक्रिय भागीदारी करते हुए आन्दोलन को पुरजोर तरीके से सफल बनाने की अपील की है! जिला पेंशनर्स संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शहर के समस्त पेंशनर्स के साथ तहसीलो के पेंशनर्स पदाधिकारी भी आन्दोलन में सम्मिलित रहेंगे बैठक को कार्यकारी अध्यक्ष एम एल भट्ट, उपाध्यक्ष जयन्त गुप्ते प्रचार प्रसार सचिव दुर्गश सुरोलिया, सहसचिव जितेन्द्र सिंह भुरीया, एस आर बैरागी कैलाश नाथ शर्मा ने सम्बोधित करते हुए पेंशनर्स को 30 जून को गुलाब उद्यान में उपस्थित होकर आन्दोलन को सफल बनाने का आव्हान किया ।

# मुख्यमंत्री नीमच में आज करेंगे 1,554 करोड़ की 38 औद्योगिक परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 29 जून को नीमच जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में 1,553.98 करोड़ के प्रस्तावित निवेश वाली 38 औद्योगिक परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में ३० नई औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन तथा 8 इकाइयों का लोकार्पण किया जाएगा। इन परियोजनाओं के माध्यम से 3201 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इनमें एमपीआईडीसी की 15 परियोजनाओं के साथ एमएसएमई विभाग की 23 औद्योगिक इकाइयां भी शामिल हैं, जो जिले के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेंगी।प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश सरकार की उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन नीतियों, रोजगार सृजन तथा विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में औद्योगिक विकास की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वे निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध उद्योग अनुकूल वातावरण, बेहतर अधोसंरचना तथा पारदर्शी एवं समयबद्ध अनुमतियों की व्यवस्था से भी अवगत कराएंगे। एमएसएमई विभाग की परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, मसाला प्रसंस्करण, एग्रो फूड्स, प्लास्टिक उत्पाद, सीमेंट उत्पाद, फेंसिंग वायर, हर्बल प्रोसेसिंग, पीपी ग्रेन्यूल्स, पोल्ट्री फीड तथा अन्य विनिर्माण इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इन परियोजनाओं से स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिलने के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विस्तार को भी नई गति मिलेगी। नीमच में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम जिले को ग्रीन एनर्जी, टेक्सटाइल, एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग, मेडिकल डिवाइस तथा आधुनिक विनिर्माण क्षेत्रों में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रदेश सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों, तथा सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## जगन्नाथ भगवान का भव्य स्नान महोत्सव आज

**मन्दसौर।** इस्कॉन मन्दसौर परिवार द्वारा 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी का वार्षिक च्स्नान यात्राज महोत्सव नई आबादी स्थित कंबल केंद्र के पास, देवी अहिल्याबाई होलकर गार्डन में शाम 5 बजे से संपन्न होगा। इस्कॉन मंदसौर के धीर कृष्ण दास प्रभु जी ने बताया कि इस वर्ष का महोत्सव अत्यंत विशेष है, क्योंकि इस्कॉन मन्दसौर परिवार द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलदेव जी, सुभद्रा महारानी और सुदर्शन चक्र के विग्रहों को विशेष रूप से जगन्नाथ पुरी से मंगाया गया है, जो इस स्नान महोत्सव का मुख्य केंद्र होंगे। इस महोत्सव की एक अन्य बड़ी विशेषता यह है कि कार्यक्रम में पधारे सभी भक्त स्वयं अपने हाथों से 16 पवित्र द्रव्यों के माध्यम से प्रभु का महा-अभिषेक कर सकेंगे। इसके साथ ही प्रभु को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और इस्कॉन परिवार ने भक्तों को प्रोत्साहित किया है कि वे चाहें तो अपने घरों से भी भगवान के लिए विशेष सात्विक भोग बनाकर ला सकते हैं।

### शिवना शुद्धिकरण अभियान के 131वें दिन भी श्रमदानी स्वच्छता कार्य में जुटे



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 131वें दिन सभी श्रमदानी पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ नदी किनारे एकत्रित हुए और स्वच्छता कार्य में जुट गए। उन्होंने नदी के भीतर जमा प्लास्टिक कचरे, पॉलीथीन, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालकर उचित स्थान पर एकत्रित किया। इसके साथ ही नदी के आसपास उगी गाजर घास और जमा कचरे को भी साफ कर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का सामूहिक प्रयास किया गया, जिसके तहत रविवार को अभियान में नदी से एक ट्राली कचरा बाहर निकाला गया। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण अभियान पिछले 14 माह से लगातार जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ रहा है। यह शुद्धिकरण अभियान निरंतर तब तक जारी रहेगा जब तक शिवना नदी पूरी तरह से साफ, स्वच्छ और सुंदर नहीं हो जाती। इस अवसर पर रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, हेमराज खाबिया, बालकृष्ण दवे, अनुज भंडारी, मुकेश गुर्जर, कैलाश कुमावत, राजकुमार जोशी, रफत पयामी, सोनाली जैन, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, विकास दशोरा, राजेश फरक्या, संजय नाहर, रमेश ब्रिजवानी आदि ने श्रमदान में भाग लिया।

### बलिदान दिवस पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**नीमच।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# कनघट्टी गांव के मुख्य धार्मिक स्थल देवी मां के मंदिर पर अव्यवस्था

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

ग्राम पंचायत कनघट्टी के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता..गांव में मुख्य धार्मिक स्थल देवी मां के मंदिर पर फैली अव्यवस्था एवं अस्वच्छता. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व श्री शिवनारायण नंदकिशोर जी शर्मा की स्मृति में पार्क और नेमप्लेट विलुप्त..धार्मिक स्थल के साथ स्वतंत्रता सेनानी का भी अपमान...जिम्मेदार मौन..?

युवा समाजसेवक एवं ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय नागरिया ने आरोप लगाए हुए कहा कि कनघट्टी में तलाई पर स्थित रोगियां देवी माता जी के मंदिर पर जहां ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व श्री शिवनारायण नंदकिशोर जी शर्मा की स्मृति में एक गार्डन पार्क ओर नेमप्लेट लगवाने हेतु रूपरेखा बनाई थी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों उनके सुपौत्र को बुलाकर माला पहनाकर




सम्मान किया गया था लेकिन आज 4 वर्ष बीत जाने बाद भी ऐसी कोई भी व्यवस्था वहां पर नहीं की गई..जिन्होने देश में आजादी की लड़ाई लड़ी क्या उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को बुलाकर ऐसा अपमान करना हमारे गांव के की संस्कृति का हिस्सा है..?

दूसरी तरफ वहीं पर एक बोर्ड ग्राम पंचायत द्वारा लगा रखा है जिसपर लिखा की तालाब में आसपास गंदगी न करे। गंदगी डालने व फैलाने पर एक हजार रुपए जुमार्ना किया जाएगा,बताने वाले को 500 रुपए ईमान। आज्ञा से ग्राम पंचायत कनघट्टी।

इस जगह पर निजी पशु खूंटे गाढ़कर बांधे जाते है और रोड़ी की जगह भी की गई है..आश्चर्य की बात ये है कि गांव के कई जागरूक नागरिकों द्वारा इसकी शिकायत कई बार पंचायत में की है पिछले 4 साल से लेकिन ना कोई समाधान हुआ न रोड़ी हटी ओर न ही पशु बांधने बंद हुए और कोई जुमार्ना नहीं लगाया गया ओर ना कोई ईमान दिया गया...एक ओर सवाल जो को लगातार पूरे ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है कि वादा किया गया था कि तलाई के आसपास साफ सफाई कराई जाएगी..तलाई की पार पर अच्छी सड़क बनाई जायेगी और आसपास लाइट की व्यवस्था की जाएगी जनता के बैठने के लिए कुर्सियों को व्यवस्था की जाएगी इसके साथ ही साथ एक सुंदर पार्क बनाने ओर वही पर के नाम से एक सेल्फी प्वाइंट बनाने के वादों में अब कोई सच्चाई नजर नहीं आ रही है।

अब ये एक मुख्य समस्या का कारण है जितने वादे किए गए सौंदर्यीकरण के वो करना तो दूर की बात..उक्त स्थान पर गंदगी, गोबर, ओर दूसरों के निजी पशु बांधे जा रहे..गांव ओर आसपास के क्षेत्र में प्रसिद्ध माताजी का मंदिर भक्तों के आस्था का केंद्र है और कई भक्त यहां नहाने के लिए आए है जिससे चर्म रोग संबंधित समस्याएं ठीक होती है।



## एकता बस मालिकों का प्रकृति प्रेम बना मिसाल, अधिकारियों ने भी दिया साथ

**खाचरौद।** एकता बस सर्विस के संचालकों द्वारा दिखाए गए प्रकृति प्रेम ने राहगीरों को भी रुकने पर मजबूर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत खाचरौद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों के निरीक्षण हेतु अधिकारी मांगीलाल सोलंकी के साथ निजी कार से जावरा मार्ग पर जा रहे थे। सड़क किनारे दो व्यक्तियों को एक नीम के पौधे को सहारा देते देखा। उक्त पौधे का सुरक्षा कवच किसी वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था। कार रोककर पता चला कि ये एकता बस सर्विस के संचालक मोहम्मद अय्याज एवं मोहम्मद सिद्दीकी हैं, जो सड़क किनारे लगे नीम के पौधे को पुनः सुरक्षित करने में जुटे थे। यह देखकर अधिकारी द्वय भी कार को वापस मोड़कर पौधे की सुरक्षा में उनके साथ शामिल हो गए। चारों ने मिलकर सुरक्षा कवच को सीधा कर पौधे को सुरक्षित किया। सेवा कार्य बाद औपचारिक चर्चा कर सभी अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। राहगीरों का कहना है कि बस संचालकों का यह कार्य प्रकृति संरक्षण के प्रति आमजन को प्रेरित करने वाला है।

## बारिश व तेज धूप में छाता लेकर डाक वितरण का कार्य कर रही महिला डाक वितरक

**महिदपुर रोड।** नगर के पोस्ट ऑफिस में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर पदस्थ दो महिला कर्मचारी तान्या मकवाना तथा ऋषिका जाधव महिला होने के बावजूद भी अपना कर्तव्य पूरी तरह निष्ठा



तथा समर्पण भाव से निभा रही है तान्या मकवाना जहां ऑफिस में बैठकर कार्यालय कार्य को संपादित करती है वहीं ऋषिका जाधव ग्रामीण डाक सेवक के रूप में अपना कर्तव्य निभाते हुए पूरे नगर में विभिन्न शहरों से आई डाक चेक बुक तथा अन्य सामग्रियां संबंधित तक पहुंच रही है शुक्रवार को होगी बारिश के बाद शनिवार को दोपहर में नगर में निकली तेज धूप ने जहां आम लोगों को परेशान कर दिया लोग छाया ढूंढते दिखाई दिये वही ऋषिका यादव ने छाते का सहारा लेकर पूरे नगर में पैदल घूम कर डाक वितरण का अपना कार्य पूरा किया। ग्राम पंचायत की सरपंच ऋतु पाटीदार ने बताया हमारे पूरे नगर के लिये गर्व की बात है कि नगर के पोस्ट ऑफिस में दो महिला डाक सेवक के रूप में बेटियां पदस्थ होकर समर्पण भाव से अपनी सेवाएं दे रही है।

## आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं और बच्चों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी




**सुसनेर।** राज्य स्तरीय सायबर सुरक्षा अभियान के तहत थाना सुसनेर पुलिस ने ग्राम पिपलिया नानकार के आंगनवाड़ी केंद्र में साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को साइबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग तथा ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी और पासवर्ड किसी से भी साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही सुरक्षित डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। थाना सुसनेर पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

## छापरा टोल प्लाजा पर गिरी आकाशीय बिजली, कुछ घंटे व्यवस्थाएं हुई प्रभावित

**सारंगपुर।** बीते दिवस मौसम के अचानक परिवर्तित होने के बाद समीपस्थ छापरा स्थित नेशनल हाइवे 52 टोल प्लाजा पर आकाशीय बिजली गिर गई। इसके बाद प्राकृतिक व्यवधान का सीधा असर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित छपरा टोल प्लाजा के संचालन पर भी देखने को मिला। घटना के संबंध में विस्तृत विवरण देते हुए छपरा टोल प्लाजा के टोल मैनेजर एसके सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर लगभग 1:45 बजे क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से तेज हवाओं के साथ भारी बारिश शुरू हो गई। इस दौरान लगातार बिजली कडकने और टोल परिसर में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं सामने आईं। श्री सिंह के अनुसार इसी दौरान आकाशीय बिजली के भारी प्रभाव और तेज आंधी के कारण छपरा टोल प्लाजा पर स्थापित महत्वपूर्ण विद्युत एवं संचार उपकरणों में अचानक तकनीकी खराबी उत्पन्ना हो गई। तकनीकी सिस्टम ठप होने की वजह से टोल संचालन की प्रक्रिया कुछ समय के लिए पूरी तरह से अस्थिर हो गई। डिजिटल और स्वचालित प्रणालियों के काम न करने के कारण टोल संग्रह की गति काफी धीमी पड गई, जिसके परिणामस्वरूप टोल प्लाजा की कुछ लेनों में वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मौसम की इस गंभीर स्थिति और तकनीकी संकट को देखते हुए टोल प्रबंधन तुरंत सक्रिय हुआ। टोल मैनेजर. सिंह ने बताया बिजली गिरने के बाद स्थिति को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा के लिए टोल प्लाजा टीम ने तत्काल आवश्यक और सुरक्षात्मक कदम उठाए। डिजिटल सिस्टम के बाधित होने पर उपलब्ध वैकल्पिक मैन्युअल और ऑफलाइन व्यवस्थाओं को तुरंत लागू किया गया।




सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर के दो युवाओं का किया सम्मान

# युवाओं का सम्मान दूसरे बच्चों को अच्छा परफॉर्मेंस देने की देता है प्रेरणा - शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

नागदा नगर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में नगर के ब्राह्मण समाज के दो युवाओं का सम्मान अतिथियों ने किया।

सर्व ब्राह्मण समाज नागदा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज की महिला नेत्री मनीषा शर्मा के अलावा विजय प्रकाश मेहता चंद्रशेखर दवे रवि किशन पारिख गुलजारीलाल त्रिवेदी तथा आनंद दीक्षित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला नेत्री मनीष शर्मा ने कहा बोर्ड स्टार की परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मान दूसरे बच्चों को अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है।

आयोजन में नगर से पत्रकार नरेश शर्मा की बेटी आकांक्षा शर्मा तथा उपाध्याय परिवार के पत्रकार गोपाल उपाध्याय के अनुज अरविंद उपाध्याय के बेटे दिव्यांश उपाध्याय का अतिथियों ने सम्मान किया साथ ही समाज की प्रतिभा के रूप में उनकी उपलब्धियां पर उन्हें बधाई दी।

आयोजन में बड़ी संख्या में प्रतिभावान स्कूली विद्यार्थी तथा उनके परिजनों सहित नगर के समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम सारस्वत पुरुषोत्तम पुरोहित तथा समाज के सभी समाज जनों का सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन समाज की महिला समाजसेवी सीमा सारस्वत ने किया।

दैनिक अवंतिका की खबर का हुआ असर

# मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित महा-विद्यालय भवन की दरारों की मरम्मत

### प्रभावित हिस्सों में कराया गया पुनः रंग-रोगन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झारड़ा

मुख्यमंत्री द्वारा 17 जून को महिदपुर प्रवास के दौरान वर्चुअल माध्यम से लोकार्पित किए गए शासकीय महाविद्यालय झारड़ा के नवीन भवन में दिखाई दी दरारों को लेकर दैनिक अवंतिका में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। समाचार प्रकाशन के उपरांत भवन के जिन हिस्सों में दरारें परिलक्षित हुई थीं, वहां मरम्मत कार्य कर उन्हें भरा गया तथा केवल उन्हीं प्रभावित स्थलों पर पुनः रंग-रोगन कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ बताते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। किंतु जिस शासकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया, उसी भवन में प्रारंभिक स्तर पर दिखाई दी दरारों ने निर्माण गुणवत्ता एवं विभागीय पर्यवेक्षण व्यवस्था पर कई गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए थे। इस संबंध में दैनिक अवंतिका द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था।



**समाचार के बाद दिखी प्रशासनिक सक्रियता**

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, समाचार प्रकाशित होने के पश्चात संबंधित विभागीय अमला तत्काल सक्रिय हुआ और भवन के उन स्थानों पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया, जहां दरारें दिखाई दी थीं। दरारों को भरने के बाद संबंधित हिस्सों में पुनः पुट्टी एवं रंग-रोगन का कार्य संपादित किया गया। हालांकि यह कार्य संपूर्ण भवन में नहीं, बल्कि केवल प्रभावित स्थलों तक ही सीमित रहा।

**जांच और जवाबदेही की मांग बरकरार**

स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि केवल दरारों की मरम्मत और रंग-रोगन कर देने से मामला समाप्त नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भवन में दरारें उत्पन्न होने के कारण क्या थे तथा निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता परीक्षण एवं विभागीय निरीक्षण किस स्तर पर किया गया था।

## हंड्रेड परसेंट नामांकन और अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी निर्माण तथा विद्यालयों के नियमित निरीक्षण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी दो दिवस में कार्ययोजना तैयार कर गत वर्ष के नामांकन लक्ष्य के अनुरूप सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकासखंड समन्वयकों को निर्देशित किया कि जिन विद्यार्थियों की अपार आईडी अभी तक तैयार नहीं हुई है, उनके लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत अपार आईडी तैयार कराई जाए। आवश्यकता पड़ने पर आधार पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि किसी भी विद्यार्थी का अपार आईडी निर्माण लंबित न रहे। कलेक्टर ने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी शालाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा शैक्षणिक गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जाए।बैठक में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भ्रमण नहीं करने वाले भ्रमणकताओं के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करें।

## राज्यमंत्री टेटवाल ने जैन मुनियों के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**सरंगपुर।** क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री ने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बडा मंदिर पहुंचकर विराजमान मुनिश्री अविचल सागर महाराज, मुनिश्री संस्कार सागर महाराज एवं मुनिश्री प्रवर सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्य मंत्री ने मुनिश्रियों के समक्ष विनयपूर्वक वंदना करते हुए प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।

## सौर ऊर्जा योजना में सरकारी भवन होंगे सोलर ऊर्जा से रोशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले में नगर खरसौदकलां का चयन हुआ है। प्रदेश के चयनित 10 जिलों में शामिल खरसौदकलां को आने वाले समय में सौर ऊर्जा आधारित विकास कार्यों का लाभ मिलेगा।

योजना के तहत शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक भवनों तथा अन्य सरकारी परिसरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इससे बिजली की बचत होने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। नगर में सौर ऊर्जा से संचालित प्रकाश व्यवस्था विकसित होने पर शासकीय विभाग रोशनी से जगमग नजर आएंगे।स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस योजना से ऊर्जा लागत में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाकर आत्मनिर्भर एवं ऊर्जा-सक्षम व्यवस्था विकसित करना है।

**डीपीआर भेजी**

ग्राम पंचायत के सचिव ईश्वर गहलोत ने बताया कि भोपाल एवं उज्जैन से पिछले दिनों एक दल खरसौदकलां पहुंचा था। जिन्होंने नगर भ्रमण कर डीपीआर तैयार करने का सुझाव दिया था। जिसे तत्काल संबंधित अधिकारी को भेज दिया गया है। दल के अधिकारी ने भास्कर संवाददाता को बताया कि प्रदेश भर के 10 जिलों में से उज्जैन जिले के मात्र खरसोदकला का चयन हुआ है शासन की योजना के तहत 5 हजार से दस की आबादी वाले कस्बे को शामिल किए गए हैं।

40 से ज्यादा आकर्षक ताजियो के साथ बैंड बाजे आकर्षण के केंद्र रहे


# 20 घंटों में ताजियों का जुलूस कर्बला पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

नगर में 26 जून की रात 9 बजे ताजियो का जुलूस घोडा पछाड़ चौराहे से प्रारम्भ हो कर पूरी रात गांधी मार्ग पर रुकने के बाद सुबह 11 बजे चौक बाजार से रवाना होकर अमर शहीद भगतसिंह चौक से दोपहर 4 बजे तक रुकने के बाद शाम 5-6 बजे क्षिप्रा नदी के किनारे कर्बला मैदान पहुंचा और अखाड़े के रूप में तिरिया गिरे फिर ताजियो को नदी में ठंडा करने का उत्सुक होकर जुलूस समाप्त हुआ।

40 से अधिक ताजिये हजारो रुपये खर्च कर मन्नतधारीयों तथा व्यक्तिगत रूप से बनाये ताजिये सामिलित थे साझियो के जुलूस में कई जगहो के आये बैंड आकर्षण का बिंदु रहे। कर्बला मैदान में जुलूस मे लाल, अखरोट आकार, उल्लू, नागा, बैंड आदि शहरो से आयी दलथ्या मे श्रद्धालु शामिल हुए।

महिदपुर में ताजियो का जुलूस 26 जून की शाम प्रारम्भ होकर दूसरे दिन 27 जून को शाम को समाप्त होने की परम्परा होल्कर राज्य के जमाने से चली आ रही है। होल्कर राज्य की राजधानी इंदौर मे ताजियो का जुलूस कार्यक्रम समाप्ति के बाद होलकर राज्य का प्रतिनिधी दूसरे दिन महिदपुर पहुच कर जुलूस मे शामिल होते थे। ताजियो के जुलूस मे सरकारी ताजियों की परम्परा भी उसी जमाने से अब तक निरन्तर चली आ रही है। पुलिस, प्रशासकीय अधिकारी, नपा व विद्युत मण्डल के अधिनस्त निरन्तर जुलूस मार्ग पर सक्रिय देखे गये।



**महिदपुर रोड**

इमाम हुसैन की शहादत की याद में शनिवार को नगर में मोहर्रम का मुख्य जुलूस परंपरागत तरीके से निकाला गया। या हुसैन की सदाओं के बीच हजारों अकीदतमंद शामिल हुए।

समाज के सदर की अगुवाई में जुलूस जवाहर मार्ग, बस स्टैंड नाग दा रोड होते हुए कर्बला पहुंचा। जगह-जगह मातमी अखाड़ों ने हैरत अंगेज करतब दिखायें । इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। तथा सभी जो अतिथि पधारे उनका सभी समाजनों ने इस्तकबाल किया। थाना प्रभारी भाभौर अपने पूरे स्टाफ के साथ पूरे समय जुलूस के साथ मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि रूट डायवर्जन के कारण आम जनता को परेशानी नहीं हुई।

**इनका किया इस्तकबाल**

जुलूस का समापन कर्बला में ताजियों के ठंडे होने के साथ हुआ। आयोजन समिति ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रशासन व सभी समाज जनों का आभार माना। जिसमें प्रमुख रूप से पप्पू पठान, अल्ताफ पठान इदरीश पठान,सद्दा म मंसूरी असलम कुरैशी, शाकिर मंसूरी समीर, मंसूरी अकबर बाबा प्रमुख रूप से सभी ने सहयोग रहा। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रताप गुर व उनके परिजनों तथा प्रताप फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों ने मोहर्रम जुलूस का स्वागत करते हुए समाज के प्रमुखों का इस्तकबाल किया



## यादे हुसैन बैंड कमेटी ने बैंड कलाकारों का किया स्वागत

**महिदपुर रोड।** मोहर्रम के अवसर पर प्रोग्राम में आये महावीर बैंड के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति पर कमेटी के सदर सद्दाम मंसूरी इस्लाम कुरैशी समीर कुरेशी आजाद पठान एवं ताजिया कमेटी के अध्यक्ष शाकिर मंसूरी ने बैंड के कलाकारों का स्वागत किया मुस्लिम समाज के मोहर्रम पर्व में नरवर के बांधा समा इसी प्रकार नगर के मुस्लिम समाज का मुहर्रम त्यौहार बडी अकीदत के साथ मनाया गया। शनिवार को नरवर के आये बैंड के गायकों ने अपने सुमधुर गानों तथा समाज के नांद से समां बांध दिया । समाज जनों ने गायक ईमरान भाई तथा अन्य कलाकारों सहित बेंड कमेटी के मेंबर असलम कुरैशी सद्दाम मंसूरी आदि का इस्तकबाल किया इस अवसर पर समाज जनों के लिये कृषि उपज मंडी परिसर में लगंर का आयोजन रखा गया कमेटी के मेंबर सलमान मेव शाबीर मुल्तानी शाहरुख मंसूरी शाहरुख पठान अजहर पठान शाहरुख नूर आदि का सहयोग रहा।

## खेत के पास खाल ( नाले ) में लाश मिलने से सनसनी

**इंगोरिया।** समीपस्थ ग्राम बलेडी में शनिवार सुबह खेत के पास खाल में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह साढ़े दस बजे गांव के आशाराम ने पुलिस को सूचना दी। सूचना देने वाले ने पुलिस को बताया कि किसी ने मुझे फोन पर बताया कि तुम्हारे खेत के पास खाल ( नाले ) के अंदर एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। मैंने खेत पर जाकर देखा तो वह गांव बलेडी का ही गोवर्धन पिता बगदीराम चमार उम्र 37 वर्ष है। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बना कर मृतक का बड़नगर पोस्ट मार्टम करवाया। गोवर्धन शराब पीने का आदि था उसकी मृत्यु किन कारणों से हुई पुलिस जांच कर रही है।

## 5 वर्ष की उम्र के बच्चों को पोलियो की दवाई पिला कर किया शुभारंभ



**तनोड़िया।** रविवार को तनोडीया में आंगनवाडी क्रमांक 4 में जीरो से लेकर 5 वर्ष की उम्र के बच्चों को पोलियो की दवाई पिला कर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला सह कोषाध्यक्ष महेश मित्तल के द्वारा किया गया इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा आशा कार्यकर्ता श्रीमती धापूबाई भिलाला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति तृप्ति शर्मा ने अपने आंगनवाड़ी केंद्र पर पोलियो की दवाई पिलाई कर 28 जून से 30 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरवात की तथा जनमानस से 5वर्ष तक के सभी बच्चों को दवाई पिलाने के लिए सहयोग की अपील की जिससे कोई भी बच्चा पोलियो दवाई पीने से छुटे नहीं।

## डाक विभाग द्वारा किफायती प्रीमियम पर उच्च दुर्घटना बीमा कवर

**राजगढ़/ब्यावरा ।** महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने एक विशेष दुर्घटना बीमा योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत बहुत ही कम प्रीमियम पर अधिक बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत 350 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 5 लाख रुपये, 550 रुपये पर 10 लाख रुपये और 749 रुपये पर 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा उपलब्ध होगा। यह बीमा एक वर्ष की अवधि के लिए होगा और प्रत्येक वर्ष इसका नवीनीकरण आवश्यक रहेगा। इस बीमा योजना में दुर्घटना से मृत्यु या स्थायी, आंशिक विकलांगता की स्थिति में बीमा कवर प्रदान किया जाएगा।इसके अलावा दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर इलाज हेतु एक लाख रुपये तक का खर्च, दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाख रुपये तक की सहायता, अस्पताल में भर्ती रहने पर अधिकतम 15 दिनों तक प्रतिदिन पांच सौ रुपये का भत्ता, मृत्यु की स्थिति में अंतिम संस्कार हेतु पांच हजार रुपये की राशि तथा डॉक्टर से पोषण और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधा भी शामिल है। बीमा का लाभ 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग के लोग उठा सकते हैं।

## अग्निवीर जीवन धौलपुरिया का प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटने पर स्वागत

**सारंगपुर।** देश सेवा का जज्बा लेकर भारतीय सेना में शामिल हुए क्षेत्र के ग्राम चौडलिया के अग्निवीर जीवन पिता नरसिंह धौलपुरिया का अपना कठिन सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्ण पूरा कर प्रथम नगर आगमन पर सारंगपुर में आत्मीय स्वागत एवं भव्य अभिनंदन किया गया। इस गौरवमयी पल के साक्षी बनने और जवान का हौसला बढाने के लिए क्षेत्रवासियों का जनसैलाब उमड पडा। अग्निवीर जीवन धौलपुरिया के सारंगपुर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं और युवाओं द्वारा गर्मजोशी से अगवानी की गई। देशभक्ति गीतों की धुनों, ढोल-धमाकों और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के बीच वीर सपूत को पुष्पमालाएं पहनाई गईं। जुलूस के दौरान जगह-जगह मंच लगाकर और फूलों की बारिश कर उनका अभिनंदन किया गया। उनके पिता नरसिंह धौलपुरिया सहित पूरे परिवार का भी नागरिकों ने शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। टेटवाल ने कहा कि जीवन धौलपुरिया का देश सेवा के प्रति यह समर्पण, कडा अनुशासन और अटूट राष्ट्रभक्ति संपूर्ण क्षेत्र और विशेषकर युवा पीढी के लिए एक महान प्रेरणास्त्रोत है।

# अडाणी केस तुरंत खारिज करने से अमेरिकी जज का इनकार

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिकी जज ने जस्टिस डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि वे भारतीय बिजनेसमैन गौतम अडाणी के खिलाफ आपराधिक मामलों को वापस लेने के अपने फैसले को सही ठहराने वाली वजह बताएं। कोर्ट ने अडाणी के वकीलों द्वारा मामले को औपचारिक रूप से खारिज करने के अनुरोध पर तुरंत फैसला सुनाने से इनकार कर दिया है।

फेडरल प्रॉसिक्यूटर्स यानी सरकारी वकीलों ने 18 मई को घोषणा की थी कि वे इस मामले में आगे मुकदमा नहीं चलाएंगे। मामले में अडाणी पर रिश्वतखोरी प्लान से जुड़े सिक्योरिटीज फ्रॉड और वायर फ्रॉड के आरोप थे। इसके बाद अडाणी के वकीलों ने बुधवार को ब्रुकलिन के अमेरिकी जिला जज निकोलस गराउफिस से मामले को औपचारिक रूप से खारिज करने का अनुरोध किया था। हालांकि, जज ने कहा कि प्रॉसिक्यूटर्स का नोटिस इस फैसले का पूरा एक्सप्लेनेशन नहीं देता है। गराउफिस ने कहा कि सरकार का संक्षिप्त, सपाट और निष्कर्ष निकालने वाला बयान अदालत को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का पर्याप्त आधार नहीं है। इसके साथ ही यह केस की बर्खास्तगी के सरकारी अनुरोध का एनालिसिस यानी जांच करने के लिए भी सही नहीं है। अडाणी पर यह मामला 2024 में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के आखिरी में दर्ज किया गया था। आरोपों को हटाने का यह फैसला रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के व्हाइट हाउस में दूसरे कार्यकाल के दौरान आया है, जहां जस्टिस डिपार्टमेंट ने एक और हाई-प्रोफाइल व्हाइट कॉलर क्रिमिनल केस को समाप्त करने की मांग की है। कानूनी एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिकी जजों के पास प्रॉसिक्यूटर्स को उन मामलों को जारी रखने के लिए मजबूर करने का बहुत कम अधिकार होता है जिन्हें वे आगे नहीं बढ़ाना चाहते। हालांकि, जब तक गराउफिस इसे खारिज नहीं करते, तब तक आरोप आधिकारिक तौर पर लंबित रहेंगे। ब्रुकलिन अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के स्पोक्सपर्सन ने इस पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया है।

# 3 रॉकेट फेलियर के बाद आखिरी पैसा दांव पर लगाया

## अब उसी कंपनी से मस्क ट्रिलियनेयर बने

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

साल 2008 में जब पूरी दुनिया मंदी की कगार पर खड़ी थी, अमेरिकी शेयर बाजार क्रैश हो चुका था और बड़ी-बड़ी बिलियन डॉलर कंपनियां मिट्टी में मिल रही थीं। तब एक इंसान जिसका नाम इलॉन मस्क था वो अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा जुआ खेल रहा था।

तीन रॉकेट लॉन्च फेल हो चुके थे। दूसरी कंपनी टेस्ला भी डूब रही थी। उसने अपना आखिरी एक-एक पैसा आखिरी रॉकेट लॉन्च पर लगा दिया। अगर ये फेल होता तो वो दिवालिया हो जाते। उनकी पूर्व पत्नी तालुलाह राइली बताती हैं, ₹मस्क खुद से बातें करने लगे थे, हाथ फैलाकर जोर-जोर से चिल्लाते थे। लगता था कि उन्हें दिल का दौरा न पड़ जाएगा।" लेकिन आज इसी रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के आईपीओ ने मस्क को दुनिया का पहला ट्रिलियनेयर बना दिया है। यानी उनकी नेटवर्थ 94 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई।

### जब मस्क ने अपनी पूरा पैसा रिस्की बिजनेस में दांव पर लगा दिया

इस कहानी की शुरुआत 1990 के दशक से होती है। उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से ड्रॉपआउट कर 'जिप 2' नाम की ऑनलाइन सिटी गाइड शुरू की, जिसे कॉम्पेक ने 37 मिलियन डॉलर में खरीदा। इसके बाद उन्होंने 'x.com' बनाया जो आगे चलकर पेपाल बना।

जब इसे eBay ने 1.5 बिलियन डॉलर में खरीदा, तो मस्क के हिस्से 180 मिलियन डॉलर आए। मस्क ने इस पूरी रकम को तीन बेहद रिस्की बिजनेस में लगा दिया। 100 मिलियन डॉलर स्पेसेक्स में, 70 मिलियन डॉलर टेस्ला में और 10 मिलियन डॉलर सोलर में।



### वो ताना जिसने मस्क को रॉकेट साइंटिस्ट बना दिया

साल 2001 में मस्क रूस गए थे। वे पुरानी रीफर्बिश्ड इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल खरीदना चाहते थे। रूसियों ने उनका मजाक उड़ाते हुए ताना मारा, ₹शायद यह इंसान एलियंस को भी पैसे ट्रांसफर करना चाहता है, mars.com पूरी गैलेक्सी में फ्री मनी ट्रांसफर! जब मस्क ने एक रॉकेट के लिए 8 मिलियन डॉलर देने की बात की, तो रूसी अधिकारी ने हंसते हुए कहा, 8 मिलियन डॉलर में मैं तुम्हें रॉकेट्स का ब्रोशर और एक वोदका की बोतल फ्री दे सकता हूं। रूसियों ने एक रॉकेट की कीमत 18 से 21 मिलियन डॉलर तक बढ़ा दी। मस्क समझ गए कि इनसे बात करना बेकार है। उन्होंने तय किया कि वे अपना रॉकेट खुद बनाएंगे। उन्होंने कैलकुलेट किया कि रॉकेट बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल जैसे टाइटेनियम, कॉपर और कार्बन फाइबर की असली कीमत रॉकेट की फाइनल प्राइस के 2% से भी कम है। यानी बाकी का 98% हिस्सा सप्लायर्स का मुनाफा था।



### तीन फेलियर के बाद मस्क को कामयाबी मिली

फ्लाइट 1 (24 मार्च, 2006): इसे ओमेलेक आइलैंड लॉन्च साइट से छोड़ा गया था। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद रॉकेट की फ्यूल लाइन में आग लग गई और यह क्रैश हो गया। फ्लाइट 2 (21 मार्च, 2007): यह दूसरी उड़ान थी। शुरुआती दौर में तो रॉकेट ने अच्छा काम किया, लेकिन बाद में यह अनियंत्रित होकर घूमने लगा और ऑर्बिट तक नहीं पहुंच पाया। फ्लाइट 3 (3 अगस्त, 2008): इस मिशन में रॉकेट का पहला हिस्सा कामयाबी से अलग तो हो गया, लेकिन थोड़ी सी गड़बड़ी हो गई। बचे हुए थ्रस्ट में थोड़ी देरी होने की वजह से पहला और दूसरा हिस्सा आपस में टकरा गए, जिससे रॉकेट तबाह हो गया।



# बदल रहा है 1.1 लाख करोड़ का बाजार

## लस्सी-छाछ से को?ल्ड ड्रिंक्स पीछे, बिक्री में हुई चौगुनी ग्रोथ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस साल की रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने देश के 1.1 लाख करोड़ रु. के सॉफ्ट ड्रिंक्स के बाजार का गणित बदल दिया है। किराना दुकानों के फ्रिज और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर कोल्ड ड्रिंक्स के साथ छाछ, लस्सी और प्रोबायोटिक ड्रिंक्स जगह बना रहे हैं। यह बदलाव खासकर युवा उपभोक्ताओं और शहरी घरों में दिख रहा है, जो कार्बोनेटेड ड्रिंक्स के बजाय हेल्थ और प्रोटीन-बेस्ड डेयरी बेवरेजेज को तरजीह दे रहे हैं। मदर डेयरी के मैनेजिंग डायरेक्ट जयतीर्थ चारी के मुताबिक, इस सीजन लस्सी और छाछ जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स ने 40% से ज्यादा की ग्रोथ दर्ज की है। क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ही डबल-डिजिट की वृद्धि देख रहे हैं।

हेरिटेज फूड्स के सीईओ श्रीदीप केसवन कहते हैं कि कंपनी के रेवेन्यू में डेयरी बेवरेजेज का योगदान तीन साल में दोगुना हो चुका है। वहीं, पराग मिल्क फूड्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षाली शाह ने बताया कि भारत की पैकेज्ड फूड और बेवरेज इंडस्ट्री 9.51 लाख करोड़ की है, जो 2030 तक 14.27 लाख करोड़ रु. की होगी। डेयरी ड्रिंक्स मार्केट 2031 तक 4.23 लाख करोड़ रु. तक पहुंचने का अनुमान है।

इसीलिए कंपनी प्रोटीन, हेल्थ, वेलनेस जैसे प्रोडक्ट पर फोकस कर रही हैं। पराग के इस बिजनेस में सालाना आधार पर 109% की ग्रोथ हुई। इसी कंज्यूमर शिफ्ट को देखते हुए हमने अवतार प्रोटीन कोल्ड कॉफी लॉन्च की। 15 ग्राम प्रोटीन का पैक सुविधा और न्यूट्रिशन को साथ लाने के लिए डिजाइन किया है।

## मार्केट-कैप में माइक्रोन ने मेटा-टेस्ला को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर और मेमोरी चिप की भारी मांग के चलते अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। माइक्रोन का मार्केट कैपिटलाइजेशन कुछ समय के लिए दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों मेटा प्लेटफॉर्म्स और टेस्ला से भी ज्यादा हो गया। मजबूत तिमाही अनुमानों (गाइडेंस) के बाद निवेशकों के बढ़े भरोसे से कंपनी के शेयर इंट्राडे में 18.4% तक उछल गए।

# Sport

# मेसी लगातार 7 वर्ल्डकप मैच में गोल करने वाले फुटबॉलर

## अर्जेंटीना ने जॉर्डन को 3-1 से हराया, रोनाल्डो के पुर्तगाल ने कोलंबिया से ड्रॉ खेला

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी लगातार 7 वर्ल्ड कप मैच में गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने हैं। वे रविवार को ग्रुप जे के मुकाबले में जॉर्डन के खिलाफ सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे और 80वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागा। मेसी को 20 साल बाद अर्जेंटीना की स्टार्टिंग-11 में जगह नहीं मिली है। इससे पहले 30 जून 2006 को होस्ट जर्मनी के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में ऐसा हुआ था।

मेसी के इस गोल की मदद से अर्जेंटीना ने डलास स्टेडियम में खेले गए मैच में जॉर्डन को 3-1 से हराया। इस जीत से अर्जेंटीना की टीम ग्रुप जे के टॉप पर रहकर नॉकआउट राउंड में पहुंची। टीम ने अपने लीग स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीते और 9 अंक हासिल किए। अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया का मैच 3-3 की बराबरी पर रहा।

यह मेसी के करियर का 72वां और अर्जेंटीना के लिए 12वां फ्री किक गोल था। वर्ल्ड कप में यह उनका दूसरा फ्री-किक गोल रहा। इसके साथ ही वे पेले, रिवेलिनो, तेओफिलो कुबिलास, बर्नार्ड जेंघिनी और डेविड बेकहम के बाद वर्ल्ड कप में दो फ्री-किक गोल करने वाले प्लेयर्स के क्लब में शामिल हो गए।



मेसी के अब इस वर्ल्ड कप में छह गोल हो चुके हैं। वे गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। किलियन एमबाप्पे, विनीसियस जूनियर और एरलिंग हालैंड से दो गोल आगे हैं।

इतना ही नहीं, मेसी ने वर्ल्ड कप करियर में 19वां गोल दागा है। उन्होंने मेंस वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड को और बेहतर किया।

मेसी के अलावा जियोवानी लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री-किक पर गोल करके अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर लाउतारो मार्टिनेज ने 31वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में हाफ टाइम से पहले बढ़त को दोगुना कर दिया। दोनों खिलाड़ियों का यह विश्व कप में पहला गोल रहा।

दूसरे हाफ की शुरूआत में मैदान पर आए मौसा अलतमारी ने 55वें मिनट में गोल कर जॉर्डन की वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन अर्जेंटीना ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही जॉर्डन की टीम तीनों मुकाबले हारकर बाहर हो गई।

### पुर्तगाल का मैच ड्रॉ, रोनाल्डो गोल नहीं कर सके

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में प्रवेश कर लिया। मियामी स्टेडियम में रविवार को पुर्तगाल ने कोलंबिया के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला। ग्रुप-के मैच में कोलंबिया ने इंजरी टाइम पर डेविनसन सांचेज ने हेडर के जरिए गोल दागा, लेकिन उनके ऑफ साइड होने पर रेफरी ने इसे अमान्य कर दिया। टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप में गोल रहित ड्रॉ खेला है। मैच के पहले ही मिनट में लुइस डियाज के डिफ्लेक्टेड शॉट पर जॉन कॉर्डोबा का हेडर गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। फिर कॉर्डोबा ने ब्रूनो फर्नांडीस को पछाड़ते हुए एक और मौका बनाया, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने शानदार बचाव किया। पुर्तगाल के गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने छह बेहतरीन सेव करते हुए टीम को गोल खाने से बचाया। दोनों टीमों ने मिलकर गोल पर 36 प्रयास किए, लेकिन कोई भी गोल में तब्दील नहीं हो सका। डियागो कोस्टा को सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# टेस्ट में छठे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड-ब्रेक

## जंगू और चेज ने 401 रन जोड़े, विंडीज की पारी 626/9 पर डिक्लेयर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के आमिर जंगू और कप्तान रोस्टन चेज ने टेस्ट क्रिकेट में छठे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड ब्रेक किया। दोनों ने मिलकर 603 गेंद पर 401 रन बनाए। इस जोड़ी ने इंग्लैंड के बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।

इस रिकॉर्ड पार्टनरशिप के दम पर वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ एंटीगुआ में चल रहे इस मुकाबले में मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने अपनी पहली पारी 626/9 के स्कोर पर डिक्लेयर की। इतना ही नहीं, तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका को दूसरी पारी में एक झटका भी दे दिया। ओपनर पाथुम निसांका 3 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल, श्रीलंका का स्कोर 15/1 है। निशान मदुष्का 2 और कसुन रजिता 4 रन पर नाबाद हैं।



जंगू और चेज ने शतक लगाए वेस्टइंडीज ने 271 के स्कोर से दिन की शुरूआत की। 78 से आगे खेल रहे आमिर जंगू ने 233 और 42 रन से आगे खेलते हुए कप्तान रोस्टन चेज 194 रन की शतकीय पारियां खेलीं। जंगू और चेज ने अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी पार किए।

चोटिल शाई होप के स्थान पर टीम में शामिल किए गए जंगू ने लगभग पूरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोहरा शतक पूरा करने के बाद मैदान और ड्रेसिंग रूम से उन्हें जोरदार तालियां मिलीं। कप्तान रोस्टन चेज ने 194 रन की धैर्यपूर्ण और शानदार पारी खेली। वह अपने पहले टेस्ट दोहरे शतक से सिर्फ छह रन दूर रह गए। उन्हें सोनल दिनूषा ने बोल्ड किया।

श्रीलंका के मिलन रथनायके ने इस रिकॉर्ड साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने जंगू को कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने पारी में 124 रन देकर पांच विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर सोनल दिनूषा ने दो विकेट तो लिए, लेकिन 234 रन भी खर्च किए।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें । 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### किराना दुकान में चोरी, एक लाख का सामान गायब, तीसरी मंजिल से घुसा

**बामनिया।** झाबुआ जिले के बामनिया नगर में मुख्य चौराहे पर स्थित एक किराना दुकान में चोरी हो गई। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात घटना में चोरों ने दुकान से एक लाख रुपए से अधिक का कीमती सामान चुरा लिया। पीड़ित किराना व्यापारी रामेश्वर गर्ग ने यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, चोर दुकान की तीसरी मंजिल के दरवाजे से अंदर घुसे। आशंका है कि उन्होंने पीछे की गली में स्थित किसी मकान का सहारा लेकर ऊपर तक पहुंच बनाई। दुकान में घुसने के बाद चोरों ने बड़ी मात्रा में केसर, बादाम, सनफ्लावर तेल की केन, सिगरेट और गुटखा पाउच जैसे महंगे सामान को बोरियों में भरकर चुरा लिया। चोरों ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से दुकान में लगा डीवीआर काट दिया और उसे ऊपर ले गए, जिसे बाद में वहीं फेंक दिया गया। दुकान के भीतर सिगरेट पीने के निशान भी मिले हैं, जिससे पता चलता है कि चोरों ने बिना किसी डर के काफी देर तक दुकान में रुककर वारदात को अंजाम दिया। यह चोरी मुख्य चौराहे पर हुई है, जहां से कुछ ही दूरी पर पुलिस का गश्ती प्वाइंट है और पूरी रात पुलिस तैनात रहती है।

### गंगाखेड़ी मोड़ पर ट्रक पलटा, पिकअप को बचाने की कोशिश में हादसा

**करवड़।** झाबुआ के करवड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में सुबह गंगाखेड़ी मोड़ पर आयशर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे हुई। रतलाम की ओर से आ रहा आयशर वाहन (क्रमांक एमएच 04 केयू 2709) तेज गति में था। गंगाखेड़ी मोड़ पर सामने से अचानक एक पिकअप वाहन आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में आयशर चालक ने नियंत्रण खो दिया। हादसे के बाद आयशर वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पलटे हुए वाहन पर 'बीआर गुड्स कैरियर' लिखा हुआ था। हालांकि, वाहन में किस तरह का सामान लदा था, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही करवड़ पुलिस चौकी की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला को 'डायन' बताकर प्रताड़ित कर रहे परिवार वाले

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर में एक महिला को 'डायन' बताकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़ित महिला अपने पति के साथ सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। यह घटना जिले के सुमनियावाट गांव की है। एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित पति ने आरोप लगाया कि उनके ही चचेरे भाई उसकी पत्नी को 'डायन' (टोनही) कहते हैं और पूरे गांव के सामने लगातार अपमानित कर रहे हैं। जबरन गाय का मांस खिलाने की बातें और मंदिर ले जाकर तांत्रिक क्रिया का प्रयास पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी उनकी पत्नी को जबरन गाय का मांस खिलाने और उसका रस पिलाने जैसी घिनौनी बातें कहकर मानसिक रूप से टॉर्चर करते हैं। हद तो तब हो गई जब कुछ दिनों पहले आरोपी महिला को जबरदस्ती एक गाड़ी में बैठाकर 'डायन' साबित करने के लिए किसी मंदिर ले गए थे।

### उडवा में सिलसिलेवार चोरियां, ग्रामीणों में आक्रोश, 10 दिन बाद भी सुराग नहीं

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा उंडवा में 13 जून की रात हुई सिलसिलेवार चोरियों का खुलासा न होने से नाराज ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग लगाने में नाकाम रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे जनआंदोलन शुरू करेंगे। पीड़ितों का कहना है कि पुलिस जांच करने के बजाय उनसे चोरी गए चांदी के गहनों के बिल मांग रही है, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासी समाज में पारंपरिक चांदी के गहने पीढ़ियों पुराने होते हैं, जिनका बिल होना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने एसपी से मांग की है कि पीड़ितों पर बिल जमा करने का यह दबाव तुरंत बंद कराया जाए। ज्ञापन में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भेदभाव का आरोप भी लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में जोबट में हुई 19 लाख रुपए की चोरी का खुलासा पुलिस ने महज 72 घंटे के भीतर कर दिया था।

### घोड़ी को पीटने वालों पर एफआईआर चार लोगों पर पशु क्रूरता का केस

**इंदौर।** इंदौर के नृसिंह बाजार चौराहे के पास घोड़ी को डंडे से पीटने और जबरन नचाने के वायरल वीडियो मामले में पंढरीनाथ पुलिस ने कार्रवाई की है। शनिवार रात पशु कल्याण संस्था की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता और लापरवाही से जीवन को खतरे में डालने की धाराओं में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पशु कल्याण संस्था के अध्यक्ष प्रियांशु जैन की शिकायत पर घोड़ी को डंडे से पीटने के मामले में शब्बीर और शूटर निवासी इकबाल कॉलोनी के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 125 के तहत केस दर्ज किया गया है। दूसरे वायरल वीडियो में घोड़ी को सड़क पर जबरन नचाने के मामले में वसीम खान निवासी मदीना नगर और रियाज निवासी बड़वाली चौकी के खिलाफ भी इन्हीं धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### इंदौर में छात्र से लोन देने के बहाने ठगी, 1.25 लाख रुपए ऐंठे

**इंदौर।** हीरानगर में एक छात्र साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बताकर लोन दिलाने का झांसा दिया और प्रोसेसिंग चार्ज सहित अलग-अलग शुल्क के नाम पर उससे लगातार रुपए ट्रांसफर कराते रहे। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक मारुति नगर निवासी अनिरुद्ध भदौरिया की शिकायत पर ऑनलाइन फ्रॉड का मामला दर्ज किया गया है। अनिरुद्ध ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। 18 जून को उसकी फेसबुक आईडी पर लोन के लिए आवेदन करने का मैसेज आया, जिसमें एक लिंक भेजी गई थी। उसने लिंक पर क्लिक कर अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया। कुछ देर बाद एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने व्हाट्सएप पर सभी दस्तावेज, बैंक अकाउंट की जानकारी और फोटो मांगे। दस्तावेज भेजने के बाद 1 लाख रुपए का लोन स्वीकृत होने का मैसेज आया।

### साइक्लोथॉन का आयोजन, सायबर अपराधों को लेकर लोगों में जागरूकता लाने का था उद्देश्य

**इंदौर।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया। मध्यप्रदेश पुलिस के सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर 70 वर्षीय वरिष्ठ नागरिकों तक ने उत्साह के साथ भाग लिया और ₹सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन₹ का संदेश दिया। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित साइक्लोथॉन का उद्देश्य नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं पुलिस उपायुक्त (अपराध) राजेश त्रिपाठी, डीसीपी जोन-3 अभिषेक रंजन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मीना चौहान, विभिन्न एसीपी, थाना प्रभारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। साइक्लोथॉन में शहर के युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन की खास बात यह रही कि छोटे बच्चों से लेकर करीब 70 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिक भी पूरे उत्साह के साथ साइकिल रैली में शामिल हुए और साइबर सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों ने जुम्बा सेशन में हिस्सा लेकर वार्म-अप किया।

भाई की हत्या का बदला लेने रची थी साजिश

# अभितेंद्र हत्याकांड में आरोपी गुलशन यादव समेत 11 गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में हुए चर्चित अभी उर्फ अभितेंद्र तोमर हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी गुलशन यादव ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए पूरी साजिश रची थी और साथियों के साथ मिलकर अभितेंद्र तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने दिल्ली, वाराणसी सहित कई राज्यों में संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी लगातार ठिकाने बदलते रहे। आखिरकार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने इंदौर बायपास क्षेत्र



से गुलशन यादव को पकड़ लिया। हालांकि, उसके सरेंडर करने की बात भी सामने आ रही है।

पूछताछ में मुख्य आरोपी गुलशन यादव ने खुलासा किया कि उसने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के उद्देश्य से इस वारदात की योजना बनाई थी। उसने अपने साथियों पीयूष, सत्यवीर, चंद्रकांत, गौरव सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर अभितेंद्र तोमर की हत्या को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, हत्या पूरी तरह पूर्व नियोजित थी और इसकी विस्तृत साजिश पहले ही तैयार कर ली गई थी।

पुलिस ने हत्या में शामिल आरोपियों के अलावा उनकी फरारी में मदद करने वालों को भी आरोपी बनाया है। इनमें चंद्रकांत की पत्नी प्रीति भी शामिल है, जिस पर आरोपियों को शरण देने और सहयोग करने का आरोप है। पुलिस अन्य सहयोगियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

#### मुख्य आरोपी पर 26 से अधिक आपराधिक मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी गुलशन यादव के खिलाफ भिंड सहित विभिन्न जिलों में हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों के 26 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि 11 आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ इस बहुचर्चित हत्याकांड की गुत्थी काफी हद तक सुलझ गई है। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है।गौरतलब है कि 21 मई को लसूड़िया थाना क्षेत्र में अभितेंद्र उर्फ अभि तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

परमिट, फिटनेस, बीमा और फायर सेफ्टी उपकरणों की हुई जांच

## यात्री बसों पर आरटीओ की कार्रवाई, 5 बसें जब्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में रविवार को यात्री वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) इंदौर और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता की संयुक्त कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन करने वाली पांच यात्री बसों को जब्त किया गया।

तीन इमली चौराहे पर चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत यात्री बसों और अन्य व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच की गई। अधिकारियों ने वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। साथ ही यह भी परखा गया कि वाहन निर्धारित फिटनेस और परमिट शर्तों का पालन कर रहे हैं या नहीं।

जांच के दौरान बसों में लगाए गए फायर सेफ्टी उपकरणों, स्पीड गवर्नर और



अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे हों और यात्रियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता न किया जा रहा हो। अभियान के दौरान परिवहन अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे बातचीत कर फीडबैक भी लिया।

#### आरटीओ और उड़नदस्ता ने की संयुक्त कार्रवाई

यह कार्रवाई आरटीओ प्रदीप शर्मा और संभागीय परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी आकाश सिटोले के नेतृत्व में की गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री बसों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेजों में संचालित वाहनों की भी आकस्मिक जांच की जाएगी। शैक्षणिक संस्थानों की बसों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिलेभर में विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## बदमाशों ने 22 मिनट तक घर में मचाया आतंक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कालीबावड़ी में देर रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व गल्ला व्यापारी नेमीचंद राठौड़ (80) के घर धावा बोलकर 22 मिनट तक आतंक मचाया। बदमाश रात 1.03 बजे चैनल गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे।

आवाज सुनकर जैसे ही नेमीचंद राठौड़ कमरे से बाहर आए, बदमाशों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए, जबकि जांघ और पिंडलियों पर चोटें आईं। गंभीर हालत में उन्हें इंदौर रेफर किया गया है।

वारदात के दौरान बदमाशों ने उनकी पत्नी पार्वतीबाई (70) के गले से मंगलसूत्र और पांचाली भी लूट ली। महिला के शोर मचाने पर पास में रहने वाले बेटा राजेश और पोता गोपाल दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज के अनुसार बदमाश 1.03 बजे घर में घुसे और 1.25 बजे तक अंदर रहे। सूचना मिलते ही मनावर एसडीओपी ब्रजेश मालवीय और धरमपुरी थाना प्रभारी संतोष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे। एसपी सचिन शर्मा ने घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। घटना के बाद ग्रामीणों ने एसपी के सामने गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग दोहराई।

## ई रिक्शा ने दुकान पर जा रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से 68 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें ई-रिक्शा चालक ओवरटेक करने के प्रयास में बुजुर्ग को टक्कर मारकर मौके से फरार होता दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी चालक और ई-रिक्शा की तलाश कर रही है।

पंढरीनाथ थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजकुमार पुत्र ईश्वर दास (68), निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। वे पंढरीनाथ क्षेत्र में चाय की होटल संचालित करते थे। घटना के समय वह चाय देकर वापस लौट रहे थे, तभी तेज गति से आए ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी।

सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि ई-रिक्शा चालक आगे चल रहे एक अन्य रिक्शा को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसने सड़क पर जा रहे राजकुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया।घटना के बाद गंभीर रूप से घायल राजकुमार को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ई-रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### ठगी के आरोपियों की तलाश में इंदौर पहुंची तेलंगाना पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

साइबर ठगी के एक मामले की जांच में तेलंगाना पुलिस की टीम रविवार सुबह इंदौर पहुंची। टीम सबसे पहले पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची, जहां से उन्हें खजराना थाना भेजा गया। बताया जा रहा है कि पुलिस साइबर फ्रॉड से जुड़े आरोपियों की तलाश में आई थी। सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में इंदौर और भोपाल से तीन लोगों को हिरासत में लिए जाने की भी चर्चा है।

पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से पलासिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि वर्तमान में वह खजराना चौराहे के पास रह रहा था। तेलंगाना पुलिस ने नियमानुसार थाने में आमद दर्ज कर कार्रवाई की। टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि मामला पलासिया थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। फिलहाल जांच जारी है।

## एक साल से ओवरब्रिज अधूरा

हादसे का खतरा, 30 गांवों के लोगों की बारिश से और बढ़ी परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अलीराजपुर

धार में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर नागदा-गुजरी मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य एक साल से अधूरा है। इसके कारण मुख्य मार्ग बंद है और आवागमन के लिए सुनारखेड़ी फाटे से शुरू किया गया वैकल्पिक मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। निर्माण शुरू होने के कुछ ही समय बाद सड़क खराब होने लगी थी, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं की गई है।

इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 20 से 30 गांवों के हजारों लोग गुजरते हैं। इनमें स्कूली बच्चे, किसान, व्यापारी, मजदूर और नौकरीपेशा लोग शामिल हैं। वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव और बारिश के कारण सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है।



#### सड़क पर जगह-जगह गड्ढे

जगह-जगह बड़े गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग हर दिन दुर्घटना के डर के बीच यात्रा करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क की बदहाली को लेकर कई बार जनसुनवाई में शिकायतें की गईं और संबंधित विभाग को भी आवेदन दिए गए। हालांकि, इन शिकायतों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय निवासी अजय ने बताया कि वह प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए इसी मार्ग से गुजरते हैं। सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि ओवरब्रिज निर्माण शुरू होने के बाद से अब तक इस मार्ग पर 30 से अधिक छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं।

आवश्यकता
आवश्यकता आवश्यकता आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रानिक्स एंड फर्नीचर हाउस
उज्जैन, में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रो फाइनेंस (No Cost EMI) मे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
फील्ड स्टाफ :- लडके / लडकी
पद - 6 योग्यता कम से कम 10वीं पास
सैलरी : 13000 + इंसेंटिव + पेट्रोल खर्च + मोबाईल खर्च
नोट : केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित है।
स्थान
अवंतिका डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड होलसेलर्स
दो तालाब के पास, रिलायंस मार्ट के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
इंटरव्यू दिनांक - 28/06/2026
दिन - रविवार
समय - 1 से 3 बजे तक
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
मो.नं. :- 6265895202,8224800652,9753977098

अतिशीघ्र आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com